रांची का तापमान
कांके | रांची
अधि. 29.2° | अधि. 30.1°
न्यून. 22.0° | न्यून. 22.4°
रांची, शनिवार
30 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-208, पृष्ठ-12

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
पेज 12



## स्व. रामदास सोरेन के 'संस्कार भोज' में विधायक कल्पना सोरेन संग सीएम हेमंत हुए शामिल

# शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर जताई गहरी संवेदना







**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे स्व. रामदास सोरेन के 'संस्कार भोज' में सम्मिलित होने के लिए जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित उनके आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने दिवंगत रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन एवं उनके पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन तथा अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा उन्हें ढांढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री

### सीएम ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि | भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

हेमंत सोरेन ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा, आज हम सभी लोग मंत्री स्व. रामदास सोरेन जी के आवास पर पहुंचे हैं। गुरुजी के निधन के महज कुछ दिनों के बाद ही रामदास सोरेन का भी आकस्मिक निधन हुआ। इन दोनों विभूतियों का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामदास सोरेन का राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन राज्य के लिए एक मिसाल रहा है। वे शिक्षा और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। उनकी कार्यशैली और सादगी ने उन्हें जनता के बीच विशेष स्थान दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी अनुपस्थिति लंबे समय तक महसूस की जाएगी। सरकार और पार्टी स्व. रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से स्व. रामदास सोरेन के चाहने वाले एवं उनके सगे-संबंधी यहां पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। हमारी ओर से भी स्व. रामदास सोरेन जी को शत शत नमन। विनम्र श्रद्धांजलि। 'संस्कार भोज' में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्य सरकार के कई मंत्री, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो और कई प्रमुख लोग शामिल हुए। इनके आलावा, हजारों की संख्या में लोगों ने दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि रामदास सोरेन का निधन ब्रेन स्ट्रोक की वजह से 15 अगस्त की रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया था।

## गुरुग्राम के मेदांता ले जाए गए मंत्री हफीजुल हसन



फाइल फोटो

**रांची।** राज्य के जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को रांची के एचईसी पारस हॉस्पिटल से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। उन्हें एयर एंबुलेंस में दिल्ली ले जाया गया है। मंत्री हफीजुल के साथ उनके भाई और बेटा मौजूद थे। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन 28 अगस्त 2025 को मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ गई थी। उसके बाद उन्हें तत्काल धुर्वा स्थित एचईसी पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। ज्ञात हो कि मेदांता में ही जुलाई महीने में हफीजुल हसन की ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## खेल दिवस पर रांची में खेल महोत्सव का आगाज, मंत्री सुदिव्य ने कहा

# खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति योजना पर हो रहा पुनर्विचार




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में राज्य सरकार और खेल विभाग की ओर से तीन दिवसीय मेगा खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मौके पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, विभागीय सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूर्व व वर्तमान खिलाड़ी मौजूद थे। महोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को राज्यभर के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। मंच पर कुछ खिलाड़ियों और कोचों को प्रतीकात्मक रूप से सम्मानित किया गया। खेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 300 से अधिक खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को कैश अवार्ड वितरित किए गए।

**300** से अधिक खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित

**जल्द ही इस योजना में बदलाव कर इसे और भी प्रभावी बनाया जाएगा**

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है खेल दिवस

राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिन मेजर ध्यानचंद की उपलब्धि को समर्पित है। हॉकी के गढ़ झारखंड में इस दिन का महत्व और भी ज्यादा हो जाता है। रांची का जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम ऐसा स्थान है, जहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा की उड़ान भरी है।

इसके लिए विभाग ने 3 करोड़ रुपए से अधिक का बजट निर्धारित किया था।

कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कदम उठा रही है। खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति योजना पर पुनर्विचार किया जा रहा है और जल्द ही इसमें बदलाव कर इसे और प्रभावी बनाया जाएगा।

खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, राज्यभर के खिलाड़ियों को एक समान मापदंड के तहत सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। सरकार की कोशिश है कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को न केवल पुरस्कार मिले, बल्कि उन्हें करियर निर्माण के अवसर भी प्राप्त हों। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, ओलंपिक तक का सफर तय करेंगे। मेगा खेल महोत्सव के पहले दिन स्टेडियम का माहौल पूरी तरह उत्सवमय था। खेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन सिर्फ सम्मान समारोह तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य राज्य की खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देना है। अगले दो दिनों तक खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाएं, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक

शेष पेज 11 पर

## दुमका की मयूराक्षी नदी में डूबे चार छात्र



**दुमका।** दुमका के जामा थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव स्थित मयूराक्षी नदी में नहाने गए चार दोस्त डूब गए। इनमें से एक दोस्त का शव शुक्रवार की सुबह बरामद कर लिया गया। वहीं, तीन अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने मौके से चार मोबाइल फोन और छात्रों के कपड़े बरामद किए हैं। मृतक की पहचान शहर के बक्शी बांध इलाके के रहने वाले 17 वर्षीय कृष्ण सिंह के रूप में हुई है। वह स्थानीय जिला स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। लापता छात्रों की पहचान आर्यन कुमार, कृष और आर्यन के रूप में हुई है। ये तीनों एएन कॉलेज के छात्र थे। पुलिस के अनुसार, चारों छात्र गुरुवार की शाम घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। शेष पेज 11 पर

## कांके में सड़क हादसा, स्कूटी पर सवार मां-बेटी की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**





**पिठौरिया।** कांके-पतरातू मुख्य मार्ग पर तिग्गा पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की सुबह करीब 7:15 बजे सीमेंट मिक्सर लदे ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। इससे चूड़ी टोला कांके निवासी रश्मि कच्छप (उम्र 36) और उनकी बेटी (उम्र 3.5) की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी संत मेरी स्कूल में पढ़ती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सुबह स्कूल बस छूटने पर मां अपनी बेटी को लेकर स्कूल जा रही थी, तभी सीमेंट मिक्सर लदे ट्रक (जेएच 02 बीएच 5243) ने स्कूटी (जेएच 01 एफयू 6053) पर सवार मां-बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के अनुसार रश्मि कच्छप अपनी बेटी इशिका लकड़ा को लेकर स्कूटी से रांची की ओर जा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। मृतका रश्मि के पति सोहिल लकड़ा बीएसएफ के जवान हैं। वे ट्रेनिंग के लिए साउथ अफ्रीका में हैं। रश्मि रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकेट्री एंड एलायड साइंसेज (रिनपास) की नर्स बताई जाती हैं।

इधर, घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सुबह लगभग 8:00 बजे सड़क जाम कर दिया। परिवार के एक सदस्य को रिनपास में नौकरी, सरकारी मुआवजा आदि मिलने के कांके विधायक सुरेश बैठा, रिनपास निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह, सीओ अमित भगत व थाना प्रभारी प्रकाश रजक के लिखित आश्वासन के बाद दिन में 10:30 बजे जाम हटा। मौके पर कांके पुलिस, विधायक, अंचल की ओर से अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया।

### सीएनटी एक्ट के उल्लंघन से जुड़े मामले में सीबीआई कोर्ट का फैसला

# झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का सहित 10 दोषी करार

### एनोस की पत्नी मेनन एक्का भी पाई गईं दोषी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट (सीएनटी एक्ट) के उल्लंघन से जुड़े 15 वर्ष पुराने मामले में रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का सहित 10 लोगों को दोषी करार दिया। अदालत ने सीबीआई के सभी आरोप सही पाए। जिन लोगों को दोषी करार दिया गया है, उनमें एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का, रांची के तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्तिक कुमार प्रभात भी शामिल हैं। इसके बाद दोषी करार दिए गए आरोपियों



सजा के बिंदु पर आज की जाएगी सुनवाई

को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 अगस्त 2025 की तिथि तय की है।

इस मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने की। अदालत में दलीलों और गवाहों के आधार पर यह साबित हुआ कि जमीन खरीदने-बेचने में सीएनटी एक्ट का खुला उल्लंघन हुआ है।

सिमडेगा निवासी एनोस एक्का वर्ष 2005 से 2008 के बीच अर्जुन मुंडा और बाद में मधु कोड़ा सरकार में मंत्री रहे। उनपर आरोप था कि मंत्री रहते उन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी पते का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन की खरीद-फरोख्त की। रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात ने उनकी मदद की। प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से यह सौदे किए गए।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# बहुत कठिन है इस दुनिया में डगर सुख ढूंढने की

आज बहुत से धनाढ्य लोग पूरी दुनिया में सुख ढूंढते है या खरीदना चाहते हैं जिसके लिए हर संभव प्रयास करते हैं पर ख़ुशी नहीं मिलती । पश्चिमी देशों के अनेक जोड़ों को भारत के आध्यात्मिक स्थलों में भटकते देखा जाता है जिन्हें आश्चर्य होता है कि प्रतिदिन कमाने-खाने वाला सड़क किनारे मजे की नींद कैसे ले रहा है ? एक पुरानी कहावत है यदि आपका कोई शत्रु नहीं है कोई आपसे वैर नहीं रखता तो आप गलत रास्ते पर चल रहे हैं। घर के आसपास रहने वाले पड़ोसी समाज, कार्य क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर आजकल एक और कहावत प्रचलित है कि लोग अपने दुःख से उतने दुखी नहीं है जितने दूसरों के सुख से हैं। अनेक सच्चे रास्ते पर चलने वाले अधिकारी, नेता और समाजसेवी से लेकर व्यापारी तक लोगों के इसलिए भी शत्रु बन जाते हैं क्योंकि वह उनकी तरह सफल नहीं हो पाए। कई बार हम मध्यम मार्ग अपनाकर अपने को विवादों से दूर रखना चाहते हैं लेकिन बहुत से लोगों को यह भी नहीं भाता और बहुत सारे लोग सामने मधुर वचन बोलते हैं लेकिन पीठ पीछे षड्यंत्र करने से लेकर दुष्प्रचार तक करने में नहीं हिचकिचाते। लोगों को जरूरत से ज्यादा खुश करने की आदत कभी-कभी असुरक्षा के जाल में फंसा सकती है। मनोचिकित्सक मेग जोसेफसन कहती हैं कि मुसीबत में होने की कष्टदायक भावना आम बात है, और इसे दूर रखने के लिए कुछ लोग जो रणनीति अपनाते हैं, उसका नाम है-चापलूसी। जब हम खतरे का आभास करते हैं, तो हमारा तंत्रिका तंत्र तीन तरह से प्रतिक्रिया करता है-लड़ना, भागना या ठहर जाना। लेकिन कुछ मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि चापलूसी करना तनाव की चौथी प्रतिक्रिया है। मनोवैज्ञानिक पीट वॉकर बताते हैं कि चापलूसी लोगों को खुश करने का चरम रूप है। देवी भागवत पुराण में एक संवाद के दौरान देवी दुर्गा ने खुद सफल और शांतिपूर्ण जीवन के 10 सूत्र बताए हैं। इन बातों को समझ कर, उनका पालन करने पर जीवन को सुखद बनाया जा सकता है। वे हैं तप, संतोष, आस्तिकता, दान, देवपूजन, शास्त्रसिद्धांतों का श्रवण, लज्जा, सद्बुद्धि, जप और हवन।भारतीय



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



एआई जेनरेटेड

शास्त्रों के अनुसार जीवन जीने का सही मार्ग नैतिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, और दूसरों के कल्याण के लिए सेवाभाव शामिल है। गीता में बताए गए कर्म, ज्ञान, भक्ति और ध्यान के मार्ग अपनाए जाते हैं, जिनका उद्देश्य आत्मा को परमात्मा से जोड़ना और जीवन का अर्थ खोजना है। यह मार्ग लोगों का सम्मान करने, सीखने और गलतियों से सबक लेने, तथा समाज व प्रकृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने पर जोर देता है। ईमानदार और स्पष्ट संवाद किसी भी रिश्ते का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, और यह मतभेद को मिटा देता है। अगर आप किसी कार्य को रद्द कर रहे हैं, तो कोई बहाना बनाने के बजाय ईमानदार रहें, ताकि सामने वाला नाराज न हो। यह तरीका थोड़े समय के लिए भले ही असुविधाजनक लगे, लेकिन हमारी बहुत ऊर्जा बचाता है और उन रिश्तों को मजबूत बनाता है, जिनकी हम सचमुच कद्र करते हैं। जोसेफसन कहती हैं कि हर किसी को खुश करना आपके वश में नहीं है। आपके वश में यह है कि आप अपना समय, अपनी ऊर्जा और अपना ध्यान कैसे लगाते हैं। दूसरों की सफलता से जलन के बजाय उस रास्ते की तलाश करनी चाहिए जो सफल बनाती है कहा जाता है कहा जाता है - गो-धन, गज-धन, वाजि-धन और रतन-धन खान। जब आवत संतोष-धन, सब धन धूरि समान।

### भारत-जापान स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप

# साझेदारी का नया खाका है तैयार 10 ट्रिलियन येन निवेश का लक्ष्य

**टोक्यो (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने शुक्रवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-जापान के बीच स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री इशिबा के गर्मजोशी भरे स्वागत और आत्मीय शब्दों के लिए आभार व्यक्त करते हुए की। उन्होंने कहा कि आज की चर्चा 'उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण' रही। उन्होंने कहा कि भारत और जापान न केवल दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, बल्कि जीवंत लोकतंत्र भी हैं। और, ऐसे में उनकी साझेदारी केवल द्विपक्षीय हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। शेष पेज 11 पर



टोक्यो में जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोले पीएम मोदी

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर महत्वाकांक्षी झिमड़ी परियोजना को मिला दो वर्ष का विस्तार

# 30 हजार से अधिक महिला किसान होंगी लाभान्वित

- करेला से स्ट्रॉबेरी तक, ड्रिप सिंचाई बनी बदलाव की मिसाल
- लखपति दीदी की सूची में शामिल हो रहीं ग्रामीण महिलाएं
- 28 हजार से अधिक माइक्रो ड्रिप सिस्टम किए गए स्थापित




### आय में दोगुनी वृद्धि, फसल उपज में हुआ रिकॉर्ड सुधार

परियोजना से जुड़कर किसानों की आय में दोगुनी वृद्धि हुई है। ओरमांझी, कुड़ू और कांके जैसे इलाकों के किसान केवल रबी सीजन में ही 32,000 से 48,000 रुपए तक कमा रहे हैं। वहीं, औसत उपज 536 किलो से बढ़कर 1,318 किलो प्रति 0.1 हेक्टेयर प्रति सीजन हो गई है। आलू, लौकी और फूलगोभी जैसी फसलों ने बेहतरीन उत्पादकता दी, जबकि स्ट्रॉबेरी, मिर्च और मटर ने किसानों की नकदी आय को बढ़ाया।

### सिंचाई में तकनीकी बदलाव किसानों को मिला प्रशिक्षण

परियोजना के तहत अब तक 28,298 माइक्रो ड्रिप इरिगेशन सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिनसे 2,829 हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ मिला है। इससे पानी की बचत, सालभर खेती और बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हुआ है। 13,000 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। 50 एफटीसी, 88 बीआरपी और 1,000 से ज्यादा सीआरपी किसानों तक तकनीकी सहयोग पहुंचा रहे हैं। 5,224 किसान समीक्षा ऑनलाइन मॉड्यूल से भी जुड़े।

### जैविक खेती को बढ़ावा, बाजार तक पहुंच बनाने में मिली मदद

उन्नत बीज किस्मों, वर्मी कंपोस्ट और जैव कीटनाशकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। मिट्टी और नर्सरी सुधार के लिए 13,289 पॉली नर्सरी हाउस और 21,871 वर्मी कंपोस्ट इकाइयां लगाई गई हैं। 15 सोलर कोल्ड चैंबर, 198 इंप्लीमेंट बैंक और 14 मल्टी पर्पस कम्युनिटी सेंटर (एमपीसीसी) पूरी तरह से संचालित हो चुके हैं। इनका संचालन उत्पादक समूहों द्वारा किया जा रहा है। इन सुविधाओं से किसानों को अपने उत्पाद को लंबे समय तक ताजा रखने, जरूरी उपकरण समय पर उपलब्ध कराने और सामूहिक रूप से बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिली है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दुमका की पूजा सोरेन के लिए सिंचाई और पूंजी के अभाव में खेती करना भी मुश्किल था। लेकिन, पूजा ने सखी मंडल और झिमड़ी परियोजना से जुड़कर खेती और अपनी जिंदगी को नई दिशा दी। उसने ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाई और करेले की व्यावसायिक खेती शुरू की। आज पूजा सोरेन सालभर करेला, मिर्च और स्ट्रॉबेरी जैसी फसलों की खेती कर रही हैं। ड्रिप से पौधों को समय पर नमी और पोषण मिला, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बढ़ी। समूह के सहयोग से बाजार से सीधा जुड़ाव हुआ और हाल ही में उन्होंने करेले को 35-40 रुपए प्रति किलो बेचकर एक लाख रुपए से अधिक की आमदनी अर्जित की। लगातार उत्पादन और उचित मूल्य मिलने से उनकी सालाना आय 4 लाख रुपए से अधिक हो चुकी है। यह सिर्फ पूजा के बदलाव की कहानी नहीं है। पूजा जैसी कई महिलाओं ने झिमड़ी परियोजना से जुड़कर खेती का नया अध्याय शुरू किया है।

खूंटी के कर्रा प्रखंड की विनीता देवी ने भी वर्ष 2022 में झिमड़ी परियोजना से जुड़कर पहली बार फ्रेंच बीन्स की खेती की। उन्होंने केवल 12,300 रुपए की लागत से 51,540 रुपए का लाभ कमाया। परियोजना से उन्हें ड्रिप सिंचाई प्रणाली के साथ पॉली नर्सरी हाउस भी मिला, जिससे पौधे खराब मौसम और कीटों से सुरक्षित रहते हैं। आज विनीता करेले की खेती कर रही हैं और उनकी सालाना आमदनी लगभग 1.20 लाख रुपये है। वे बताती हैं पहले परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन सखी मंडल से जुड़ने के बाद हालात बदल गए। ड्रिप सिंचाई से अधिक फसल उग रही है और इसमें पारंपरिक खेती की तरह ज्यादा श्रम की भी जरूरत नहीं पड़ती।

वहीं, रांची के नगड़ी प्रखंड की मधुबाला देवी पहले सीमित संसाधनों और सिंचाई की कमी के कारण खेती से बहुत कम आय कमा पाती थीं। लेकिन, झिमड़ी परियोजना के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने के बाद उनका जीवन बदल गया। उन्होंने 25 डिसमिल भूमि पर सब्जियों की खेती शुरू की। आधुनिक तकनीकों से उगाई गई उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों ने उनकी आय दोगुनी कर दी। अब मधुबाला सालाना करीब 2 लाख रुपए कमा रही हैं और 'लखपति दीदी' की सूची में शामिल हो चुकी हैं।

राज्य में किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली झारखंड माइक्रो ड्रिप इरिगेशन परियोजना (झिमड़ी परियोजना) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर दो वर्ष का विस्तार मिल चुका है। इस परियोजना के जरिए ही किसान अपनी सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लागू इस परियोजना ने अप्रैल 2025 तक किसानों की आय और कृषि उत्पादकता में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। परियोजना की सफलता और ग्रामीण किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने झिमड़ी परियोजना को 2027 तक का अवधि विस्तार दिया है। इस विस्तार से राज्य के 30 हजार से अधिक किसान सीधे लाभान्वित होंगे। वर्तमान में 9 जिलों के 30 प्रखंडों में 28,298 महिला किसान इस योजना से जुड़कर माइक्रो ड्रिप इरिगेशन तकनीक के माध्यम से सालभर खेती कर रही हैं। उन्हें वर्मी कंपोस्ट, पॉली नर्सरी हाउस के साथ-साथ तकनीकी प्रशिक्षण और निरंतर सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# विश्वविद्यालय विधेयक के विरोध में आजसू ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**आजसू छात्रसंघ की मांगें**

- झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को तत्काल वापस लिया जाए।
- विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को बरकरार रखा जाए।
- छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया को बहाल किया जाए।


आजसू ने विवि विधेयक में हस्तक्षेप का राज्यपाल से किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि यह विधेयक पूरी तरह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। इस विधेयक के माध्यम से कुलपति एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से छीनकर सरकार को देना न केवल संविधान और संघीय ढांचे का उल्लंघन है, बल्कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को भी समाप्त कर देगा। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि विधेयक में छात्रसंघ चुनाव को समाप्त कर चयन प्रक्रिया लागू करने का प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और लिंगदोह कमेटी की अनुशंसाओं की खुली अवहेलना है। छात्र संघ चुनाव छात्रों की राजनीतिक चेतना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रमुख मंच है। इसे समाप्त करना छात्रों के अधिकारों और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बताया, वार्ता के दौरान राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि वे पूरे मामले की गहन समीक्षा करेंगे तथा छात्रों के हितों और शिक्षा की स्वायत्तता की रक्षा के लिए संवैधानिक दायरे में उचित कार्रवाई करेंगे।

### उच्च शिक्षा में झामुमो-कांग्रेस के हस्तक्षेप की साजिश : सुदेश महतो



**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा लाया गया झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पूरी तरह से जनविरोधी और असंवैधानिक है। आजसू पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि जनता को संविधान की दुहाई देने वाली झामुमो-कांग्रेस ही आज संविधान का गला घोंट रही है। महतो ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि राज्य सरकार यह मत भूले कि छात्र-युवा शक्ति के त्याग एवं बलिदान की बदौलत झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है। हेमंत सरकार इस काले विधेयक को लाकर छात्रों तथा विश्वविद्यालयों के अधिकारों को कुचलना चाहती है। इसे कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक 2025 छात्रों, शिक्षकों, शैक्षणिक जगत और जनमानस के हित में नहीं है। यह विधेयक राज्यपाल के शैक्षणिक विशेषाधिकारों पर हमला है। साथ ही, शिक्षा व्यवस्था को केंद्रीकृत कर विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता छीनने और उच्च शिक्षा जगत में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ाने की साजिश है। इस विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए। आजसू पार्टी के प्रमुख महतो ने कहा कि हेमंत सरकार शिक्षा के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ाने का काम कर रही है, क्योंकि उसकी नीतियों को छात्रों-युवाओं का समर्थन नहीं मिल रहा है।

## रामदास सोरेन के संस्कार भोज में शामिल हुए राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को घोड़ाबांधा पहुंचे तथा वहां वे राज्य के पूर्व मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन के संस्कार भोज में सम्मिलित होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व शोक व्यक्त करते हुए प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने दिवंगत रामदास सोरेन के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी।

## पूर्व सैनिकों के लिए नौकरी मेला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत आने वाले पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) ने 29 अगस्त को शंकर विहार मिलिट्री स्टेशन, दिल्ली में सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए एक नौकरी मेला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य रोजगार के अवसर तलाश रहे पूर्व सैनिकों/सेवानिवृत्त कर्मियों और कॉर्पोरेट जगत को एक साझा मंच पर लाना था। इस आयोजन को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। सेना, नौसेना और वायु सेना के 1500 से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार की तलाश में पंजीकरण कराया और इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस नौकरी मेले में 40 कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने 750 से अधिक रिक्त पदों की पेशकश की। शॉर्टलिस्ट किए गए पूर्व सैनिकों का साक्षात्कार/स्क्रीनिंग किया जाएगा और बाद में उन्हें सुपरवाइजरी, तकनीकी सहायता, जूनियर से सीनियर मैनेजमेंट और प्रशासन सहित विभिन्न भूमिकाओं में नियुक्त किया जाएगा। यह आयोजन कंपनियों और पूर्व सैनिकों दोनों के लिए फायदेमंद रहा। जहां पूर्व सैनिकों को सेवा के दौरान हासिल की गई अपनी तकनीकी और प्रशासनिक क्षमता दिखाने का एक मंच मिला, वहीं कंपनियों को अनुभवी, अनुशासित और कुशल पूर्व सैनिकों के समूह की स्क्रीनिंग करने का लाभ मिला। इस नौकरी मेले में राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने डॉ. नितेन चंद्र, आईएएस, सचिव, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, लेफ्टिनेंट जनरल भावनीश कुमार, एवीएसएम, वीएसएम जीओसी दिल्ली क्षेत्र और मेजर जनरल एसबीके सिंह, एसएम, महानिदेशक (पुनर्वास) के साथ पूर्व सैनिकों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

# झारखंड सरकार पिछड़ों का हक छीन रही है : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



- सेवा पखवाड़ा में ओबीसी मोर्चा स्वच्छता अभियान चलाएगा : कर्मवीर सिंह
- ओबीसी मोर्चा भाजपा का सशक्त मोर्चा है : डॉ रविंद्र कुमार राय

**रांची।** भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार निरंकुश हो गई है, झारखंड में अराजकता का माहौल है। विधि व्यवस्था चरमराई हुई है, भ्रष्टाचार चरम पर है। पंचायत चुनाव में 2 साल विलंब से चुनाव करने के बाद भी आरक्षण नहीं दिया उसी प्रकार नगर निकाय चुनाव में ढाई वर्ष बीत गए हैं लेकिन चुनाव नहीं करा रही है क्योंकि इनकी मंशा ओबीसी का आरक्षण का हक और अधिकार छीनने की है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि ओबीसी मोर्चा एक सक्षम मोर्चा है भाजपा को इससे काफी उम्मीद है इसलिए पिछड़ा समाज को एकजुट करके पार्टी से जोड़ना है और नरेंद्र मोदी जी के जनकल्याणकारी योजना का लाभ सबको दिलाना है। कार्यकारी अध्यक्ष ने संगठन कौशल, समय प्रबंधन और अनुशासन कार्यकर्ताओं को बताया।

प्रदेश संगठन महामंत्री श्री कर्मवीर सिंह ने आगामी सेवा पखवाड़ा के निमित्त ओबीसी मोर्चा को स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर मंडल स्तर पर चलाने का और समाज के लोगों को प्रबुद्ध वर्ग को जोड़ने और 31 अगस्त को प्रधानमंत्री के मन की बात बूथ स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया।

भाजपा राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू ने कहा बिहार में जिस प्रकार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माता के बारे में अपशब्द कहे गए यह केवल एक परिवार नहीं बल्कि पूरे देश, महिला और ओबीसी समाज का अपमान है। कांग्रेस शुरुआती दौर से ही नरेंद्र मोदी का नेतृत्व से डर कर उन्हें अपमानित करने का काम किया है।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य देवनारायण प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, परमेश्वर चौधरी, उमेश रंजन साहू, अजय शर्मा, प्रदेश मंत्री अजय गुप्ता, इंद्रजीत यादव, विंध्याचल महतो, सुधीर यादव, रमेश बर्मन, संजू कुशवाहा, जितेंद्र चंद्रवंशी, योगेश दांगी, राधेश्याम कुशवाहा, गोपाल जयसवाल, बीरेंद्र कुमार सिंह, त्रिवेणी साहू, सुनील चौरसिया, अर्जुन प्रसाद वर्मा, धर्मेंद्र प्रसाद, संतोष गोप, लक्ष्मण पंडित समेत कई लोग उपस्थित थे।

### एसीबी ने रात के अंधेरे में ढोए उत्पाद विभाग के कागजात : नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी मंगलवार की रात एक चौंकाने वाली घटना की जानकारी मिली है। मरांडी ने कहा, ज्ञात हुआ है कि उत्पाद विभाग से एसीबी द्वारा भारी मात्रा में कागजात रात के अंधेरे में ले जाए गए। यह किसी भी प्रकार की सामान्य डे-टू-डे प्रक्रिया का हिस्सा नहीं था, बल्कि पूरी तरह से गुप्त और संदिग्ध परिस्थितियों में अंजाम दिया गया। आश्चर्य की बात यह है कि यह पूरी कार्रवाई राज्य में अवैध रूप से पद पर बैठे डीजीपी के सीधे हस्तक्षेप एवं निगरानी में हुई। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिरकार एक ट्रक भरकर कागजात आधी रात को ही क्यों हटाए गए? क्या एसीबी और उत्पाद विभाग के भीतर किसी बड़े भ्रष्ट खेल की तैयारी चल रही है? क्या यह कार्रवाई कुछ चुनिंदा अधिकारियों और राजनीतिक सरगनाओं को बचाने के लिए की गई है? भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार, यह कदम सीधे-सीधे महत्वपूर्ण साक्ष्यों को मिटाने और आने वाले समय में ईडी अथवा सीबीआई की एंट्री से पहले जमीन तैयार करने का प्रयास प्रतीत होता है। यानी, भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूतों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा- माननीय मुख्यमंत्री जी, यह आपकी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि राज्य की जनता के हितों की रक्षा करें और सुनिश्चित करें कि एक भी साक्ष्य नष्ट न हो।

## आजसू पार्टी के प्रयास से कांगो से रांची पहुंचा आशीष का पार्थिव शरीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के प्रयास से कांगो से आशीष का पार्थिव शरीर गुरुवार की देर रात रांची पहुंचा। आशीष का पार्थिव शरीर कांगो से मुंबई पहुंचा और वहां से एयर इंडिया की कार्गो सेवा से रांची लाया गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रांची के हरमू मुक्तिधाम में पूरे सम्मान के साथ संपन्न हुआ। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने इस मामले में पहल की थी। उन्होंने सॉकेरिको सर्ल नाम की कंपनी के मैनेजर से भी बात की। कंपनी द्वारा विलंब करने पर उन्होंने कंपनी को फटकार भी लगाई और जल्द विधिक कार्रवाई पूरी करने को कहा था। कंपनी के प्रबंधक ने प्रक्रिया को पूर्ण कराया। रांची के डुमरदगा निवासी आशीष कुमार का पार्थिव शरीर 39 दिनों की लंबी प्रतीक्षा के बाद अफ्रीका के कांगो से उनकी मातृभूमि लाया गया। आशीष कुमार 16 सितंबर 2024 को रोजगार के सिलसिले में कांगो गए थे। वहां 21 जुलाई 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने में परिजनों को कई प्रशासनिक और तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ा। इस दुखद स्थिति में स्व. आशीष कुमार की पत्नी पूनम कुमारी ने आजसू पार्टी और संजय मेहता से सहायता मांगी थी। संजय मेहता ने कहा, आजसू पार्टी हमेशा से जनसेवा और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध रही है। आशीष कुमार के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाना न केवल एक परिवार की भावनाओं का सम्मान था, बल्कि हमारा नैतिक और मानवीय कर्तव्य भी था। हमें गर्व है कि हम इस परिवार की उम्मीदों को पूरा कर सके। शोक संतप्त परिजनों ने आजसू पार्टी और संजय मेहता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

## न्यूज बॉक्स

### सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच को लेकर राज्यपाल से मिले भाजपाई



**रांची।** सूर्या हांसदा पुलिसिया एनकाउंटर की सीबीआई जांच करवाने एवं नगड़ी में रैयत किसानों की उपजाऊ जमीन पर प्रस्तावित रिम्स टू के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जा रही है। इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल को राज्य सरकार और यहां पुलिस प्रशासन की तानाशाही और हठधर्मिता से अवगत कराते हुए कई मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, प्रदीप वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विकास प्रीतम, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, सरोज सिंह, सुनीता सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं अशोक बड़ाईक शामिल थे।

### पीएम की स्वर्गवासी मां के प्रति गाली गलौज से पूरा देश मर्माहत : पाठक



**रांची।** राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के सदस्यों ने गुरुवार को बिहार के दरभंगा जिले में इंडी गंठबंधन के वोट अधिकार रैली के दौरान भरे मंच से देश के प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी माता के प्रति गाली गलौज करने के खिलाफ शुक्रवार को भगवान से क्षमा याचना की। मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि गंदी राजनीति ने देश के प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी मां को भी नहीं बख्शा है। राजनीतिक में लगातार गाली गलौज और अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। पता नहीं क्यों, राजनीतिक दल वाले नकारात्मक प्रतियोगिता के चक्कर में नैतिकता और सिद्धांत को ताख पर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी माता के प्रति गाली गलौज से पूरा देश मर्माहत और शर्मिंदा है, जबकि नेताओं की शर्म-हया खत्म हो गई है। पाठक ने कहा कि हम हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर केस दर्ज करेंगे।

### विस्थापन के मुद्दे पर न हो आदिवासी व गैर आदिवासी की राजनीति : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विस्थापन जैसे मुद्दे पर भी कुछ नेता आदिवासी और गैर आदिवासी को बांटने का काम कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रसाद ने शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि झारखंड में मूलवासी सदान और आदिवासी दोनों की जमीन गई है। एचईसी धुर्वा में हजारों एकड़ जमीन मूलवासी सदान और आदिवासीयों की गई है। दोनों समुदाय विस्थापित हुए हैं। रिम्स 2 के लिए जो जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें मूलवासी सदानों की भी जमीन है। ऐसे में नेताओं द्वारा सिर्फ एक वर्ग की बात नहीं कर सभी झारखंडी विस्थापितों व रैयतों की बात करना चाहिए, जिससे झारखंडियों को विस्थापित होने से बचाया जा सके और दोनों समुदाय के बीच एकता बनी रहे। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान और आदिवासी एकता प्रभावित होने के कारण झारखंड को बहुत नुकसान हो रहा है, यह राजनीतिक दलों के नेताओं को समझना होगा। राजेंद्र प्रसाद ने पीएम की स्वर्गवासी मां को दरभंगा मुजफ्फरपुर राजनीतिक मंच से अभद्र टिप्पणी की घोर निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि ऐसी टिप्पणी राजनीति में गिरते स्तर की पराकाष्ठा है।

### जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य बने मनोज



**रांची।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार को दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच रोड, कोलकाता "जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है। ये साउथ ईस्टर्न रेलवे के आद्रा मंडल, चक्रधरपुर मंडल, खड़कपुर मंडल, एवं रांची मंडल का कार्यभार देखेंगे। मौके पर मनोज कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक रेल की सुविधा किस तरह पहुंचे उसका हम पूरा ध्यान रखेंगे। रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर सुविधाओं का ख्याल रखने की दिशा में भी कार्य करेंगे। उनके मनोनय पर जनता दल (यु) नेताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष धनबाद पिंटू सिंह, प्रदेश महा सचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, भगवान सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, संजय कुमार सिंह, आशीष शीतल मुंडा।

## जीएसटी दर के स्लैब में बदलाव को लेकर 8 राज्यों की बैठक, राजस्व संरक्षण की मांग तेज

# झारखंड को 2000 करोड़ का राजस्व नुकसान की संभवना

**नवीन मेल संवाददाता**



### राज्यों सरकारों की चिंता

आठों राज्यों ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी दरों का सरलीकरण और युक्तिकरण जरूरी है, लेकिन इसे राज्यों की राजकोषीय स्थिरता की कीमत पर लागू नहीं किया जा सकता। यदि प्रस्ताव बिना किसी कंपनसेशन व्यवस्था के लागू किया जाता है तो राज्यों के राजस्व में भारी कमी आएगी, जिससे राजकोषीय असंतुलन बढ़ेगा और राज्य सरकारों की विकास योजनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

**रांची।** आगामी 3 और 4 सितंबर को आयोजित होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक से पहले शुक्रवार को कर्नाटक भवन, नई दिल्ली में आठ राज्यों के वित्त/वाणिज्य-कर मंत्रियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और झारखंड के मंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित जीएसटी दरों के प्रस्तावित बदलाव पर विमर्श किया गया। केंद्र सरकर ने अपने प्रस्ताव में वर्तमान में लागू चार जीएसटी स्लैब—5%, 12%, 18% और 28% को सरल बनाते हुए 12% और 28% के स्लैब को समाप्त करने की बात कही है। केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में गिरावट आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**झारखंड की आपत्ति और चिंता**

बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य का पक्ष रखते हुए कहा कि झारखंड एक छोटा विनिर्माता राज्य है, जहां से कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और औद्योगिक उत्पादों की अधिकतर आपूर्ति अन्य राज्यों को की जाती है। वैट व्यवस्था में इस तरह की अंतर्राज्यीय आपूर्ति पर राज्य को सीएसटी से राजस्व मिलता था। लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद यह राजस्व स्त्रोत समाप्त हो गया। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2017 से 30 जून 2022 तक 14% संरक्षित राजस्व के आधार पर राज्यों को क्षतिपूर्ति दी, लेकिन इसके बाद कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है।

झारखंड सरकार का आकलन है कि यदि प्रस्तावित जीएसटी स्लैब में बदलाव होता है तो राज्य को हर साल लगभग 2000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा।

बैठक में सभी आठ राज्यों ने झारखंड की आपत्ति को उचित मानते हुए केंद्र के प्रस्ताव पर सशर्त सहमति दी। राज्यों ने तय किया कि जीएसटी दरों में बदलाव तभी स्वीकार्य होगा जब राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई की स्पष्ट व्यवस्था की जाए। बैठक के बाद यह भी निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे पर एक संयुक्त ज्ञापन तैयार कर जीएसटी परिषद को सौंपा जाएगा।

दरों में बदलाव से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई जीएसटी कंपनसेशन से की जाए। लक्जरी वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाए। कम से कम पांच वर्षों के लिए गारंटीकृत कंपनसेशन की व्यवस्था की जाए।

### नए कोचिंग कानून के विरोध में कोचिंग संचालकों के उठे स्वर

# नए कोचिंग कानून से कॉर्पोरेट कोचिंग पर असर नहीं छोटे कोचिंग संस्थान हो जाएंगे बंद : कोचिंग संचालक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची ।** झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 को झारखंड विधानसभा में 26 अगस्त को मंजूरी मिल गयी है अब इसे गर्वनर के साइन का इंतजार है। गर्वनर के साइन के बाद यह कानून बन जाएगा और इसका पालन करना अनिवार्य होगा। इसके बाद सूत्रों का कहना है कि झारखंड में शिक्षा की अराजकता पैदा होगी क्योंकि छोटे कोचिंग जो पांच लाख रुपए रजिस्ट्रेशन नहीं दे पाएंगे बंद हो जाएंगे। पढ़े लिखे लोगों की बेरोजगारी बढ़ जाएगी जो अभी तक बच्चों को पढ़ा कर अपनी रोजी-रोटी किसी तरह चला रहे थे। वहीं कॉर्पोरेट कोचिंग सेंटर को पांच लाख रुपए रजिस्ट्रेशन का देने में कोई समस्या नहीं होगी। इस कानून का उनपर कोई असर नहीं होगा। सूत्रों का कहना है कि नए कानून से कॉर्पोरेट कोचिंग को फायदा ही होगा क्योंकि छोटे कोचिंग सेंटर बंद हो जाएंगे तो बच्चों के पास कॉर्पोरेट कोचिंग के अलावे दूसरा कोई विकल्प नहीं बचेगा। बाजार में कॉर्पोरेट कोचिंग का एकाधिकार हो जाएगा और वे फीस मनमाने ढंग से लेंगे। आइए जानते हैं इस कानून के विषय में कोचिंग संचालक क्या सोचते हैं-

### कोचिंग के नए कानून से कॉर्पोरेट कोचिंग का मोनोपॉली स्थापित होगा: पंकज पोद्दार



पोद्दार कॉमर्स एकेडमी के निदेशक पंकज पोद्दार कहते हैं कि छोटे कोचिंग सेंटर का खस्ता हाल लॉक डाउन के बाद से चल रहा है किसी तरह मैनेजमेंट संभाले हुए हैं। झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 आने के बाद झारखंड के लाखों कोचिंग बंद हो जाएंगे, बेरोजगारी बढ़ जाएगी। बाजार में बड़े कोचिंग सेंटर का मोनोपॉली स्थापित हो जाएगा और कोचिंग का कंपीटिशन समाप्त हो जाएगा।

### छोटे और कॉर्पोरेट कोचिंग सेंटर को एक ही तराजू में तौलना उचित नहीं : कुश सिंह



कुश सिंह बताते हैं कि झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 में सरकार ने छोटे और कॉर्पोरेट दोनों तरह के कोचिंग को एक ही तराजू में तौला है जो उचित नहीं है। पांच लाख रुपए की बैंक गारंटी बड़े संस्थान दे सकते है लेकिन जो छोटे कोचिंग हैं वो इतना भारी रजिस्ट्रेशन शुल्क कैसे जमा कर पाएंगे। 50 बच्चे से ज्यादा वाले कोचिंग संस्थानों में भी वो आय नहीं होती है कि इतना पैसा जमा कर सकें। इसमें सरकार को केवल कॉरपोरेट टाइप के कोचिंग सेंटर को इस कानून में लाना चाहिए।

### हजार बच्चों वाले व पचास से उपर बच्चे वाले कोचिंग से एक ही समान शुल्क गलत है : एसडी मिश्रा



कैरियर प्वांइट के डायरेक्टर एसडी मिश्रा कहते हैं झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 में कुछ प्वाइंटस कोचिंग सेंटर के खिलाफ है। सरकार बैंक गारंटी पांच लाख रुपए की मांग कर रही है जबकि कोचिंग वाले कोचिंग की सारी व्यवस्था खुद से करते हैं इन्हें कहीं से कोई सपोर्ट नहीं मिलता है। जिस संस्थान में 5000 बच्चे हैं वहां के रजिस्ट्रेशन के लिए पांच लाख रुपए और जहां पचास से अधिक बच्चे हैं मान लीजिए 70 बच्चे हैं उनको भी पांच लाख रुपए देने होंगे तो समानता कहां हुई।

### नए कानून से छोटे कोचिंग बंद होंगे तो गरीबों के बच्चे कहां पढ़ेंगे: अमित चौधरी



चैतन्य एकेडमी के मार्केटिंग हेड अमित चौधरी कहते हैं कि सरकारी शिक्षा में क्या कमी रह गई है कि बच्चे कोचिंग की तरफ भाग रहे हैं। सरकार अपने में सुधार करने के बजाय एक कानून लाकर कोचिंग सेंटरों को थोप रही है। कानून बनाने से पहले कोचिंग सेंटर वालों से सरकार को बात करनी चाहिए थी हो सकता था कानून और बेहतर बनते। छोटे कोचिंग पांच लाख रुपए नहीं दे पाएंगे और शटर गिर जाएगा। बाजार में बड़े कोचिंग सेंटरों की मनमानी शुरु हो जाएगी क्योंकि उनका एकाधिकार स्थापित हो जाएगा। छोटे कोचिंग बंद हो जाएंगे बड़े कोचिंग की भारी फीस सभी नहीं दे पाएंगे और सरकार ने कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है तो झारखंड के बच्चे आखिर कहां पढ़ेंगे।

# रांची नगर निगम की टीम ने किया आईटीआई बस स्टैंड का निरीक्षण

- पहले दिए गए निर्देशों के अनुरूप किए गए कार्यों की समीक्षा की गई
- बस स्टैंड परिसर में आवश्यक विकास कार्यों के लिए भी निर्देश दिया गया




इस मुद्दे को नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू के नेतृत्व में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार एवं बाजार शाखा की टीम ने शुक्रवार को आईटीआई बस स्टैंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पहले दिए गए निर्देशों के अनुरूप किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।
नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू ने संबंधित जोनल सुपरवाइजर को परिसर में कीचड़ एवं गंदगी को साफ करने के लिए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उप प्रशासक ने संबंधित संवेदक को स्थल समतलीकरण करने, गड्ढों को स्टोन डस्ट से भरवाने एवं अल्पकालीन जल-जमाव की समस्या का त्वरित निवारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने नागरिकों की सहूलियत के लिए पूरे क्षेत्र में नियमित झाड़ू, कूड़ा उठाव तथा ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, एंट्री प्वाइंट के पाथ-वे को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। उप प्रशासक ने निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए भी निर्देश दिया। इसमें मुख्य रूप से यात्री शेड का जीर्णोद्वार, पब्लिक पाथवे का निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाना, सार्वजनिक शौचालय एवं प्याऊ का निर्माण, बस स्टैंड परिसर में पीसीसी रोड का निर्माण और पौधारोपण कार्य शामिल है। इन सभी कार्यों के प्राक्कलन तैयार करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जोनल सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण से जनजातीय समुदायों में आएगा बदलाव : डीडीसी




● आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया एवं निदेशक आईटीडीए संजय भगत, प्रतिनिधि एमओटीए मुकेश कुमार यादव की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनरों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उप-विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सुनिश्चित करता है कि शासन की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मास्टर ट्रेनरों की भूमिका इस अभियान को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण है, और मैं उनसे सजगता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान करता हूं।
मास्टर ट्रेनरों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, और बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण से मास्टर ट्रेनरों को न केवल तकनीकी जानकारी प्राप्त हुई, बल्कि वे अभियान के प्रति और अधिक प्रेरित और जागरूक भी हुए। यह कार्यक्रम आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनजातीय समुदायों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# बिज अरीना प्रशिक्षण छात्रों के लिए अच्छा मंच है : आलोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● डीपीएस में कॉमर्स फेस्ट बिज अरीना 2025 का हुआ आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट "बिज अरीना 2025" का आयोजन किया, जिसने बुद्धिमत्ता, नवाचार और उद्यमशीलता के उत्साह का शानदार संगम प्रस्तुत किया। यह आयोजन लगभग 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 350 प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ विचारों, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का अद्भुत मंच बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक पोद्दार (चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर) और सीए ऋषभ जैन थे। साथ ही प्रेम कुमार सिंह (अकाउंटेंसी शिक्षक एवं एंटरप्रेन्योर) भी मौजूद थे। प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया, जो विकास और स्थिरता का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद डीपीएस रांची के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य ने माहौल को जीवंत कर दिया। फेस्ट के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि आलोक पोद्दार कहा कि बिज अरीना जैसे आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे देश के भविष्य के निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण का मंच हैं। आज छात्रों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता, रणनीतिक सोच और वित्तीय साक्षरता देखकर मैं अत्यंत प्रभावित हूं। आज की दुनिया आर्थिक परस्पर निर्भरता और नवाचार से संचालित है, और इस तरह का अनुभव स्कूल स्तर पर अत्यंत परिवर्तनकारी है।

# सम्मेलन की पहली कार्यसमिति बैठक 31 को जमशेदपुर में, तैयारियां पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम प्रांतीय कार्य समिति की बैठक 31 अगस्त को सुबह 11 बजे से जमशेदपुर के रीवाह रिज़ॉर्ट एंड बैंक्वेट में होगा। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल करेंगे। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस बैठक की तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन परामर्शदात्री समिति सदस्य, संरक्षक मंडल सदस्य, प्रांतीय पदाधिकारीगण, प्रांतीय कार्यसमिति सदस्यगण, प्रांतीय विशेष आमंत्रित सदस्यगण एवं झारखंड के विभिन्न जिले के अध्यक्ष/सचिव को आमंत्रित किया गया है। सभी जिलों के प्रतिनिधियों का एक स्थान पर एकत्रित होना न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि यह झारखंड भर में मारवाड़ी समाज की एकजुटता और सक्रियता का भी सशक्त संदेश देगा। इस बैठक के माध्यम से समाज हित से जुड़े विषयों, आगामी कार्यक्रमों, सामाजिक सरोकारों तथा संगठन की दिशा और कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा होगी। इस ऐतिहासिक आयोजन से न केवल संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### कुरकुरे हत्याकांड में शामिल फैजान ने किया सरेंडर



**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र भट्टी चौक के पास 10 अगस्त को कुरकुरे उर्फ साहिल नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने अनुसंधान करते हुए अभी तक 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। इस हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है ।इसी क्रम में शुक्रवार को को पुलिस का लगातार छापेमारी एवं दबाव के कारण मो. फैजान उर्फ आइयान अहमद सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### आज / कल




# बीआईटी मेसरा में तकनीकी फेस्ट पैंथियन थीम रिलीज



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के तकनीकी फेस्ट पैंथियन के थीम रिलीज का आयोजन आइसी एरिना में किया गया। कार्यक्रम शाम 5:30 बजे पारंपरिक संगीत के साथ शुरू हुआ, जिसे मुख्य भवन से आईसी एरिना तक एक परेड के दौरान बजाया गया। विभिन्न क्लबों ने अपने झंडों के साथ परेड में मार्च किया। इसके बाद संस्थान के छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण ने उपस्थित छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद शाम 6:30 बजे पैंथियन के थीम रिलीज़ का वीडियो दिखाया गया जिसमें इस वर्ष पैंथियन का थीम 'टेक संस्कार' रखा गया, जिसमें तकनीकी व संस्कृति के सम्मिश्रण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र मामलों के एसोसिएट डीन, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, संकाय समन्वयक डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. अनिल महतो और डॉ. अमित तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति के हाथों सेल को मिला 'स्कोप एमिनेंस' अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली**



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को साल 2022-23 के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में शानदार काम करने के लिए प्रतिष्ठित "स्कोप एमिनेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में स्कोप द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। यह अवार्ड सेल के स्वदेशी रिसर्च, प्रक्रियाओं में इनोवेशन को अपनाने और टेक्नोलॉजी में लगातार आगे बढ़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। सेल की ओर से यह सम्मान निदेशक (तकनीकी, परियोजना एवं कच्चा माल) मनीष राज गुप्ता ने ग्रहण किया। सेल भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों के अनुरूप, स्टील के पूरे वैल्यू चेन में इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है और देश की आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपयोगों के लिए अत्याधुनिक स्टील ग्रेड और तकनीकों के स्वदेशी विकास पर ज़ोर दे रहा है। कंपनी रेलवे, रक्षा और बुनियादी ढाँचे जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को उच्च-गुणवत्ता वाला इस्पात प्रदान करके, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं और औद्योगिक विकास को सक्षम बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में परिवर्तनी एकादशी 3 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● भक्तों के लिए पूरे दिन खुला रहेगा मंदिर

राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आगामी बुधवार (03 सितंबर) को परिवर्तनी एकादशी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलेंगे और दैनिक विधि विधान से नियमित पूजन के बाद मंगला आरती की जाएगी। उसके बाद पर्दे लगाकर श्री श्याम प्रभु का, श्री बालाजी महाराज का, श्री शिव परिवार एवं गुरुजनों का विशेष शृंगार किया जाएगा। विशेष शृंगार आरती प्रातः 8:30 बजे के बाद होगी। ज्ञात हो कि पूरे साल में चार एकादशी एवं द्वादशी बाबा श्याम के बड़े मेले के उत्सव के रूप में मनाई जाती है और भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की परिवर्तनी एकादशी उनमें से एक है। बताया गया कि बड़ी एकादशी के मद्दे नजर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पूरे दिन भक्तों के दर्शनार्थ खुले रहेगा। वृहद पैमाने पर उसकी तैयारी अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मनोज खेतान की देखरेख में चल रही है। कोलकाता से कारीगरों की एक टीम बाबा श्याम के शृंगार के लिए आगामी 2 सितंबर को रांची आ रही है। बेंगलुरु रायपुर एवं बंगाल के विभिन्न हिस्सों से श्याम दरबार को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार के फूल मंगाए जा रहे हैं। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ होगा। बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। भोग लगाया जाएगा। देर रात्रि आरती करके मंदिर के पट लगेंगे।

### अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी

बाबा के बड़े द्वादशी बारस के दिन आगामी गुरुवार (4 सितंबर) को प्रात: 7:30 बजे से बाबा के अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। इस ज्योति में आहुति हर श्याम भक्त अपने परिवार के साथ आकर दे सकते हैं। अखंड ज्योति 12:00 बजे के पश्चात पूर्ण होगी एवं 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए जाएंगे। ये जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।



# सरला बिरला स्कूल में अंतर-विद्यालयीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में अपने परिसर में एक रोमांचक अंतर-विद्यालयीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसे हर वर्ष हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में छह टीमें - आर्मी पब्लिक स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट माइकल्स स्कूल और सेंट जॉन्स स्कूल ने उत्साह और जज्बे के साथ भाग लिया। कड़े मुकाबलों की श्रृंखला के बाद सेंट जॉन स्कूल ने चैम्पियनशिप अपने नाम की, जबकि आर्मी पब्लिक स्कूल ने दूसरा और सेंट माइकल स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट केवल खेल कौशल का नहीं बल्कि टीम भावना, अनुशासन और खेलभावना का भी प्रदर्शन था। खिलाड़ियों का जोश, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और पूरे मैदान का माहौल मेजर ध्यानचंद की विरासत को सच्ची श्रद्धांजलि बना रहा था। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता का आयोजन खेलों के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाने का भी एक प्रयास था, जिससे वे बाधाओं को तोड़ते हुए अपनी क्षमता को समान रूप से प्रदर्शित कर सकें। ऐसे आयोजन बालिकाओं को निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास, दृढ़ता और नेतृत्व जैसे मूल्यों को मजबूत करते हैं। मौके पर प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना को विकसित करती है। उन्होंने विद्यालय की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय सदैव मंच प्रदान करता रहेगा।

### झारखंड पुलिस ने गिनाई उपलब्धियां

# एक माह में 28 नक्सली गिरफ्तार चार एनकाउंटर में ढेर, एक ने किया सरेंडर



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आईजी ऑपरेशन ने झारखंड पुलिस की उपलब्धियों को गिनाया। शुक्रवार को आईजी ने सड़क सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, साइबर अपराध नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और उपलब्धियों के विस्तृत जानकारी दिए। सबसे पहले आईजी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत झारखंड पुलिस ने जुलाई महीने में 94823 लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही 267 पुलिसकर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया और 288 अधिकारियों के मोबाइल में जीपीएस मैप कैमरा लाइट ऐप इंस्टॉल किया गया।

## अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा

आईजी ने कहा कि जुलाई महीने मेंअपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। पुलिस ने 7298 वारंटों को निष्पादित किया और 2333 गिरफ्तारियां की साथ ही 171 वाहन, 82 हथियार और 354 गोलियां जब्त की गईं। यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग सिस्टम के तहत 278 मामलों को 60 दिनों के भीतर निपटाया गया।

## एक महीने में 28 नक्सली गिरफ्तार

आईजी ने कहा कि झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ कई सफल अभियान चलाए, जिससे राज्य में शांति और सुरक्षा मजबूत हुई है। पिछले एक महीने के दौरान पुलिस ने कुल 10 हथियार (5 लूटे गए पुलिस हथियार और 5 देसी हथियार) और 544 गोलियां बरामद कीं। इसके अलावा चाईबासा जिले में नक्सलियों से 35,02,500 रुपये की लेवी राशि जब्त की गई। साथ ही 18,020 डेटोनेटर और 95 आईईडी को बरामद कर नष्ट किया गया, और 5 बंकरों को ध्वस्त किया गया।

## साइबर अपराध से संबंधित 108 मामलों में 38 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया

आईजी ने कहा आगे कहा कि साइबर अपराध नियंत्रण साइबर अपराधों से निपटने के लिए झारखंड पुलिस ने अपनी क्षमताओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। साइबर अपराध से संबंधित 108 मामलों में 38 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 78 मोबाइल फोन, 97 सिम कार्ड, 24 एटीएम कार्ड और 1.82 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा डायल-1930 साइबर हेल्पलाइन के माध्यम से 2,073 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से 2.19 करोड़ रुपए को फ्रीज किया गया और न्यायालय के माध्यम से 32.27 लाख रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए। प्रतिबिम्ब ऐप का उपयोग करके चार मामलों में 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले 133,184 वाहन चालकों पर कार्रवाई

आईजी ने बताया कि इस साल जुलाई महीने में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 133184 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। जिनमें 121950 दोपहिया वाहन चालकों और 2,093 पीछे बैठे यात्रियों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले 2,515 और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 220 चालकों पर कार्रवाई की गई। साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 2499 और सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 1585 चालकों पर कार्रवाई की गई। लाल बत्ती पार करने पर 1776 मोबाइल फोन का उपयोग करने पर 276, नशे में गाड़ी चलाने पर 185 और क्षमता से अधिक यात्री बैठाने पर 536 चालकों पर कार्रवाई की गई।

### संत जेवियर्स में जूनियर सेक्शन

# जुनून और काव्य ने सजाया एलोक्यूशन प्रतियोगिता का मंच

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल में शुक्रवार को फादर विक्टर टकर एसजे के स्मृति में अंतर-वर्गीय अंग्रेज़ी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रधानाचार्य फादर फुलदेव सोरेंग एस. जे. के मार्गदर्शन तथा उप प्रधानाचार्य फादर रवि भूषण खेस्स एस. जे. और फादर कुलदीप लिंडा एस. जे. के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को मुख्य अतिथि फादर संदीप कुजूर एस.जे. (बर्सर) उपस्थित थे। प्रतियोगिता का विषय "काव्य भावनाओं का स्वाभाविक और सशक्त प्रवाह है" युवा ज़ेवेरियनों को अपनी वाक्पटुता, आत्मविश्वास और जोश के साथ कविता की सुंदरता को मंच पर प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करता रहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने न केवल काव्य की शाश्वत शक्ति को जीवंत किया बल्कि भाषा और अभिव्यक्ति पर उनके बढ़ते अधिकार को भी दर्शाया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल ने किया रवि भूषण तिग्गा, नेलिश पटेल और एम. मसीह।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिता आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंटर-हाउस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह दिवस हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार और शिक्षकों ने मिलकर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके की। यह समारोह मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ छात्रों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। बड़े बच्चों के लिए खो-खो, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया।

### आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मना

# खेल है जीवन का उत्सव : क्षेत्रीय निदेशक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है, जिन्हें "हॉकी के जादूगर" के नाम से जाना जाता है। मौके पर क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि "हॉकी के जादूगर" कहे जाने वाले और देश के लिए 1928 से 1936 तक लगातार तीन ओलिम्पिक स्वर्ण पदक जीतने वाले मेजर ध्यानचंद सभी देशवासियों एवं खिलाड़ियों के लिए प्रेरणापुंज की तरह हैं। मेजर ध्यानचंद को वर्ष 1956 में भारत सरकार द्वारा, भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार – पद्म भूषण प्रदान किया गया था। मेजर ध्यानचंद ने खेल जगत में अपार योगदान दिया और उनकी खेल प्रतिभा ने भारत को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाई।

यह दिन हमें खेलों के महत्व और उनकी भूमिका को स्मरण कराता है। उन्होनें यह रेखांकित किया कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नही बल्कि जीवन का उत्सव हैं, जिन्हें आत्मसात कर हम अपनी कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता दोनों को शिखर तक पहुंचा सकते हैं। उन्होनें यह भी बताया कि यदि हम खेल को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना लें, तो न केवल हमारा स्वास्थ्य और कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जीवन में उत्साह और ऊर्जा निरंतर बनी रहेगी। उन्होनें सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे खेल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थ, सक्रिय तथा प्रेरणादयी समाज के निर्माण में योगदान दें।

## न्यूज बॉक्स

### पांच सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत



**रांची।** सांसद कला महोत्सव जो लगातार कई दिनों से चल रहा है। शुक्रवार को लाला लाजपत राय स्कूल, कैंब्रियन स्कूल, योगदा बालिका उच्च विद्यालय, लिटिल विंग स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित की गई। सांसद कला महोत्सव के तहत चल रहे पेंटिंग कार्निवाल 2025 में बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर कैनवास पर जो आकृतियां उकेरी हैं, वह राष्ट्र के प्रति इनकी भावनाएं हैं। प्रतिभागी बच्चों को उनके चित्रांकन के लिए उत्साहवर्द्धन किया। पांच सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया। इस अवसर पर रमेंद्र कुमार, राजीव सहाय, ऐश्वर्या सेठ, मनोज गुप्ता, धनंजय कुमार, पूनम आनंद, रजनीश रंजन ,श्रीमतीसीखा, मनोज तिवारी ,शुभंकर, खुशी कुमारी मौजूद रहे।

### बेजांग में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**चान्हो।** बेजांग मे तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया । पहला मैच कैम्बो और महुवाटांड के बीच खेला गया जिसमें कैम्बो के टीम एक जीरो से बिजय रही। खेल का शुभारंभ ग्राम पंचायत टांगर के प्रतिनिधि उप मुखिया जेना उरांव, पंचायत समिति प्रदीप उरांव। ग्राम प्रधान हरि उरांव, कमिटी के सदस्य दुखिया उरांव, सेवरयूस लकड़ा, सुधीर लकड़ा, महावीर उरांव, मनवेल लकड़ा जितेन्द्र उरांव समेत अनेक गण मान्य लोग उपस्थित थे।

### पिठोरिया पुलिस ने वारंटियों को किया गिरफ्तार



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गत रात्रि विशेष अभियान चलाकर लंबे समय से फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों पर ठगी, जालसाजी, अवैध जमीन खरीद-फरोख्त, लेन-देन और चेक बाउंस जैसे मामलों में संलिप्त होने के आरोप हैं। गिरफ्तार वारंटियों में रशीद अंसारी, पिता स्व. इब्राहिम अंसारी, ग्राम सतकनादूं, जुबेर अंसारी, पिता स्व. तस्लीम अंसारी, ग्राम कोकदोरो, जावेद अख्तर, पिता स्व. यासीन अंसारी, ग्राम कोकदोरो, अर्जुन साहू, पिता भागवत साहू, ग्राम लोहरिया टोला, पिठोरिया शामिल हैं। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में अग्रसारित किया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में ठगी, जालसाजी और अवैध जमीन कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# राज्य के सभी विद्यालयों में खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

- 31 अगस्त को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्य के सभी विद्यालयों में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 29 अगस्त को प्रभात फेरी के साथ किया गया, जिसमें दो दिनों तक आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस का शंखनाद किया गया। इसके उपरांत सभी विद्यालयों में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा उनके जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सामूहिक खेल शपथ दिलाकर बच्चों को अनुशासन एवं खेल भावना का संदेश दिया गया। आज के कार्यक्रम में सांकेतिक खेल प्रदर्शनी के रूप में योग, मास पीटी और मार्शल आर्ट का प्रदर्शन हुआ तथा फिटनेस चैलेंज में पुशअप, स्किपिंग और प्लैंक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के बीच 50 मीटर दौड़, बोरी दौड़, तीन टांग दौड़ और चम्मच-गोली दौड़ कराई गई। इसी तरह कक्षा 6 से 8 के लिए 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, खो-खो और कबड्डी आयोजित हुई, जबकि कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ के साथ हॉकी और फुटबॉल में अपना कौशल दिखाया। इसके अतिरिक्त छात्र-शिक्षक मैत्री खेलों में रक्षाकाशी, क्रिकेट, फुटबॉल और म्यूजिक चेयर जैसे खेलों ने कार्यक्रम को जीवंत और आनंददायी बना दिया। इस प्रकार राष्ट्रीय खेल दिवस का प्रथम दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्यस्तर पर 31 अगस्त को रांची में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## सरना समाज की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**मांडर।** शुक्रवार को मांडर प्रखंड के तिग्गा कॉम्प्लेक्स, ब्राम्बे में सरना समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी सरना समाज के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की थे। उन्होंने अपने संबोधन में सरना समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने पेसा कानून से संबंधित कई महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने रखा और जनप्रतिनिधियों से समाज के हित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में सरना समाज के लोग शामिल हुए और अपनी-अपनी बात रखी।

# डीएवी में राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।विद्यालय के समन्वयक शशांक शेखर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कार्यरत कर्मचारीगण शामिल हुए।इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।कक्षा 3 से 9वीं एवं 11वीं तक के विद्यार्थियों ने खेलों के महत्व पर प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किए। वहीं कक्षा नर्सरी से 2 तक के नन्हे-मुन्नों ने रोल प्ले,बैलून रेस, स्पून एंड लेमन रेस,बॉल थ्रोइंग, बैलेंसिंग एक्टिविटी आदि प्रतियोगिताओं में अपनी सक्रिय भागीदारी से सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खेलों के प्रति अनुशासन,आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।पूरे विद्यालय का वातावरण खेल और उमंग से सराबोर हो गया।समापन अवसर पर विद्यालय समन्वयक शशांक शेखर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, परिश्रम, स्वास्थ्य,नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं।

# श्री सिद्धिविनायक की महाआरती के दौरान उमड़ी भीड़

- 1008 महिलाओं ने गणपति बप्पा का आरती उतारी

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणेशोत्सव के तीसरे दिन 1008 महिलाओं के द्वारा श्री सिद्धिविनायक भगवान गणपति की भव्य आरती की गई। वहीं रौनियार वैश्य सभा इकाई बेडो. के तत्वावधान में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान 1008 महिलाओं एवं समिति के पदाधिकारियों खासकर श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित पूजा अनुष्ठान के यजमानों को मुख्य पुजारी आचार्य सोनू पंडा ने गणपति बप्पा की आरती एवं मंत्रोच्चार के बीच महाआरती कराई। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के संपर्क प्रमुख एवं समाजसेवी प्रिंस आजमानी तथा डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष कैलाश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। पदाधिकारीयों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके पूर्व शुक्रवार को गणेशोत्सव के तीसरे दिन प्रातः में गौरी गणेश पूजन, कलश पूजन, सप्तघृत मातृका पूजन, षोडश मातृका पूजन, चतुषष्ठयोगिनी पूजन, वास्तुमंडल देवता, नवग्रह देवता, सर्वतोभद्र मंडल देवता पूजन एवं श्री सिद्धिविनायक पूजन किया गया। सभी अनुष्ठान सोनू पंडा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रौनियार वैश्य सभा इकाई बेडो. के पदाधिकारियों क्रमशः अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महासचिव मोतीलाल गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, बंटी गुप्ता, कीर्तन साहू, रमेश प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से भंडारा आयोजित कर अपना योगदान दिया। वहीं श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, विजय सहाय सहित सभी पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर आयोजित भंडारा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

### सीयूजे में ट्रांजिशन कैंपस टू कॉरपोरेट सिम्पोजियम का आयोजन

# नौकरी पाने के लिए स्किल्स पर ध्यान देना महत्वपूर्ण : प्रो केबी पंडा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के करियर डेवलपमेंट सेल ने एक दिवसीय 'ट्रांजिशनः कैंपस टू कॉरपोरेट सिम्पोजियम' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट दुनिया के रुझानों और जॉब मार्केट की जरूरतों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नैक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो केबी पंडा ने विश्वविद्यालय के नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के तहत चल रहे कार्यक्रमों और प्लेसमेंट संबंधित पहल के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो रमन बल्लभ जो इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) के राष्ट्रीय काउंसिल सदस्य हैं ने विद्यार्थियों को जॉब मार्केट की बदलती मांगों के बारे में बताया। उन्होंने कहा नौकरी पाने के लिए जरूरी स्किल्स पर ध्यान देना बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही करियर की सीढ़ी पर सफलता पाने के लिए विद्यार्थियों को अभी से तैयार होना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रमुख कॉरपोरेट कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इनमें टाटा स्टील, सीसीएल, सीएमपीडीआई, गर्ग इंजीनियरिंग जैसे बड़े नाम थे। निधि कुमारी टाटा स्टील के टैलेंट एक्विजिशन मैनेजर जमशेदपुर ने विद्यार्थियों को बताया कि वे अपनी पढ़ाई के दौरान ही अपने कौशल को बाजार की जरूरतों के हिसाब से ढालें। उन्होंने यह भी साझा किया कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती और इसके लिए निरंतर मेहनत की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम का अहम हिस्सा पैनल डिस्कशन था जिसमें दस बड़े कॉरपोरेट संगठनों के अधिकारी विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उनके सवालों का उत्तर देते रहे। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए इंटर्नशिप कार्यक्रम और एमओयू के लिए विचार-विमर्श किया।

# पीएम की स्वर्गवासी माता को अपशब्द कहना ओछी मानसिकता : कूटू बाबू

● अपशब्द कहना पूरे महिला समाज के लिए अपमानजनक कार्य है जो इस नारी प्रधान देश में आज तक नहीं हुआ

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** गुरुवार को बिहार के दरभंगा में राजद और कांग्रेस के संयुक्त मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गवासी माताजी को निजी रूप से अपशब्द कहने से पूरे देश का अपमान हुआ है।
प्रधानमंत्री का पद एक संविधानिक पद होता है जो देश की जनता के द्वारा चुना जाता है। अपने राजनीतिक हार की बौखलाहट में आरजेडी और कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कहना इन दलों की ओछी मानसिकता का परिचायक है जिससे पूरा देश मर्माहत हुआ है। उक्त बातें भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने पत्रकारों से बातचीत में कही।
उन्होंने कहा की स्थानीय प्रशासन और कोर्ट इसपर संज्ञान ले और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे क्योंकि प्रधानमंत्री कोई एक व्यक्ति नही बल्कि देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों का नेतृत्व करने वाला एक संवैधानिक पद है। साथ हीं सार्वजनिक मंच से उनकी पूज्य स्वर्गवासी माताजी को अपशब्द कहना पूरे महिला समाज के लिए अपमानजनक कार्य है जो इस नारी प्रधान देश में आज तक नहीं हुआ । कुंटू बाबू ने कहा की आने वाले बिहार चुनाव में इसका राजनीतिक खामियाजा कांग्रेस और आरजेडी को भुगतना पड़ेगा। कुंटू बाबू ने कहा की सामाजिक स्तर पर ऐसे बयानों की निंदा के साथ मैं बिहार सरकार और न्यायपालिका से इस घटना पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं जिससे देश की महिलाओं का आत्मसम्मान बना रहे।

## लाठी खेल हमारी पारंपरिक खेल का प्रतीक : ममता देवी



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के ईचातु गांव में गौसिया नौजवान कमिटी के तत्वाधान में लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लेकर अपने अद्भुत लाठी कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता व मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया परमेश्वर पटेल, कांग्रेस नेता इकबाल अंसारी, पूर्व मुखिया प्रदीप सिंह, समाजसेवी अब्दुल अंसारी , उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ममता देवी ने खिलाड़ियों को कप देकर सम्मानित किया और कहा लाठी खेल हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति का प्रतीक है। इस खेल के माध्यम से न सिर्फ हमारी परंपराओं का संरक्षण होता है बल्कि युवा पीढ़ी में अनुशासन, साहस और आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। सरकार हमेशा ऐसे ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान माहौल जोश और उत्साह से भरा रहा। अंत में अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति को बधाई दी। मौके पर कांग्रेस नेता मेहताब राही, तैयब, आफताब, आरिफ, अयान रजा, उतम महतो,रागीब, हरीश, इब्राहिम, हजरत, इरशाद, रहमत, साजिद, तौसीफ, सरफराज, अफरोज, इश्तियाक, नौशाद, रियाज,ताहिर, जाहिर, खुदुश अंसारी आदि उपस्थित थे ।

# हाथियों ने मजदूर को कुचला ग्रामीणों में भय का माहौल

» ग्रामीणों ने वन विभाग से की हाथियों को भगाने की मांग

» डीएफओ और जिप अध्यक्ष ने मुआवजे की अग्रिम 25 हजार रुपए की राशि सौंपी

» लोगों को सतर्क रहने और जंगल में न जाने की सलाह दी

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़ ।** रजरप्पा मंदिर मार्ग स्थित जनियामरा वन क्षेत्र ( भुचुंगडीह ) के समीप एक मजदूर को हाथियों ने कुचल कर मार डाला। ग्रामीण की पहचान गोला प्रखंड के बंदा पंचायत के मुरपा गांव निवासी मुस्ताक अंसारी उर्फ पहलवान पिता कादिर अंसारी ( 52 वर्ष ) रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मृत व्यक्ति शुक्रवार की अहले सुबह सीसीएल रजरप्पा वाशरी स्लरी लोडिंग का कार्य करने साईकिल से जा रहा था. इस बावत हाथियों के चपेट में आने से यह घटना घटी। घटना के बाद हाथियों की झुंड घने जंगल में लौट गए। प्रभागीय वन अधिकारी रामगढ़ नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जायजा लिया। इस दौरान डीएफओ की मौजूदगी में रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी द्वारा मृतक के बेटा नुरुल अंसारी को 25,000 रुपये की राहत राशि दी गई है, बाकी कागजी प्रक्रिया के बाद मुआवजे की राशि दी जाएगी। इसके उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया।
डीएफओ ने मृतक के परिजन के सदस्य को रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया है। डीएफओ ने मौजूद ग्रामीणों को रजरप्पा मंदिर मार्ग में स्ट्रीट लाईट लगाने का भी आश्वासन दिया है। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने और जंगल में न जाने की सलाह दी है।
जल्द ही हाथियों को इलाके से खदेड़ा जाएगा। वही घटना को लेकर वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. बताते चले कि पिछले कई दिनों से भुचुंगडीह एवं आपसपास के जंगल में जंगली हाथियों का झुण्ड ने अपना डेरा जमाये हुए है। ग्रामीण हाथियों के दस्तक से काफी भयभीत हैं और वन विभाग से हाथियों को भगाने की मांग कर रहे है। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, गोला पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी, भुचुंगडीह पंचायत मुखिया सुनीता देवी, बंदा मुखिया कुलदीप साव, वनपाल यशवंत कुमार, शंकर उरांव, झारखंड के सदर इतेहादुल अंसार, सरफुद्दीन सहित पूर्व जिप सदस्य गोपाल चौधरी, झामुमों नेता जगरनाथ महतो के अलावा ठाकुर दास महतो, सुलेमान अंसारी, राजू कुमार, सरजू करमाली, अदालत अंसारी सहित हज़ारों ग्रामीण मौजूद थे। इधर, हाथियों ने सरजू करमाली एवं अजय करमाली का होटल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे काफी नुकसान हुआ है।

## न्यूज बॉक्स

### किला मंदिर में गणेश महोत्सव, उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** श्री श्री गणेश पूजा समिति किला मंदिर में गणेश पूजा का आयोजन किया है। जिसके तहत गणेश जी के जीवंत नाटक का मंचन अविनाश सिंह के नेतृत्व में अन्य कलाकारों ने किया। जिसे देखकर भारी संख्या में उपस्थित हुए श्रद्धालुओं ने खूब पसंद किया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, पीयूष चौधरी, मुख्य संरक्षक भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, संरक्षक सह भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सह हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी का स्वागत कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति के नेतृत्व में अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने बारी बारी से किया। इस पूरे आयोजन में मंचन से लेकर पूजन तक का सारा कार्यभार की जिम्मेवारी पूरी तरह से मुख्य आयोजक के रूप में शक्ति श्रीवास्तव उर्फ दीपू के जिम्मे रहा। जिसमे उनका सहयोग शेरा राम और सौरव गुप्ता ने किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता, सत्यजीत चौधरी,रोहित सोनी, सचिव मधु राम, उप सचिव सेरा राम, कोषाध्यक्ष रूपक शाह, उप कोषाध्यक्ष अनुराग गुप्ता, संरक्षक सूर्यवंश श्रीवास्तव, दीपक सोनकर, प्रदीप कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, अनमोल सिंह, संजय सिंह एवं कमेटी सदस्य गोलू गुप्ता, अमन मिश्रा, रोहित, साहिल, गोलू, राजा, काली यादव, आतिश राम आदि ने योगदान दिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में खेला गया मैच



**रामगढ़।** मेजर ध्यानचंद जयंती तथा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खेल प्रेम और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। मैच की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने भारतीय हॉकी को विश्व पटल पर स्वर्णिम पहचान दिलाई और राष्ट्रीय खेल दिवस हमें खेलों के प्रति समर्पण, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाने की प्रेरणा देता है। फुटबॉल मैच में कक्षा सप्तम,अष्टम, नवम एवं दशम के भैया की बीच हुई। मैच में खिलाड़ियों ने शानदार कौशल और खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मुकाबले में अष्टम कक्षा ने नवम कक्षा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक अक्षय कुमार सिंह एवं राजेश महतो ने किया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का संदेश दिया।

### श्री दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की हुई पूजा

**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में चल रहे श्री दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन 29 अगस्त को विधि पूर्वक उत्तम मार्दव धर्म की पूजा हुई। उत्तम मार्दव के संबंध में श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा कि मार्दव धर्म आत्मा अर्थात् निजात्मा स्व-स्वरूप का धर्म है। जहां मृदु भाव या नम्रता नहीं है वहां धर्म भी नहीं है और वहां नियम, व्रत, तप, दान, पूजा इत्यादि जो मानव करता है विनय भाव के बिना सभी व्यर्थ गिनाया जाता है। कहता है कि मैंने ऐसा किया जो भी किया मैंने किया अन्य कोई भी मेरे समान किया नहीं इस तरह कह कर जो मान कषाय करता है वह अपनी आत्मा को ठगता है और दुनियाँ को भी ठगाया समझना चाहिए।

## छात्रों ने मेधा डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण किया




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के एमबीए और बीबीए के छात्र- छात्राओं ने मेधा डेयरी रांची का औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य प्रबंधन विभाग के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक काम-काज़ को समझना था। मेधा डेयरी के मार्केटिंग मैनेजर पवन कुमार सिन्हा ने सभी छात्र-छात्राओं को कंपनी के बारे विस्तार मे बताये और रांची प्लांट के काम-काज़ को दिखाए। उन्होंने मेधा डेयरी मे रोजगार के विभिन्न् अवसर के बारे भी छात्रो को अवगत करवाये। छात्रों ने ट्रेनिंग के बारे भी जानकारी लिए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने शैक्षणिक भ्रमण में जाने हेतु सभी को शुभकामनाएं दिए। सचिव प्रियंका कुमारी ने हार्दिक बधाई दी और बताया की विद्यार्थियो को शैक्षणिक भ्रमण से वास्तविक ज्ञान प्राप्त होता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के अजय कुमार ने सुबह् 11 बजे विद्यार्थियो को अनुशासन मे रहकर् औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण में जाने हेतु प्रोत्साहित किए।
शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में प्रबंधन विभाग के डॉ प्रशांत कुमार, मो. रिजवान नूरी और कुंदन कुमार ने योगदान दिया ।

### पुत्री की गुमशुदगी को लेकर पिता ने दर्ज करवाया सनहा

**बरही ।** डीएवी पब्लिक स्कूल के एक कर्मी ने अपनी पुत्री की गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज करवाया है। दर्ज सनहा के अनुसार उनकी 17 वर्षीय पुत्री बीते 23 अगस्त से घर से लापता है. इसकी वह काफी खोज बीन किए परंतु कुछ भी पता नही चला है। उनकी पुत्री की लंबाई 5 फीट 2 इंच है। जिसका रंग गोरा है, घर से निकलने के समय सफेद रंग की शर्त और काले रंग की ट्राउजर तथा पैर में जुती पहनी हुई थी। इस संबंध में पीड़ित पिता ने पुलिस से अपनी बच्ची की तलाश की गुहार लगाई है।

## फेल का मतलब फस्ट अटेंप्ट इन लर्निंग यानी, सीखने का पहला प्रयास : डॉ संजय

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** शुक्रवार को खुशी रथ विशेंट पब्लिक स्कूल पहुंचा। यहां खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास का संचालन विद्यालय की प्राचार्या रीतिका जी ने किया। इसके बाद खुशी रथ मॉर्डन पब्लिक स्कूल पहुंचा। यहां खुशी क्लास का संचालन डायरेक्टर दिलीप सिंह ने किया। खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए प्रो डॉ संजय प्रशाद सिंह ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। फेल का मतलब होता है, फस्ट अटेंप्ट इन लर्निंग.. यानि, सीखने का पहला प्रयास। फेल को कभी भी नकारात्मक रूप में नहीं लें।खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल निदेशक महेंद्र प्रसाद ने किया ।वहीं प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर बच्चों के लिए मानसिक तथा शारीरिक विकास हेतु तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता में कबड्डी,क्रिकेट,फुटबॉल, खो-खो, कुर्सी रेस, हाई जंप, लॉन्ग जंप, रस्सी पुलिंग,100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, तथा 400 मीटर रेस आदि खेलो में बच्चों के रुचि को बढ़ते हुए खेल के महत्व को बताया साथ ही उन्होंने देश के महान हाकी खिलाड़ी ध्यानचंद के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनका जीवन ही उनका खेल था।
बच्चों द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वालों को 14 नवंबर बाल दिवस के शुभ अवसर पर उन सभी को पुरस्कृत तथा अभिभावक सा सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक गण रोहित कुमार, दुलारचंद कुमार, योगेश कुमार, मनीष कुमार,कुमार सानू ,कौशल पांडेय, अमित कुमार, अंजली कुमारी, मुस्कान खातून, मधुमिता कुमारी, दीपा कुमारी, मनीषा कुमारी, एकता कुमारी, प्रिया कुमारी, अंशु कुमारी, अर्जुन प्रसाद, मुकेश कुमार, बबलू कुमार शामिल रहे।

### खुर्दज्वार में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज़

**बरही ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डपोक पंचायत के खुर्दजवार खेल मैदान में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ। जिसका शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व अल्पसंख्यक महाकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी ने उपस्थित अतिथियों संग संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजक नव युवक क्लब खुर्दज्वार की ओर से अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा बैच आरंभ

## विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** सभागार बरकट्ठा में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसमें प्रखंड सभागार बरकट्ठा में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बरकट्ठा नीलू रानी के द्वारा सेविकाओं का प्रशिक्षण का शुरूआत किया गया।



यह प्रशिक्षण 28 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 तक चलेगी । जिसमें इचाक की प्रतिनियुक्ति महिला पर्यवेक्षिका संध्या कुमारी के द्वारा प्रशिक्षण दी गई । प्रशिक्षण के आज दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे सीडीपीओ नीलू रानी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को बतलाया कि बच्चों को कुपोषण से कैसे मुक्त किया जा सकता है। साथ ही साथ बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति कैसे रुचि पैदा किया जा सकता है ।

विधायक तिवारी महतो ने किया साइकिल का वितरण, कहा

## बच्चें मेहनत जारी रखें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** 29 अगस्त को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रांगण में साइकिल वितरण सह संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो और विशिष्ट अतिथि बालेश्वर भुईयां, विधायक प्रतिनिधि नरेश महतो, मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी , बैजनाथ राम , मदन महतो ,योगेश्वर महतो ,बीपीओ अहिया इस्लाम ,अमरेंद्र गुप्ता ,सीआरपी सत्येंद्र कुमार , लक्ष्मण कुमार , संतोष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक संस्कृत का मधुराष्टकम् गीत से एवं नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया गया ।इसके अंगवस्त्र देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया । डॉ सुनील कुमार कश्यप ने संस्कृत में भाषण देते हुए कहा कि आज साइकिल वितरण समारोह है और संस्कृत दिवस भी विद्यालय परिसर में मनाया जा रहा है । इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य अतिथि मांडू के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने छात्र-छात्राओं के संस्कृत, हिंदी की प्रतिभा एवं नृत्य को देखकर कहा कि विद्यालय में डॉ सुनील कुमार कश्यप जैसे शिक्षक बच्चों को मिल हैं। विधायक ने डॉ सुनील कुमार कश्यप को शॉल ओढाकर सम्मानित करते हुए कहा की आज के कार्यक्रम और बच्चों की प्रतिभा को देखकर मुझे लगता है कि डॉ कश्यप अनुभवी शिक्षक हैं जो बच्चों की प्रतिभा तराशने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी मेहनत जारी रखें आपको सफलता मिलेगी। कहा कि आप सभी लोग सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे गुरु आपको मिले हैं । प्रबंधन समिति और ग्रामीणों से भी आग्रह करते हैं यहां कुशल और योग्य शिक्षक लोग हैं उनका सहयोग करें और बच्चों को नियमित स्कूल भेजें।

## गणपति बप्पा को नम आंखों से दी विदाई



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर तीन दिवसीय गणपति महोत्सव का समापन धूमधाम और श्रद्धा भाव से किया गया। बरकट्ठा, शीलाडीह, लगनवा और बंडासिंगा चौक में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के बाद विसर्जन जुलूस निकाला गया। भक्तों ने भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों के बीच जयकारा लगाते हुए बप्पा को विदा किया। श्रद्धालुजन नम आंखों से बप्पा से आशीर्वाद मांगते हुए "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" का जयघोष करते रहे। शोभायात्रा में महिला-पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। विसर्जन यात्रा के दौरान भक्तजन नाचते-गाते आगे बढ़े। पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने बताया कि गणपति महोत्सव भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है, और इसी भावना के साथ पूरे उत्साह से इसे मनाया गया। महोत्सव के समापन अवसर पर बंडासिंगा चौक पर भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। पूजा समिति के सचिव अजीत बर्नवाल ने बताया कि भंडारा का आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। विसर्जन के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहे और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर लोगों ने गणपति बप्पा से सुख-समृद्धि, शांति और आपसी एकता की कामना की। इस मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, समाजसेवी सुरेंद्र साव, जितुलाल साव, किशोर साव, सुरेश नायक, शंकर साव, किशोर मोदी, समिति के अध्यक्ष उत्तम नायक, सचिव अजीत बर्नवाल, कोषाध्यक्ष अंशु कुमार, जागेश्वर नायक, राजकुमार तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक , डीसी ने विभागों दिए सख्त निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, वाहनों की जांच एवं संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।बैठक में जानकारी दी गई कि अगस्त 2025 माह में जिले में कुल 06 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जुलाई एवं अगस्त माह में 467 वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में 281 लोग बिना हेलमेट, 43 बिना चालक अनुज्ञप्ति, 79 टेंपो तथा 64 अन्य व्यावसायिक वाहन पकड़े गए। इस दौरान कुल 5,79,420 की दंड राशि वसूली गई।डंडारीपानी पुलिया की मरम्मत पर भी विशेष चर्चा हुई। राष्ट्रीय उच्च पथ के सहायक कार्यपालक अभियंता ने बताया कि मरम्मत हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है किंतु लगातार हो रही वर्षा के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। फिलहाल गड्ढों की भराई कर दी गई है। उपायुक्त महोदया ने शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त सड़क किनारे स्थित सूखे एवं दुर्घटनाजन्य पेड़ों की कटाई हेतु वन प्रमंडल को अनुमति प्राप्त कर कार्रवाई करने को कहा गया। विद्युत प्रमंडल को चिन्हित विद्युत खंभों को सितंबर 2025 तक हटाने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद अंतर्गत दवा दुकानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा में बताया गया कि 29 दुकानों में कैमरे लगाए गए हैं, जबकि शहर में स्थापित सड़क सुरक्षा कैमरों में से 24 खराब पाए गए। उपायुक्त ने इनके शीघ्र मरम्मत एवं उचित एंगल पर अधिष्ठापन करने का निर्देश देते हुए कैमरों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग पर बल दिया।बैठक में स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी स्कूल वैन, ऑटो एवं अन्य वाहनों की गहन जांच की जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही सड़क दुर्घटना संभावित स्थलों पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बखला, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी तथा विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो. समी आलम एवं विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर रोक के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे : उपायुक्त

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अवैध खनन की रोकथाम एवं उस पर की गई अब तक की कार्रवाई की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने बालू एवं पत्थर के अवैध खनन की मौजूदा स्थिति पर विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में कड़ी निगरानी रखते हुए अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को नियमित छापेमारी अभियान चलाने और दोषियों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि अगस्त 2025 माह में अवैध बालू खनन के 05 तथा स्टोन चिप्स खनन के 01 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में प्राथमिकी दर्ज करते हुए 6,89,024 रुपये का राजस्व वसूला गया है।उपायुक्त ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नदियों से बालू उठाव पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और प्रशासन इसकी सतत निगरानी करेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन अवैध खनन रोकने के लिए हर स्तर पर सख्त कदम उठाएगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।बैठक में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## जिले की कुपोषण समस्या पर विधायक भूषण बाड़ा ने सदन में उठाया सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के दौरान जिले की कुपोषण समस्या पर सवाल उठाया है।विधायक ने सत्र के माध्यम से सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या यह बात सही है कि जिले के आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए बनाये जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता एवं नियमितता दोनों ही गायब है। इस कारण बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। इस पर सरकार द्वारा गोल मटोल जवाब देते हुए अस्वीकारात्मक बताया गया। सरकार द्वारा बताया गया कि केंद्र में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को नियमित रूप से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कुपोषण की दर में निरंतर कमी आ रही है। जून 2025 तक जिले में कुल 655 कुपोषित बच्चे चिन्हित किए गए हैं। विधायक ने आगे सवाल पूछते हुए कहा कि यदि उपरोक्त सभी उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार मामले की गंभीरता को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा दोषियों पर करवाई कराने का विचार रखती है। यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों। इस पर सरकार द्वारा बताया गया कि केंद्रों में पोषाहार वितरण के अनुश्रवण हेतु प्रत्येक आँगनबाड़ी केन्द्रों में स्थानीय वार्ड सदस्य की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति गठित की गई है। साथ ही पोषाहार के नियमित वितरण का निरीक्षण भी उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से किया जाता है। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर कुपोषण उन्मूलन के महती लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।

### विधायक ने मुस्लिम वोटरों की वृद्धि संबंधी आरोपों को बताया निराधार, कहा-

## वोट चोरी जैसे मामलों से जनता का ध्यान हटाने के लिए बयानबाजी कर रहा है विपक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा सिमडेगा जिले में मुस्लिम वोटरों की संख्या बढ़ने के आरोप लगाए जाने को विधायक भूषण बाड़ा ने पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। विधायक ने कहा कि विपक्ष द्वारा गलत आंकड़ा पेश कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इसे तुरंत बंद किया जाए। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिले की हकीकत सबके सामने है। शहरी क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोग मुख्य रूप से भठ्ठीतोली, खैरनटोली और बीच मुहल्ला जैसे कुछ इलाकों में ही रहते हैं। उनकी आबादी कितनी है यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि रोज़गार और काम की तलाश में बाहर से कुछ लोग ज़रूर आते हैं। ऐसे लोग राज्य और देश के हर कोने में नजर आयेंगे। लेकिन उनका मतदाता सूची से कोई संबंध नहीं होता।सिमडेगा जिले में मतदाता सूची निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया में तैयार होती है और इसमें किसी तरह की धांधली की गुंजाइश नहीं है। भूषण बाड़ा ने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी को चाहिए कि वे तथ्यों पर आधारित राजनीति करें, न कि अफ़वाहों के सहारे जनता को गुमराह करें। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस तरह के बयान देकर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहता है और सच्चाई छिपाने के लिए समुदाय विशेष को निशाना बना रहा है। विधायक ने ज़ोर देकर कहा कि सिमडेगा की गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे को इस तरह की बयानबाज़ी से तोड़ा नहीं जा सकता। जनता विकास और पारदर्शिता चाहती है, न कि भ्रम और नफ़रत की राजनीति।विधायक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम वोटरों की वृद्धि जैसी बातें असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की रणनीति हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल विपक्ष वोट चोरी जैसे गंभीर मामलों से जनता का ध्यान हटाने के लिए निराधार बयानबाज़ी कर रहा है।

### भारी बारिश से बानो-टीकूनटोली सड़क क्षतिग्रस्त

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत कोनसौदे पंचायत के टीकूनटोली से बानो जाने वाली मुख्य सड़क भारी बारिश के कारण बह गई है। सड़क ध्वस्त होने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूली बच्चों को विद्यालय जाने में काफी परेशानी हो रही है।ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी कांग्रेस कोनसौदे पंचायत अध्यक्ष श्री किरण कुंडलना को दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री नईमुद्दीन अंसारी को मामले से अवगत कराया।सूचना मिलते ही बीडीओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित कनीय अभियंता (जेई) को घटनास्थल पर भेजने का निर्देश दिया। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने को कहा।

## लचरागढ़ महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** लचरागढ़ ग्राम स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में लचरागढ़ आजीविका महिला संकुल संगठन सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। इसमें सैकड़ों जीविका दीदियों ने भाग लेकर वर्षभर की उपलब्धियों और गतिविधियों की समीक्षा की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुआ। लेखापाल संगीता देवी ने 2024-25 का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जबकि संकुल समन्वयक उर्मिला देवी ने आगामी योजनाओं पर जानकारी दी। इस दौरान आईपीआरपी द्वारा स्वरोजगार, बचत, शिक्षा, स्वास्थ्य और नशा मुक्ति जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।सभा में लचरागढ़ व एडेगा पंचायत की मुखियाओं ने महिला समूह की भूमिका की सराहना की। समाजसेवी सुषमा मिश्रा ने कहा कि महिला समूह आत्मनिर्भर समाज की नींव है। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक ने महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं बीपीएम अगापित लुगुन ने समूहों को बधाई देते हुए निरंतर प्रगति की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का संचालन जेंडर सीआरपी नंदिनी देवी ने किया। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अगले वर्ष और अधिक सक्रियता से काम करने का संकल्प लिया। दीदियों ने "आवाज दो हम एक हैं, सहेंगे नहीं कहेंगे" जैसे नारों से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

### बेरीटोली हॉकी टूर्नामेंट किसान क्लब 2025 का आगाज

**पाकरटांड़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेरीटोली किसान क्लब के तत्वावधान में हॉकी महाकुंभ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 5 सितम्बर से 10 सितम्बर तक पाकरटांड़ थाना मैदान में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 10 सितम्बर को दोपहर 2 बजे होगा। प्रतियोगिता में किसी भी टीम से अधिकतम पाँच अंतरराष्ट्रीय या साई सेंटर के खिलाड़ी ही खेल सकेंगे। टीमों की एंट्री 1 सितम्बर से शुरू होगी तथा प्रवेश शुल्क 1501 रुपये रखा गया है।विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप विशाल खस्सी, द्वितीय पुरस्कार में बड़ा खस्सी तथा सी पुल मुकाबले में तीसरा खस्सी दिया जाएगा।

## मातृत्व अवकाश पर गई शिक्षिकाओं का वेतन बंद नहीं होगा : जिला शिक्षा अधीक्षक

**नवीन मेल संवादाता**

- **आदेश झारखंड सेवा संहिता के नियम 220 एवं वित्त विभाग के पत्रांक 551 (1 मार्च 2007) के आधार पर जारी।**

**सिमडेगा।** जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने मातृत्व अवकाश पर गई महिला शिक्षिकाओं का वेतन बंद नहीं करने संबंधी पत्र प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बानो को सौंपा है। यह आदेश झारखंड सेवा संहिता के नियम 220 एवं वित्त विभाग के पत्रांक 551 दिनांक 1 मार्च 2007 के आधार पर जारी किया गया है।अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने बताया कि लंबे समय से शिक्षिकाओं को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा था। पहले मातृत्व अवकाश लेने पर उनका वेतन बंद हो जाता था और विद्यालय में ज्वॉइन करने के बाद ही वेतन चालू होता था। इस बीच लगभग छह महीने तक वेतन बंद रहने से प्रसव एवं इलाज के समय महिला शिक्षिकाओं को आर्थिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था।उन्होंने बताया कि इस समस्या को संघ की ओर से जिला शिक्षा अधीक्षक के समक्ष रखा गया था। डीएसई दीपक राम ने महिला शिक्षिकाओं की परेशानी को समझते हुए नियमानुसार वेतन बंद न करने का आदेश जारी किया है।शिक्षक संघ ने इस पहल के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को धन्यवाद दिया है और कहा है कि इस आदेश से जिले की महिला शिक्षिकाओं सहित सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है।

## न्यू स्टार गड़गड़बहार और आशीष ब्रदर्स राउरकेला का सेमीफ़ाइनल मुकाबला बराबरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मैदान में चल रही डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफ़ाइनल शुक्रवार को खेला गया। रोमांचक मुकाबला न्यू स्टार गड़गड़बहार और आशीष ब्रदर्स राउरकेला के बीच खेला गया। जो अंत तक 1-1 गोल कर बराबरी पर समाप्त हुआ। अब निर्णायक मैच शनिवार को दोबारा खेला जाएगा। मौक़े पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत कराई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा खेल प्रतिभा की धरती है। यहां के खिलाड़ियों ने देश-दुनिया में नाम रोशन किया है। राज्य सरकार और विधायक भूषण बाड़ा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी के प्रयास से खेल के क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। हॉकी के साथ-साथ फुटबॉल मैदानों का विस्तार भी तेजी से हो रहा है। आने वाले समय में सिमडेगा खेलों का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। दोनों विधायकों के सहयोग से अब न सिर्फ हॉकी, बल्कि फुटबॉल के लिए भी नया अध्याय शुरू हो रहा है। बहुत जल्द जिला मुख्यालय में आधुनिक फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। मौके पर रेफरी की भूमिका विक्रम उरांव, राजेन्द्र कच्छप, छोटू मुंडा और बिरज उरांव ने निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अध्यक्ष मो. कयूम आलम, पिंटू कुमार सिंह, तबरेज आलम, संजय प्रसाद, असफाक आलम, असजद अफरीदी, नरेंद्र बड़ाईक, अभिषेक विश्वास, आकिब अफरीदी, राजा आलम, फिरदौस आलम, वसीम सिद्दीकी, असित केरकेट्टा, मो. हासिम समेत खेल समिति के सभी सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर मुखिया संगीता मिंज, पूर्व मुखिया बंधु माँझी, विधायक प्रतिनिधि सलमान खान, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, प्रतिमा कुजूर, जूली लुगून, ज्योति लकड़ा, विमला देवी, संगीता देवी, जोन आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर शिशु/विद्या मंदिर में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास साहू तथा विशिष्ट अतिथि संकुल प्रमुख संतोष दास उपस्थित रहे।इस अवसर पर अंतर विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लचरागढ़, केतुंगधाम और मरानी के बीच किया गया। इसमें विवेकानंद शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ की टीम विजेता रही, सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर केतुंगधाम उपविजेता बनी तथा सरस्वती शिशु मंदिर मरानी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।तत्पश्चात शिशु वाटिका वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए मेंढक दौड़ प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें शिव सिंह प्रथम, शिवम कुमार सिंह द्वितीय और कृष नायक तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं में प्रतिमा कुमारी प्रथम, नंदिता कच्छप द्वितीय और नेहा भुइंया तृतीय स्थान पर रहीं।शिशु मंदिर के छात्रों के लिए रस्साकस्सी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम स्थान भरत दल और द्वितीय स्थान आरुणि दल ने प्राप्त किया। जिसमें हीना कुमारी प्रथम, पायल कुमारी द्वितीय और प्रियंका कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय खेल प्रमुख डोमन चंद महतो, मरानी के प्रधानाचार्य मैनुएल मुंडा, केतुंगधाम के प्रभारी प्रधानाचार्य बंधनू केरकेट्टा, एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

### बानो में धूमधाम से संपन्न हुआ गणेश प्रतिमा विसर्जन

**बानो।** गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष से शुक्रवार को बानो का वातावरण भक्तिमय हो उठा। नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति बड़ाईक टोली द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव के समापन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालकर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।सुबह पूजा-अर्चना के बाद भक्तगण ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन और भक्ति गीतों पर नाचते-गाते जुलूस के रूप में प्रतिमा को बानो बिरसा मुंडा चौक से मुख्य मार्ग होते हुए जयपाल मैदान तक लेकर गए। वहां से वापस लौटते हुए प्रतिमा को ब्लॉक तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को अंतिम प्रणाम कर विदाई दी।

## मनरेगा में जियो फेंसिंग व ई-केवाईसी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा के सभागार में मनरेगा अंतर्गत जियो फेंसिंग एवं ई केवाईसी से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता रोहित साहू एवं ग्राम रोजगार सेवक बिक्की पासी ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि मनरेगा योजनाओं में जियो फेंसिंग एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि मजदूरों की उपस्थिति वास्तविक कार्य स्थल पर ही दर्ज हो। इसके अंतर्गत योजना क्षेत्र के चारों ओर एक वर्चुअल सीमा बनाई जाती है। एनएमएमएस ऐप से उपस्थिति दर्ज करते समय यदि मजदूर इस सीमा से बाहर रहते हैं, तो उनकी उपस्थिति स्वतः अमान्य मानी जाएगी।इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता लाना और फर्जी उपस्थिति पर रोक लगाना है। इसके माध्यम से वास्तविक कार्य की निगरानी संभव होगी, मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा तथा उपस्थिति का सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।लाइव प्रशिक्षण के लिए सिमडेगा प्रखंड के जोकबहार पंचायत में चयनित योजनाओं पर जियो फेंसिंग का डेमो आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने इसे व्यवहारिक रूप से समझा और अनुभव प्राप्त किया।प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रत्येक प्रखंड से दो-दो ग्राम रोजगार सेवक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने इस तकनीक को भविष्य में मनरेगा योजनाओं के सुचारु और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रधानमंत्री को मां के नाम से गाली देने की घटना की भाजपा ने की निंदा



**सिमडेगा।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा के दौरान कांग्रेस एवं राजद कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी मां के नाम से गाली देने की घटना की भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी निंदा की है। इस घटना पर भाजपा नेताओं ने कहा कि राजनीति में शालीनता और संयम आवश्यक है, लेकिन विपक्ष ने बार-बार मर्यादाओं का उल्लंघन किया है।भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया है, वह लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को न केवल इस घटना की निंदा करनी चाहिए बल्कि देश से माफी भी मांगनी चाहिए।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति लगातार असंवेदनशील और असमर्यादित भाषा का प्रयोग विपक्ष की हताशा को दिखाता है। पहले भी मोदी जी के लिए मौत का सौदागर, नीच, चोर, साँप जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया और अब उनकी दिवंगत माता को भी इसमें शामिल करना पूरी तरह से निंदनीय है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर सिमडेगा में 20वीं मेजर ध्यानचंद हॉकी चैंपियनशिप का आगाज



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में 20वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एम. अर्शी ने गेंद पुस कर, दीप प्रज्वलित कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।कार्यक्रम की शुरुआत में मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात् सभी उपस्थित लोगों ने स्वस्थ रहने और दूसरों को भी खेल के लिए प्रेरित करने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली।13 दिवसीय प्रतियोगिता 29 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगी, जिसमें कुल 48 टीमें (पुरुष वर्ग में 32 तथा महिला वर्ग में 16) भाग ले रही हैं। इन टीमों में सिमडेगा जिले के 800 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं।मुख्य अतिथि श्री अर्शी ने कहा कि सिमडेगा की पहचान विश्व स्तर पर हॉकी से है और इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस परिवार की ओर से खेलों के सर्वांगीण विकास का आश्वासन दिया। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग दिया जाएगा। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज प्रसाद ने प्रतियोगिता के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि इस आयोजन से अब तक 15 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।पहले दिन महिला वर्ग के उद्घाटन मैच में +2 उच्च विद्यालय पाकरटांड़ ने आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी को 2–0 से पराजित किया। प्लेयर ऑफ द मैच श्रुष्टि सोरेंग रही।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन




**सिमडेगा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रखंड बोलबा स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कादोपानी के खेल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें खेलों के माध्यम से अनुशासन, परिश्रम और एकता का संदेश देता है।प्रतियोगिता में विभिन्न युवा मंडलों की छह टीमों ने भाग लिया। मुकाबले में स्वामी विवेकानंद क्लब, चोरी चोखा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कादोपानी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का सफल नेतृत्व संजय पान ने किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को खेल नीति और खेलों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में खेल दिवस मनाया गया




**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान उनकी तस्वीर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर कक्षा दसवीं की छात्रा सुजाता रवानी ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके खेल जीवन और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हॉकी के महानायक माने जाते हैं।विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनसे अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और टीम भावना को भी मजबूत बनाते हैं।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बरसलोया में गणेश महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरसलोया स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में शिवाजी क्लब बरसलोया द्वारा गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर मंडप में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूजन-अर्चन किया गया। आकर्षक पंडाल और विद्युत सज्जा से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।तीन दिवसीय गणेशोत्सव में ग्रामीणों ने विघ्नहर्ता गणपति का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। पूजा समिति द्वारा रात्रि में बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि आचार्य कुलदीप ओहदार एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व आचार्य अयोध्या सोनी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में 35 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें दो वर्ग बनाए गए। दस वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में कृति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए समिति को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवाजी क्लब बरसलोया के सभी सदस्य व ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बौआ कला उत्तर पंचायत के ग्रामीणों ने रास्ते की घेराबंदी का जताया विरोध

नवीन मेल संवाददाता



**बौआ कला।** आठ लेन के नजदीक बौआ कला मौजा अंतर्गत निर्माणाधीन तथाकथित सोसाइटी के प्रवेश द्वार पर ग्रामीणों ने मुखिया भीम लाल रजक, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण रजक उर्फ शंकर रजक एवं आजसू राजगंज मंडल सचिव देवनारायण महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को सरकारी जमीन व जोरिया का अतिक्रमण करने और ग्रामीण रास्ते की घेराबंदी करने का विरोध जताया। चूंकि,चारों ओर से चारदीवारी का निर्माण किया गया हैं। वहीं प्रवेश द्वार पर गेट भी लगाया गया हैं। जिससे ग्रामीणों के आने जाने का रास्ता सभी तरफ से बंद हैं।चारदीवारी के किनारे से रास्ता हैं,लेकिन जिसमें आवागमन की सुविधा नहीं हैं। बीच में कई ग्रामीणों का निजी खेत व पूजा स्थल भी हैं। जबकि,शौच - स्नान आदि के लिए प्रतिदिन ग्रामीण जोरिया के लिए इससे होकर ही जाते थे।वहीं यह रास्ता ग्रामीणों को आठ लेन सड़क से भी जोड़ता हैं। ग्रामीणों के अनुसार बाउरी टोला, डोम टोला, ऊपर टोला, नीचे टोला आदि के ग्रामीण रास्ते की घेराबंदी से प्रभावित हैं। वहीं जोरिया के पानी का उपयोग ग्रामीणों के प्रतिदिन की जरूरत हैं। आजसू पार्टी के राजगंज मंडल सचिव देवनारायण महतो ने बताया कि कई प्लॉट हैं, जो ग़ैराबाद हैं। जोरिया की जमीन का भी अतिक्रमण हुआ हैं। वहीं ग्रामीण रास्ते को बाधित करना गलत हैं।इसको लेकर वे संबंधित पदाधिकारियों को लिखित ज्ञापन सौंपेंगे। जबकि,इस मामले को लेकर रियल एस्टेट कंपनी के मालिक से वार्ता के लिए बात हुई हैं।वार्ता के लिए शनिवार का समय दिया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि वार्ता सकारात्मक नहीं हुई तो जोरदार आंदोलन कर अतिक्रमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर झारखंड मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर झारखंड मलखंब अकादमी, रांची के तत्वावधान में रांची जिला बालक-बालिका मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग पचास खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नारी शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती आरती बेहरा, विशिष्ट अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, डोरण्डा महाविद्यालय, रांची के प्राध्यापक अवधेश कुमार ठाकुर एवं झारखंड राज्य मलखंब संघ के कोषाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ी को पदक देकर सम्मानित किया। जबकि आंगन्तुको का स्वागत सह मंच संचालन झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने किया । इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय कुमार, शुभम सिंह, सरिता कुमारी,अनुशिखा कुमारी, सारथी बेहरा एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अकादमी के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया। सभी खिलाड़ियों द्वारा पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब और पिरामिड का शानदार प्रदर्शन किया गया।

## दो अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**चान्हो।** शुक्रवार को चान्हो थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पहले मामले में जुबेर अंसारी, पिता हसबुल अंसारी, ग्राम लुंडरी, थाना चान्हो जिला रांची को तार चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह मामला 2024 का है जिसका धारा 379/411/34 के तहत मामला दर्ज है। वहीं, दूसरे मामले में वर्ष 2021 की प्राथमिकी के अभियुक्त रोपना उरांव, पिता गजन उरांव, ग्राम बरहे, थाना चान्हो को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला झारखंड खान एवं खनिज अधिनियम 2004, धारा 379/34 के तहत दर्ज है। आरोपी को रांची जिला खनन मामले में जेल भेजा गया।

## डीटीओ ने चलाया विशेष वाहन जांच अभियान

# 37 वाहनों पर कार्रवाई, 5.22 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया

- "हमारा उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को लालगुटवा और पंडरा क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार और मोटरयान निरीक्षकने संयुक्त रूप से किया।

इस अभियान के तहत कुल 256 वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें वाहनों के प्रेशर हॉर्न, काला शीशा, पथकर, फिटनेश सर्टिफिकेट, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, परमिट, ओवरलोडिंग, और चालक अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों और नियमों की जाँच शामिल थी। जांच के दौरान 37 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इनमें अपूर्ण दस्तावेज और ओवरलोडिंग जैसे उल्लंघन शामिल थे। इन वाहनों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए 5,22,750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, 06 वाहनों को नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण जप्त कर पंडरा ओपी में सुरक्षित रखा गया है।

जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा, "हमारा उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है। इस तरह के अभियान न केवल नियमों का उल्लंघन रोकने में मदद करते हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देते हैं। हम सभी वाहन चालकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण रखें और यातायात नियमों का पालन करें।"

यह अभियान जिला परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा और नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि राँची की सड़कों को और सुरक्षित बनाया जा सके।

## विद्यालय के किचेन शेड से चार गैस सिलेंडरों की हुई चोरी

- चोरों ने अब तक कई स्कूलों में घटना को दिया अंजाम
- पुलिस को नहीं मिला है कोई सुराग

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग ।** लापुंग थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल के चोरों के निशाने पर हैं। गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के किचेन शेड का ताला काटकर किचेन शेड में रखे चार सिलेंडर चोरी कर ली। सभी गैस सिलेंडर में एलपीजी गैस भरे हुए थे। शुक्रवार की सुबह जब विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ विद्यालय पहुंचे तो किचन सेट का ताला कटा हुआ पाया। गैस सिलेंडर की चोरी कर चोरों ने न सिर्फ पूरे गांव वाले बल्कि पुलिस प्रशासन को भी खुली चुनौती दी है। इससे पहले उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ताबेर खुर्द, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कारुम, आरसी उच्च विद्यालय मनहा टोंगरी सहित दर्जनों विद्यालयों से किचेन शेड में चोरी कर चोरों ने दर्जनों गैस सिलेंडर चोरी कर ली हैं। दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है कि अभी तक कोई भी मामला का पुलिस ने उद्वेभेदन नहीं किया है। इससे चोरों का हौसला जहां बुलंद है जहां चोर मस्त है वहीं पुलिस पस्त है। गवाही व कोर्ट के चक्कर की बात कहकर पुलिस कर्मी मामले में एफआईआर न कर सिर्फ सन्हा दर्ज कर रही है।

## हॉफ मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आज भारत के महान हॉकी खिलाड़ी सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर पर्यटन, कला,संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय,रांची (झारखंड सरकार) के तत्वावधान में आज बापू वाटिका, मोरहाबादी मैदान हॉफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस हॉफ मैराथन दौड़ में लगभग पुरुष-महिला वर्ग से पांच सौ अधिक खिलाड़ी ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के अवर सचिव राजेश कुमार, विशिष्ट अतिथि हॉकी के पूर्व ओलम्पियन मनोहर टोप्नो, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक विनोद सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, राँची ऋतुराज जी ने संयुक्त रूप से रंग बिरगें गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता प्रारम्भ किया गया ।उससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत बुके, प्रतीक चिह्न देकर जिला खेल पदाधिकारी, राँची शिवेंद्र कुमार ने किया।

**प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है**

**पुरुष वर्ग:-**
1.अनुप उरांव
2.सिरिल टोप्पो
3.रोशन कुमार रविदास

**महिला वर्ग :-**
1.सुमन कुमारी
2.आरती कुमारी
3.सावित्री कुमारी

सभी विजेता खिलाड़ी को ट्रैक सुट, पदक, वाटर बोतल देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

## एनके एरिया में मेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि




**खलारी।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सीसीएल एनके क्षेत्र में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम सीसीएल मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के तहत आयोजित किया गया। एनके एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में सबसे पहले मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 'फिट इंडिया' शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर एनके हाकी टीम की ओर से एनके स्टेडियम, डकरा में एक फ्रेंडली हाकी मैच का आयोजन किया गया।

## ग्रामीण बैंक का वित्तीय समावेशन कैंप आयोजित

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड के डाडी.पंचायत में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में वित्तीय समावेशन कैम्प का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक प्रिय रंजन ने रि-केवाईसी के लिए सभी लोगो को जागरूक किया । शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री जनजीवन ज्योति योजना के क्लेम के तहत दिवंगत जगदीश साहु की पत्नी राखी कुमारी को दो लाख का चेक ककरिया शाखा के द्वारा अध्यक्ष श्री मदन मोहन बरियार के हाथों दिया गया। यह कैम्प लापुंग शाखा तथा ककरिया शाखा के संयुक्त रूप से रखा गया था। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव और मुखिया सुमिला मिंज सहित कई अतिथि और ग्रामीण विशेष रूप से उपस्थित थे।

## गुलजारबाग फुटबॉल मैदान पर कब्जे की कोशिश का ग्रामीणों ने किया विरोध

**खलारी।** खलारी गुलजारबाग स्थित बिरसा मुंडा क्लब फुटबाल मैदान पर खेलने से रोके जाने के बाद स्थानीय ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। इसे लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिप सदस्य सरस्वती देवी ने व संचालन पंचायत मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2002 में बिरसा मुंडा क्लब ने स्थानीय लोगों के सहयोग से इस मैदान को तैयार किया था। यह बच्चों और युवाओं के लिए खेल का प्रमुख केंद्र है, लेकिन वर्तमान में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय द्वारा मैदान पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी बच्चे खेलने आते हैं तो विद्यालय के वार्डन पुलिस प्रशासन बुलाकर उन्हें मैदान से हटा देते हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यह मैदान स्थानीय लोगों का है और इसे किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। साथ ही प्रशासन से मांग की गई है कि गुलजारबाग एवं आसपास के बच्चों को खेल में बाधा न दी जाए। बैठक में सिन्नी समद, जुगेश्वर राम, विजय गोप, शरद गोप, रवि उरांव, देव गोगराई, अंशु गोप, आलोक लोहार, आरके यादव, रेणु कुमारी, निश्चस टोप्पो, मंगरी देवी, पूजा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रीचंदजी महाराज की जयंती एक सितंबर को

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के बड़ा तालाब के पश्चिम में स्थित प्राचीन फूल बाबा आश्रम में उदासीन पंथ के आदिगुरु श्रीचंदजी महाराज की जयंती आगामी सोमवार (01 सितंबर 2025) को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। फूलबाबा ट्रस्ट के पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष श्रीचंद जयंती के अवसर पर कार्यक्रम होते रहे हैं। इस वर्ष विशेष रूप से कार्यक्रम हो रहे हैं। विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि ट्रस्ट के सचिव मनोज चौधरी की निगरानी में बड़े भूखंड की साफ-सफाई का काम हो रहा है। फूलबाबा आश्रम में गुरुग्रंथ साहब की पूजा-अर्चना की जाती है। आश्रम में स्थापित श्री शिव मंदिर व श्री बजरंगबली के मंदिर भी संचालित हैं। श्रीचंद जयंती के अवसर पर 01 सितंबर को शुद्ध घृत का गुरुग्रंथ साहब को कडाह प्रसाद अर्पित करके भक्तों में पूर्वाह्न 12:30 बजे वितरित किया जाएगा। फूलबाबा आश्रम का कडाह प्रसाद प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से भक्तगण आश्रम पधारते हैं। 1000 से ज्यादा श्रद्धालु कडाह प्रसाद प्राप्त करेंगे। पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि आश्रम में दिन में दो बजे फूलबाबा भंडारा का दिव्य आयोजन होगा। भंडारा के प्रसाद में पूड़ी, सब्जी एवं बुंदिया वितरित किया जाएगा। श्रीचंद जयंती की सभी तैयारियां चल रही हैं। फूलबाबा ट्रस्ट के अध्यक्ष यतींद्र नाथ सिंह, सचिव मनोज चौधरी, पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया एवं ट्रस्टी अरुण वुधिया, मधूसुदन चौधरी, चमनलाल टांक, हरिशंकर चौधरी सहित विभिन्न कार्यकर्ता अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025 का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आकाश में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सिमडेगा को खेल नगरी बताते हुए कहा कि यहां खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सरकार की ओर से खेलों को प्रोत्साहन हेतु हर संभव मदद दी जा रही है।मौके पर एडीपीओ, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो खदान बंद करेंगे विस्थापित: मोर्चा

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने शुक्रवार को पुरनाडीह परियोजना कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में रैयत विस्थापित पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया। धरना की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष राजेंद्र उरांव ने की। मोर्चा की ओर से परियोजना पदाधिकारी को 16 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रमुख मांगों में गैर मजरुआ खास एवं जंगल-झाड़ी की जमीन के एवज में नौकरी और मुआवजा, रैयतों के रुके नियुक्ति पत्र की वितरण, अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी, घर, पेड़ और कुएं का मुआवजा, महिला कामगारों के लिए अलग शौचालय, कठोन गांव में शुद्ध पेयजल व शौचालय, जामडीह के जर्जर पुल की मरम्मत, विस्थापितों को प्रमाण पत्र और शीघ्र नियमितीकरण शामिल हैं। इसके अलावा बागी टोंगरी पुनर्वास स्थल पर समुचित सुविधा तथा स्कूल में बेंच, टेबल, कंप्यूटर उपलब्ध कराने की मांग की गई।



लोक सेवा समिति सेवा की 34वीं वर्षगांठ पर 31अगस्त के कार्यक्रम की तैयारी पर पद्मश्री मुकुंद नायक से विचार विमर्श करते मोहम्मद नौशाद एवं जावेद इकबाल।

## शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सदन की कार्यवाही देखने पहुंचे छात्र


**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखरी दिन द्वितीय पाली में सदन की कार्यवाही देखने स्थानीय ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल के 8वीं से 12वीं तक की छात्र-छात्राऐं विधान सभा पहुंचे। सदन की कार्यवाही देखने के साथ-साथ छात्र झारखंड विधान सभा अध्यक्ष से उनके कार्यालय कक्ष में मिले। उन्होंने अपनी शुभकामनाऐं देते हुए विधायिका के कार्यकलाप को बारीकी से समझने और आत्मसात करने को कहा। तत्पश्चात नगर विकास-सह- उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री पेयजल योगेन्द्र प्रसाद, मंत्री ग्रामीण विकास विभाग दीपिका पाण्डेय सिंह तथा मंत्री, श्रम नियोजन संजय यादव से भी उनके कार्यालय कक्ष में बच्चों की मुलाकात हुई। सभी मंत्री ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पूछे जाने पर छात्रों ने सदन की कार्यवाही के दौरान प्रस्तुत गैर सरकारी संकल्प एवं अभिस्ताव वापस लेने की पूर्ण प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया, जिसे सभी मंत्रियों ने सराहा।

## प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन आज

**रांची।** जिला के विभिन्न अंचलों में एक से 10 अगस्त तक परिशोधन पोर्टल के माध्यम से पंजी-2 में सुधार के लिए प्राप्त आवेदनों के निष्पादन पश्चात प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त के निर्देशानुसार शनिवार को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सभी प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

## आपसी विवाद में युवक का गला काटा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी चौक के पास एक युवक का गला चाकू से काटने की घटना सामने आयी है, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का नाम रवि बताया जा रहा है। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही चुटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने घायल रवि को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

अभी तक आरोपी की पहचान और हमले के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –16/2025–26

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 08.09.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 09.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 09.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200X165mm dia HYDT with 2.0 HP Submersible motor pump with water supply pipe line arrangement and other allied works at RIMS Guest House, Bariatu Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 812488.00 | 17000.00 | 1250.00 | 07 Day |
| 2. | Seepage repairing & Renovation of General & Ladies General Toilet & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work and replacement of damaged windows with other allied works at Department of Pathology (Lab Area) 3rd floor old Administrative Building in RIMS Bariyatu under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 836048.00 | 17000.00 | 1250.00 | 01 Moth |
| 3. | Seepage repairing & Renovation of General & Ladies General Toilet & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work and replacement of damaged windows with other allied works at Department of Pharmacology (Lab Area) 4th floor old Administrative Building in RIMS Bariyatu under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 844505.00 | 17000.00 | 1250.00 | 01 Moth |
| 4. | Seepage repairing & Renovation of General Ladies and Gents toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work and replacement of damaged windows with other allied works at Ground floor (BIO CHEMISTRY LAB AREA) old Administrative Building in RIMS Bariyatu under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 1044308.00 | 21000.00 | 2500.00 | 01 Moth |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

PR 360728 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब आपके शरीर की प्रत्येक गतिविधि शांतिपूर्ण होती है, और जब आपके विचारों में, इच्छा-शक्ति में, प्रेम में, शांति होती है, तथा शांति एवं ईश्वर आपके लक्ष्य होते हैं, तो समझ लीजिए कि आपने अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ लिया है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**


## संपादकीय

### अमेरिकी दबाव से मजबूत होगा भारत

पीएम मोदी की जापान यात्रा और वैश्विक नेताओं का मोदी से संपर्क करने के संकेत हैं कि भारत मजबूत होने की गोलबंदी कर रहा है। टैरिफ का झटका लगना शुरू हो गया है। रूसी तेल की निरंतर खरीद के कारण 27 अगस्त को अमेरिका ने ज्यादातर भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया। इसका असर आपूर्ति श्रृंखला पर पहले से ही पड़ रहा है। ऑर्डर बीच में ही रद्द हो रहे हैं, खरीदार या तो बातचीत कर रहे हैं या फिर लौट रहे हैं, और निर्यातक पूर्वानुमानों के बजाय नतीजों के प्रति सजग हो रहे हैं। नई दिल्ली को सबसे कठिन व्यापारिक झटकों में से एक का सामना करना पड़ रहा है। भारत के परिधान निर्यात में लगभग एक-तिहाई योगदान देने वाली निटवियर की राजधानी तिरुपुर में नुकसान तुरंत दिख रहा है। फैक्टरी मालिकों ने बड़े पैमाने पर ऑर्डर रद्द होने की सूचना दी है और उत्पादन लाइनें धीमी पड़ रही हैं। औपचारिक और उच्च-मूल्य वाले परिधानों के प्रमुख केंद्र नोएडा में, निर्यातकों को अचानक ऑर्डर रद्द होने और उत्पादन केंद्रों के बंद होने का सामना करना पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में छंटनी का डर मंडरा रहा है। सूरत में, जहां दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत कच्चे हीरे पॉलिश किए जाते हैं, मजदूरों को घर भेजा जा रहा है। उनके कौशल विशिष्ट हैं, उनके विकल्प सीमित हैं। विशाखापत्तनम और कोच्चि में, समुद्री खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं को ऑर्डर कम मिल रहे हैं, क्योंकि इक्वाडोर जैसे प्रतिस्पर्धी कम टैरिफ के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप के टैरिफ ने भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया है, जिन्हें कम टैरिफ का फायदा मिलता है। व्यापार, शुल्क और भू-राजनीति की तमाम बातों के पीछे एक और बुनियादी कहानी छिपी है। यह जिंदगी से जुड़ी है। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), जो 11 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं और निर्यात में अहम भूमिका निभाते हैं, इस झटके का सबसे अधिक असर झेल रहे हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान है कि भारत से अमेरिका को होने वाले 86.5 अरब डॉलर के निर्यात में से 66 प्रतिशत, जिसका मूल्य 60.2 अरब डॉलर है, पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है, जिससे कपड़ा, आभूषण और झींगा जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में 70 प्रतिशत गिरावट का खतरा है। भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का प्रतिनिधित्व करने वाले इंडिया एसएमई फोरम के अनुसार, कपड़ा और आभूषण उद्योग में 30 अरब डॉलर का एमएसएमई निर्यात और लगभग 80,000 नौकरियां खतरे में हैं। ये कोई अमूर्त आंकड़े नहीं हैं, ये भारत के बंदरगाहों से निकलने वाले प्रत्येक कंटेनर के पीछे छिपे मानवीय चेहरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर का कहना है कि निर्यातक खरीदारों के साथ संबंध बनाए रखने और श्रमिकों को जोड़े रखने के लिए अस्थायी रूप से नुकसान को सहन कर सकते हैं, लेकिन जब तक कोई स्थायी समाधान नहीं ढूंढा जाता, छंटनी शुरू हो सकती है।

*ट्रंप के टैरिफ ने भारत को चीन, वियतनाम व बांग्लादेश जैसे प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया है, जिन्हें कम टैरिफ का फायदा मिलता है। व्यापार, शुल्क और भू-राजनीति की तमाम बातों के पीछे एक और बुनियादी कहानी छिपी है।*

# टैरिफ की मार, साझेदारी का वार प्रधानमंत्री मोदी का जापान मिशन



जब वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मंच पर तूफान मचा हो, और अमेरिका के 50% टैरिफ भारत के व्यापारिक ढांचे को हिलाने की कोशिश कर रहे हों, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 29 अगस्त से शुरू होने वाला जापान दौरा एक दूरदर्शी और निर्णायक कदम के रूप में सामने आता है। यह यात्रा केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक रणनीति को नया आयाम देने का एक सशक्त प्रयास है। अमेरिकी दबाव के बीच जापान के साथ गहरी साझेदारी न केवल भारत को आर्थिक स्थिरता प्रदान कर सकती है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी रणनीतिक स्थिति को अभेद्य बना सकती है।

मोदी का जापान के साथ रिश्ता 2007 में तब शुरू हुआ, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में टोक्यो और क्योटो की यात्रा पर गए और जापानी कंपनियों के साथ निवेश के अवसरों पर चर्चा की। इस मुलाकात ने जापानी उद्योगों और भारतीय बाजार के बीच एक मजबूत सेतु बनाया। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद, उनकी शिंजो आबे के साथ पहली भेंट ने भारत-जापान संबंधों को "विशेष रणनीतिक और वैश्विक भागीदारी" का दर्जा दिलाया। 2022 में आबे की हत्या के बाद मोदी ने उन्हें "प्रिय मित्र" कहकर श्रद्धांजलि दी, जो उनके गहरे व्यक्तिगत और पेशेवर बंधन को उजागर करता है। यह बंधन आज भी भारत-जापान संबंधों की रीढ़ बना हुआ है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ भारत को नई आर्थिक रणनीतियों की ओर प्रेरित कर रहे हैं।

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना भारत-जापान सहयोग की चमकती मिसाल है। 2017 में शिंजो आबे के साथ इसकी आधारशिला रखी गई, जिसमें जापान की विश्व-प्रसिद्ध शिंकानसेन तकनीक और 68 बिलियन डॉलर का भारी-भरकम निवेश भारत के बुनियादी ढांचे को क्रांतिकारी रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हालाँकि समय और लागत की चुनौतियाँ बाधाएँ खड़ी करती हैं, जापान का तकनीकी समर्थन इस परियोजना को अभूतपूर्व गति प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, जापान की 68 बिलियन डॉलर की प्रस्तावित निवेश योजना, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और अन्य अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों पर केंद्रित है, भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा सकती है। अमेरिकी टैरिफ के कारण उत्पन्न व्यापारिक अस्थिरता के बीच यह निवेश भारत के लिए एक मजबूत जीवनरेखा बन सकता है।

2016 में वाराणसी और क्योटो को "सिस्टर सिटी" घोषित करना दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव का एक प्रेरक कदम था, जिसने लोगों के दिलों को और करीब लाया। जापानी विशेषज्ञता से प्रेरित स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ और शहरी विकास मॉडल भारत के लिए एक आदर्श बन गए हैं। यह सहयोग न केवल आर्थिक प्रगति को गति देता है, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलन स्थापित करने की क्षमता रखता है, बशर्ते निवेश का वितरण समान और समावेशी हो।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

2018-19 में क्वाड (भारत, जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया) पहल ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ एक मजबूत रणनीतिक संतुलन स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी जापान यात्रा, जिसमें 15वें भारत-जापान शिखर सम्मेलन और नए जापानी पीएम शिगेरु इशिबा के साथ निर्णायक वार्ता शामिल है, क्वाड, समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। जापान के साथ सूचना साझा करने और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से भारत की रक्षा क्षमता अभेद्य होगी, जो अमेरिकी तनाव के बीच एक रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी।

हालाँकि, इस साझेदारी के सामने चुनौतियाँ भी हैं। जापान-अमेरिका के बीच हालिया बातचीत, जिसमें एक जापानी दौरा रद्द हुआ, यह संकेत देती है कि जापान अमेरिकी दबाव में झुक सकता है, जो भारत के साथ उसकी प्रतिबद्धता को प्रभावित कर सकता है। साथ ही, जापानी निवेश को केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित रखने के बजाय ग्रामीण और पिछड़े इलाकों तक विस्तारित करना होगा, ताकि आर्थिक असमानता को दूर किया जा सके। भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि परियोजनाएँ समयबद्ध तरीके से पूरी हों, अन्यथा जापान का विश्वास डगमगा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह जापान यात्रा भारत की "एक्ट ईस्ट" नीति और जापान की "फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक" पहल के बीच एक सशक्त सामंजस्य रचती है। चीन की आक्रामकता और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी साझा चिंताएँ दोनों देशों को और करीब ला रही हैं। शिंजो आबे की दूरदर्शी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नई जापानी सरकार के साथ भारत को अपनी साझेदारी को अभेद्य बनाना होगा। यह सहयोग न केवल आर्थिक समृद्धि का द्वार खोलेगा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक भूमिका को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

पीएम मोदी की जापान यात्रा एक कूटनीतिक विजय का मार्ग प्रशस्त करती है, जो अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों के बीच भारत को एक वैकल्पिक आर्थिक और रणनीतिक गलियारा प्रदान करती है। जापान के साथ गहरा रिश्ता, अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग, और अटूट आपसी विश्वास इस साझेदारी को आगामी दशकों के लिए एक मज़बूत आधार दे सकते हैं। यह दौरा न केवल भारत-जापान संबंधों को नई दिशा देगा, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति और चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने की दृढ़ता का स्पष्ट संदेश भी देगा। दोनों देशों को मिलकर एक ऐसी साझेदारी गढ़नी होगी, जो एक स्थायी, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य की नींव बने। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आंसू बैंक व राष्ट्रीय रुदन मुद्रा

एक दिन, सरकार ने 'राष्ट्रीय आंसू बैंक योजना' की घोषणा की। यह एक ऐतिहासिक कदम था, जिसका उद्देश्य देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना था। हर नागरिक को एक 'आंसू खाता' खोलना अनिवार्य था, जिसमें वे अपने दुखों और निराशाओं से निकले आंसू जमा कर सकते थे। सुबह-सुबह बैंकों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगतीं, जहाँ लोग अपने गमों को एक छोटी सी बोतल में भर कर जमा करते थे। बैंक अधिकारी इन आंसुओं की मात्रा और 'शुद्धता' की जांच करते थे। सबसे शुद्ध आंसू वे माने जाते थे, जो टूटे हुए वादों, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई से पैदा होते थे। इन आंसुओं को 'रुदन मुद्रा' नाम दिया गया, जिसे एक नई राष्ट्रीय करेंसी के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा। यह रुदन मुद्रा ही देश की अर्थव्यवस्था का नया आधार बन गई। नेता इन आंसुओं को बड़े-बड़े टैंकरों में भरकर चुनावी रैलियों में छिड़कते थे, ताकि जनता और ज्यादा भावुक हो सके। मीडिया इसे 'भावनात्मक विकास' का प्रतीक बताती थी और अर्थशास्त्री इसे 'अभूतपूर्व आर्थिक क्रांति' कहते थे। धीरे-धीरे, लोगों ने हंसना बंद कर दिया, क्योंकि हंसने से उनका 'आंसू बैंक' खाली हो जाता था। हर तरफ एक अजीब सी उदासी छा गई। किसी के घर में शादी होती, तो भी लोग दुखी होकर रोते थे, ताकि वे ज्यादा आंसू जमा कर सकें। किसी के यहाँ बच्चा पैदा होता, तो भी लोग रुदन करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि उसका भविष्य भी आंसूओं से ही बनेगा। सरकार ने इस योजना को 'सुखी भारत' का नाम दिया, क्योंकि उनके अनुसार, सच्चा सुख तो दुख के व्यापार में ही था। और इस तरह, एक ऐसा राष्ट्र बन गया, जहाँ हर नागरिक अपने दुःख का सौदा करता था, और सबसे अमीर वही था, जिसके पास सबसे ज्यादा आंसू थे। इस राजनीतिक सर्कस में, करुणा अब सबसे महंगी वस्तु है। इसे सिर्फ तब खरीदा जाता है, जब कैमरे चालू होते हैं। नेता मंच पर आते हैं और गरीब, मजबूर लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं, पर यह करुणा सिर्फ एक दिखावा है, एक नाटक है, जिसका मकसद सिर्फ और सिर्फ वोट कमाना है। वे हमारे दुखों को एक स्क्रिप्ट में बदल देते हैं और हमारे आंसूओं को एक चुनावी रणनीति में। हम इस बात से भलीभांति वाकिफ हैं, पर फिर भी हम इन दिखावटी आंसुओं पर भरोसा कर लेते हैं। हम यह सोचकर भावुक हो जाते हैं कि कम से कम कोई तो है, जो हमारी पीड़ा को समझता है। पर क्या कोई यह जानता है कि जिस हाथ से वे आंसू पोछते हैं, उसी हाथ से वे हमारे भविष्य को बेचते हैं? यह एक क्रूर मजाक है, जहाँ करुणा एक हथियार बन चुकी है। हम एक ऐसे समाज में जी रहे हैं, जहाँ हमें झूठे आंसूओं पर भरोसा करने के लिए मजबूर किया जाता है और असली करुणा को हाशिये पर धकेल दिया जाता है। यह सब क्या है? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

## देश में मानसून की भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित



मानसून की बारिश से कई राज्यो में जनजीवन पर प्रभाव पड़ा है। लोगो को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। जम्मू में तेज बारिश से कई क्षेत्रों में पानी भर गया है। उतरप्रदेश की सभी घाटों पर पानी की चादर चल रही है। नदियों के तट पर रहने वाले लोगो के घर पानी के बहाव में बह गए है। देश मे बारिश से जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है।अतिवृष्टि से लोग ही प्रभावित नही हुए है,फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। देश मे बारिश का कहर थम नही रहा है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने और भूस्खलन में कई जाने गई। कुदरत के रुद्ररूप ने लोगो का जीवन दुश्वार कर दिया है। शहरों में पानी लोगो के घरों में घुस जाने से जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। देश मे कई राज्यो में भारी बारिश हो रही है। भूस्खलन से भारी तबाई हुई। लिहाजा, लोगो के मलवे में दबने से मौते हुई है,वही तेज बारिश के बहाव में आशियाना भी बह जाने की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बटोर रही है।देश मे मानसून की बारिश का कहर बरपा है और परिवार के कई लोग पानी में बहने से लापता होने की भी खबरे है। उतरप्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में बारिश की वजह से स्थिति गम्भीर बनी हुई है। राजस्थान में इस वर्ष मानसून की भारी बारिश से लोगो का जीवन ही प्रभावित नही हुआ है। कई लोगों की नदियों और तालाबों में मिली लाशों से हड़कंप मच गया है। जम्मू में चक्री नदी में भारी कटाव के कारण अचानक आई बाढ़ से 104 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। राजधानी हैदराबाद सहित तेलंगाना में भारी बारिश की वजह से जलाशयों में भारी बाढ़ आ गई है। लोगो के जीवन पर प्रभाव पड़ा है। लोग परेशानियों से झुंझ रहे है। कॉलोनियों की सड़कें नदीया बन गई है। गांव तालाबो में तब्दील हो रहे है। तेलंगाना में सड़क बह जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। पानी घरों में घुसने और सड़के जलमग्न है। बाढ़ के कारण रेलवे ट्रेक भी बह जाने से रेल सेवा प्रभावित हुई है। जम्मू कश्मीर में तेज बारिश से विमान के संचालन में व्यवधान पैदा हुआ है। देश में बारिश के कहर से जानमाल की क्षति का आंकलन किया जाए तो, आंकड़ा बहुत बड़ा हो जाएगा। देश मे नदिया का रुद्ररूप लोगो के जीवन पर भारी पड़ रहा है। दरअसल,बारिश के नूकसान का आंकलन हम कर सकते है। और उस नुकसान की क्षतिपूर्ति भी हो सकती है,लेकिन पानी मे डूबने से मरने वालों की क्षतिपूर्ति सम्भव नही है। राजस्थान में बारिश की खुमारी से लोगो की जाने गई है।राजस्थान की एसडीआरएफ टीमें सक्रिय है। राजस्थान में अब तक एसडीआरएफ की टीमो ने नदियों से 127 लोगो के शव निकाले है। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर 856 लोगो की जान बचाई है। जयपुर की रेस्क्यू टीम ने 135 पशुओ की जान बचाई है। बारिश के इस दौर में रेस्क्यू टीम ने 347 ऑपरेशन किए।देश में इस समय बारिश का कहर बरपा है। जनजीवन प्रभावित हुआ है। करोड़ो -अरबो की क्षति हुई है। एनडीआरएफ की 57 टीमें राजस्थान में एक्टिव होकर कार्य कर रही है। चंबल के पानी की वजह से शहरी वातावरण बदतर हो गया है। राजस्थान की एसडीआरएफ टीम ने कंट्रोल की व्यवस्था खड़ी की है। जोकि 24 घन्टे सेवा दे रही है और लोगो के जानमाल का बचाव कर रही है। देश मे सेवा और सहायता के इस कार्य से लोगो की जान ही नही बचाई जा रही है। उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जा रही है। एसडीआरएफ की टीमो के पास लाइव जैकेट और रबर बोट है। जिसकी मदद से लोगो की जान बचाई जा रही है।नई तकनीक की मदद से लोगो की जान और माल की सुरक्षा में रेस्क्यू टीमें लगी है। रबर बोट से लोगो को रेस्क्यू किया जा रहा है। इतनी ही शवो को बाहर निकालने में मदद मिलती है। देश मे टैरिफ की नीतियों को दरकिनार कर सबसे बड़ी समस्या लोगो के जेहन में बाढ़ की है। लिहाजा,उसकी तरफ ध्यान दिए जाने से टैरिफ की चर्चा पर विराम लग गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**कांतिलाल मांडोत**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

हिंस्र, अहिंसक सब हुआ, जब आया बदलाव।
जिसने टुकड़ा डालकर, सि र सहलाया साव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## 'स्वदेशी' का विचार कांग्रेस के जन्म से पहले

अमरीका के हठी रुख के कारण देश के केंद्र द्वारा स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया है। आह्वान एक महत्वपूर्ण उद्घोष है, ताकि अमरीका की कुत्सित आर्थिक नीतियों को गांधीगिरी से माकूल जवाब दिया जा सके। स्वदेशी का अर्थ है 'अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना और विदेशी वस्तुओं के उपयोग से बचना।' इसका उद्देश्य ग्राम या देश के अधिकतम लोगों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को खरीदना और इस्तेमाल करना होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम हो। साधारण शब्दों में, स्वदेशी का अर्थ है अपने देश की चीजों का समर्थन करना और विदेशी चीजों से बचना। इस विचार को मुख्यतः स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में बढ़ावा दिया गया था ताकि विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। वर्ष 1905 के बंग-भंग विरोधी जनजागरण से स्वदेशी आंदोलन को बहुत बल मिला। यह 1911 तक चला और गांधी जी के भारत में पदार्पण के पूर्व सभी सफल आंदोलनों में से एक था। अरविंदो घोष, रवींद्रनाथ ठाकुर, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय स्वदेशी आंदोलन के मुख्य उद्घोषक थे। आगे चलकर यही स्वदेशी आंदोलन महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन का भी केन्द्र-बिन्दु बन गया। राष्ट्रपिता ने इसे 'स्वराज की आत्मा' कहा था। 'स्वदेशी' का विचार कांग्रेस के जन्म से पहले ही दे दिया गया था। जब 1905 ईस्वी में बंग-भंग हुआ, तब स्वदेशी का नारा जोरों से अपनाया गया। उसी वर्ष कांग्रेस ने भी इसके पक्ष में मत प्रकट किया। देशी पूंजीपति उस समय मिलें खोल रहे थे, इसलिए स्वदेशी आंदोलन उनके लिए बड़ा ही लाभदायक सिद्ध हुआ। भारत में स्वदेशी का पहले-पहल नारा बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने 1872 ईस्वी में ही विज्ञानसभा का प्रस्ताव रखते हुए दिया था। उन्होंने कहा था, 'जो विज्ञान स्वदेशी होने पर हमारा दास होता, वह विदेशी होने के कारण हमारा प्रभु बन बैठा है, हम लोग दिन-ब-दिन साधनहीन होते जा रहे हैं। अगस्त 1905 में कलकत्ता के टाउनहॉल में एक विशाल बैठक आयोजित की गई जिसमें स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा की गई। मैनचेस्टर में निर्मित कपड़ों तथा लिवरपूल के नमक जैसे सामानों के बहिष्कार का संदेश प्रचारित किया गया।

स्वदेशी आंदोलन का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिससे न केवल ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार को बढ़ावा मिला, बल्कि स्वदेशी उद्योगों और राष्ट्रीय शिक्षा को भी प्रोत्साहन मिला। स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय उद्योगों को बढ़ावा दिया, जिससे कपड़ा मिलें, साबुन और माचिस की फैक्टरियां, चमड़े के कारखाने, बैंक, बीमा कंपनियां और दुकानें स्थापित हुईं। क्या यह अब हमारे लिए जरूरी नहीं है। स्वदेशी आंदोलन के परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की स्थापना की गई और बंगाल नेशनल कॉलेज और देश भर में कई राष्ट्रीय स्कूल और कॉलेज खोले गए। स्वदेशी आंदोलन ने विदेशी वस्तुओं, विशेष रूप से कपड़ों, चीनी, नमक और विलासिता की वस्तुओं का बहिष्कार किया, जिससे उनकी बिक्री में कमी आई। क्या इस तरह के आंदोलन की आज जरूरत नहीं है? अमेरिकी बॉस की भारत को आर्थिक तौर पर नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों के संदर्भ में प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी का आह्वान यदि पूरे देश मे एक आंदोलन का रूप ले ले तो अमरीकी हितों को एक बड़ा झटका लगेगा, स्वदेशी हमारी दीर्घकालीन आर्थिक नीति का आवश्यक हिस्सा होना चाहिए, देश का नीति आयोग इस पर ध्यान दे। हमें स्वदेशी साधनों के उपयोग पर बल देना चाहिए। आज के दौर में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की जरूरत फिर से महसूस होने लगी है। विकसित देश उन्हीं के होते हैं, जिनमें स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन होता है। यदि हम दूसरे देशों पर निर्भर रहेंगे, तो वे हमें मजबूरी में ऊंचे दाम पर चीजें बेचेंगे और हमें उन्हें खरीदने की आवश्यकता होगी। स्वदेशी आंदोलन, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, आज आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का आधार बन चुका है। यह आंदोलन न केवल आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देता है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। हर भारतीय को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की जरूरत है, क्योंकि यह देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार सृजन करने और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## वैष्णो देवी पर आपदा को लेकर श्राइन बोर्ड का आया रिएक्शन

# अलर्ट मिलते ही रोक दी गई थी यात्रा...आरोपों को किया खारिज

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने 26 अगस्त को प्राकृतिक आपदा में तीर्थयात्रियों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा दुःख और पीड़ा व्यक्त की है, और मीडिया रिपोर्टों द्वारा फैलाई जा रही धारणा को खारिज करने के लिए सही तथ्यात्मक स्थिति को रिकॉर्ड पर रखा है। एक बयान में SMVDSB ने आरोपों को झूठा और निराधार बताते हुए स्पष्ट रूप से खंडन किया। बोर्ड ने कहा कि कल से कुछ मीडिया रिपोर्ट्स प्रसारित हो रही हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि श्री माता वैष्णो देवी यात्रा को मौसम संबंधी सलाह की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा की कीमत पर आगे बढ़ने दिया गया।

बोर्ड ने आगे कहा कि 26 अगस्त की सुबह लगभग 10:00 बजे तक मौसम साफ़ और तीर्थयात्रा के लिए अनुकूल रहा, इस दौरान यात्रा सामान्य रूप से चलती रही, यहां तक कि हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उस दौरान निर्बाध रूप से चलती रहीं। वास्तव में, बोर्ड ने अपनी स्थापित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, पूरे ट्रैक पर अपने प्रवर्तन कर्मचारियों और आपदा प्रबंधन कार्यबल की तैनाती के लिए व्यापक व्यवस्था की थी। इसमें कहा गया है कि बोर्ड ने मौसम संबंधी अपडेट पर कड़ी नज़र रखी और जैसे ही मध्यम बारिश का पूर्वानुमान प्राप्त हुआ, पंजीकरण तुरंत स्थगित कर दिए गए। अधिकांश यात्री पवित्र गुफा के दर्शन करने के बाद ट्रैक से नीचे की ओर बढ़ रहे थे। तब तक रास्ते में हज़ारों यात्री कटरा वापस अपनी तीर्थयात्रा सुचारू रूप से पूरी कर चुके थे। हालाँकि, कई तीर्थयात्री पुराने ट्रैक पर निर्धारित पड़ावों पर रास्ते में बने आश्रय स्थलों में रुके रहे। ये वे स्थान/खंड हैं जहाँ पहले कभी भूस्खलन की आशंका नहीं रही है।बयान में कहा गया है, "ये पड़ाव विशेष रूप से तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रैक के सबसे सुरक्षित क्षेत्रों में बनाए गए हैं।" कटरा और अधक्वारी (ताराकोट के रास्ते) के बीच नया ट्रैक, जो भूस्खलन और मौसम संबंधी व्यवधानों के लिए अतिसंवेदनशील है, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के हित में 24 अगस्त से ही बंद कर दिया गया था। पुराना ट्रैक, जो आम तौर पर सुरक्षित है और जहाँ भूस्खलन/पत्थर गिरने का खतरा नहीं है (पिछले कई दशकों में स्थिर हो गया है), मौसम की स्थिति पर कड़ी नज़र रखते हुए तीर्थयात्रियों की आवाजाही के लिए खुला रखा गया था। यहां तक कि इस ट्रैक पर यात्रा भी 26 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे तक मौसम संबंधी विशेष सलाह जारी होने के बाद स्थगित कर दी गई थी।

### तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

बोर्ड ने कहा कि ट्रैक पर तैनात श्राइन बोर्ड के आपदा प्रबंधन कार्य बल ने जिला प्रशासन, रियासी, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर तुरंत प्रतिक्रिया दी और तेजी से निकासी और राहत अभियान शुरू किया। घायल हुए 18 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और ट्रैक पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें ककरयाल स्थित श्राइन बोर्ड के अस्पताल में सुपरस्पेशलिटी देखभाल के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में कहा गया है, "फंसे हुए तीर्थयात्रियों को 26 अगस्त की शाम तक ताराकोट मार्ग से कटरा सुरक्षित पहुँचा दिया गया। इसके साथ ही, मलबा हटाने, ढलान का निरीक्षण और स्थिरीकरण का काम युद्धस्तर पर किया गया। बोर्ड ने पिछले कुछ वर्षों में ढलान स्थिरीकरण और पर्वतीय बांधने की गतिविधियों के लिए ठोस कदम उठाए हैं। लगभग पूरे मार्ग पर छिटपुट पत्थरों से बचाव के लिए मज़बूत आश्रय शेड बिछाए गए हैं।" बोर्ड ने दोहराया कि कि मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए हर संभव एहतियात बरती गई थी। दुर्भाग्यपूर्ण बादल फटने से हुई बहुमूल्य जान-माल की हानि का मानवीय रूप से पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता था और इसलिए यह किसी की भी आशंका या नियंत्रण से परे था। बोर्ड ने हर समय आधिकारिक मौसम पूर्वानुमानों और सलाह के अनुसार सख्ती से काम किया है, और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।




## अमित शाह का राहुल और कांग्रेस पर वार, बोले-

# थोड़ी भी शर्म बची है तो... जितनी गाली दोगे, उतना खिलेगा कमल

**एजेंसी। बिहार**



बिहार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर कथित रूप से की गई गालियों को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। असम के गुवाहाटी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने राहुल गांधी से प्रधानमंत्री मोदी से माफ़ी मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' में उनकी नफरत की नकारात्मक राजनीति का निम्न स्तर देखने को मिला। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करके सबसे निंदनीय कृत्य किया है। मैं इसकी निंदा करता हूँ। राहुल गांधी ने जो राजनीति शुरू की है, वह हमें गर्त में ले जाएगी। शाह ने आगे कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछता हूँ कि अगर थोड़ी भी शर्म बची है, तो प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां से माफ़ी मांगें। शाह ने आगे कहा कि कई कांग्रेस नेताओं ने अतीत में प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। मोदी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश और रेणुका चौधरी ने मोदी जी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। कुछ लोगों ने उन्हें 'मौत का सौदागर', 'ज़हरीला सांप', 'रावण' और 'वायरस' तक कहा। क्या आपको इसी तरह जनादेश मिलेगा ?बिहार में कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' की आलोचना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप प्रधानमंत्री मोदी को जितनी गालियाँ देंगे, कमल उतना ही बड़ा होगा। आपने हर चुनाव में गालियाँ दीं और हारने के बाद आप 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' पर निकल रहे हैं। अगर घुसपैठिए चुनावों को प्रभावित करेंगे तो राज्य कैसे सुरक्षित रह सकता है? अमित शाह की यह टिप्पणी इंटरनेट पर एक कथित वीडियो के बाद आई है जिसमें आरोपी को इंडिया ब्लॉक के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया है।

### अमित शाह को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा

## सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करके एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। भारतीय क्षेत्र में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए, कृष्णानगर लोकसभा सांसद ने कहा कि अमित शाह का सिर काट दिया जाना चाहिए और उनके कटे हुए सिर को प्रदर्शन के लिए मेज पर रख दिया जाना चाहिए। मोइत्रा ने कहा कि अगर भारत की सीमाओं की रक्षा नहीं की जा सकती, अगर घुसपैठिए सैकड़ों की संख्या में घुस रहे हैं, हमारी महिलाओं का अपमान कर रहे हैं, हमारी ज़मीनों पर कब्ज़ा कर रहे हैं, तो आपका फ़र्ज़ है कि अमित शाह का सिर काटकर मेज पर रख दें। उन्होंने घुसपैठ को लेकर केंद्र से जवाबदेही की माँग करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री ने ख़ुद स्वीकार किया है कि घुसपैठिए घुस रहे हैं और महिलाओं की गरिमा का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने पूछा, "यह किसकी गलती है? क्या यह हमारी गलती है, या आपकी गलती है?"उनके बयानों ने अवैध आव्रजन, खासकर पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों में, को लेकर बढ़ती चिंताओं के लिए सीधे तौर पर केंद्रीय नेतृत्व को ज़िम्मेदार ठहराया। उनकी टिप्पणी पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पार्टी नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि ऐसी टिप्पणियाँ "राजनीति से परे, शुद्ध घृणास्पद और ज़हर से भरी हुई हैं।" एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "घृणित, शर्मनाक! महुआ मोइत्रा की यह बात राजनीति से परे है, यह शुद्ध घृणास्पद और ज़हर से भरी हुई है। ममता बनर्जी की टीएमसी के कुशल मार्गदर्शन में उनका स्तर इतना गिर गया है!"

## पीएम मोदी को अपशब्द कहने पर पुलिस का बड़ा एक्शन

# पीएम मोदी दिवंगत मां पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। दरभंगा**

दरभंगा में इंडिया ब्लॉक द्वारा आयोजित एक राजनीतिक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को निशाना बनाकर कथित तौर पर अपमानजनक नारे लगाने के आरोप में रिजवी उर्फ राजा नामक व्यक्ति को गुरुवार रा त गिरफ्तार किया गया। यह घट ना आगामी बिहार विधानसभा चु नाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान हुई। इस मामले पर राजनीतिक घमासान भी मच गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और एक्शन लिया। यह गिरफ्तारी एक वीडियो के प्रसारित होने के बाद हुई, जिसमें आरोपी राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव के पोस्टरों से सजे एक मंच से अपमानजनक बातें करते हुए दिखाई दे रहे थे। भाजपा ने तुरंत पटना के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस से माफ़ी मांगने की मांग की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहे गए कथित अपशब्दों की शुक्रवार को निंदा की। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,"दरभंगा में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मंचों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अभद्र का इस्तेमाल बेहद अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) को जनता दंडित करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना को देश के लोकतंत्र पर धब्बा करार दिया। शाह, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा मेंनेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आलोचना की। एक दिन पहले ही एक कथित वीडियो सामने आया था।



- आरोपी की पहचान रिजवी उर्फ राजा के रूप में हुई, जिसे गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया।
- यह रैली राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा आयोजित मतदाता अधिकार यात्रा का हिस्सा थी।

### प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां का अपमान, देश नहीं भूलेगा!



**राजस्थान।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिहार के दरभंगा में एक इंडिया ब्लॉक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को गालियाँ देते हुए एक कथित वायरल वीडियो के बाद कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर "बेशर्मी की सारी हदें पार करने" का आरोप लगाया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कहा, "बिहार में कांग्रेस-राजद ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा मंच से प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत पूजनीय माँ पर की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। देश इस कृत्य के लिए कांग्रेस-राजद को कभी माफ नहीं करेगा।

**प्रधानमंत्री की माता के लिए अपशब्द का प्रयोग शर्मनाक :** भजनलाल शर्मा ने कहा, " राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के नेताओं को ये हजम नहीं हो रहा है कि गरीब मां का बेटा देश के प्रधानमंत्री पद पर कैसे आसीन है और कैसे देश की जनता ने उन्हें अपने दिलों में बैठाया हुआ है।" भाजपा का आरोप है कि बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र का इस्तेमाल किया गया।

**प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी घोर निंदनीय है :** मुख्यमंत्री ने कहा, " जिन पूज्य माताजी ने संघर्ष और परिश्रम की पराकाष्ठा से गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत किया, उन पुण्यात्मा के शतायु होकर देवलोकगमन के बाद उनका इस तरह से कांग्रेस-आरजेडी द्वारा सार्वजनिक मंच से अपमान किया जाना भारत की महान परंपरा में कहीं से भी स्वीकार्य नहीं हैं।

## आलोचना करें, लेकिन मर्यादा न लांघें



- पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा पर भड़के ओवैसी

**बिहार।** बिहार के दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के एक वायरल वीडियो पर बढ़ते राजनीतिक हंगामे के बीच, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर की गई अभद्र भाषा से खुद को अलग कर लिया। ओवैसी ने लोकतंत्र में आलोचना के महत्व पर ज़ोर देते हुए, मर्यादा की सीमा लांघने के ख़िलाफ़ चेतावनी दी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जितना चाहें विरोध करें, आलोचना करें, निंदा करें। लेकिन अगर आप शालीनता की सीमा लांघते हैं, तो यह गलत है। बहस अश्लील हो जाएगी। प्रधानमंत्री की आलोचना करें, लेकिन अभद्र भाषा का इस्तेमाल न करें। दरभंगा में इंडिया ब्लॉक के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी वाले एक वायरल वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि शालीन शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आप बोलें, विरोध करें और आलोचना करें, जितनी चाहें निंदा करें, लेकिन अगर आप शालीनता की सीमा पार करते हैं, तो यह गलत है और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। चाहे वह किसी के बारे में भी हो। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री की आलोचना करें, लेकिन एक बात याद रखें कि अगर आप सीमा पार कर रहे हैं, तो यह सही नहीं है। तब हमारी बहस का विषय गलत और अश्लील होगा। अगर कोई और ऐसा कर रहा है, तो हमें उनकी नकल करने की जरूरत नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लेकर आयेंगें, जिसकी वजह से आपको बड़ा लाभ होगा। आपकी कोशिशों में एक नयी किरण जगमगाएगी और जल्द ही आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपनी मेहनत और लगन से विरोधी को परास्त कर देंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपके कारोबार में दुगुना धन लाभ होगा। आज आप मार्केट जाकर परिवार के लोगों के लिए गिफ्ट खरीदेंगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी। आज आप पैसों के लेन - देन से बचें और आज आपअपने विचार दूसरों के ऊपर न थोपे और न ही बिन मांगें सलाह दें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उत्तम बना रहेगा। आज आप कर्मचारियों के साथ अपना रवैया अच्छा बनाये रखें, जिससे वे मन लगाकर काम करें। आज आप दोस्तों के साथ खूब हंसी मजाक करेंगें लेकिन एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम के प्रति आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी , जिसमें आप अपने कलीग की सहायता ले सकते हैं। आज अचानक आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिसके चलते व्यस्तता बनी रहेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको आपके सवालों के सारे जवाब मिलेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आपकी कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आपको जीवनसाथी से सरप्राइज मिलने की संभावना है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपके मन में कुछ नए विचार आ सकते हैं, जो फ्यूचर में आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। आज आपके घर में मेहमान का आगमन हो सकता है ,जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज आपको किसी करीबी के माध्यम से धनलाभ होने के योग बन रहें हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपकी करोबारी गतिविधियां अच्छी चलेंगी, आपको रोज की अपेक्षा अधिक धन लाभ होगा। आज आपकी पारिवारिक समस्याएं सुलझ जाएंगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आप बच्चों के साथ शॉपिंग करने मार्केट जायेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिली - जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपके किसी निर्णय से परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। आज आप अपने काम को पूरा करने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकते हैं, बेहतर होगा आप अपने विवेक का उपयोग करेंगे। आज आप समय निकालकर थोड़ी देर बुजुर्गों के साथ बैठेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , आपके घर में भौतिक साधनों की बढ़ोतरी होगी। आज आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ऑफिस की मीटिंग में अपने विचार रखेंगे , जो सभी को बहुत पसंद आयेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप किसी दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते हैं, उससे मिलकर आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आपको संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप घर शिफ्ट करने में अपने मित्र की मदद ले सकते हैं। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम रहेगा।

### गाजियाबाद में महिला को नशीला पदार्थ देकर बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश।** के गाजियाबाद में पुलिस ने एक महिला को नशीला पदार्थ पिलाकरउसके साथ बलात्कार करने के मामले में बृहस्पतिवार को 24 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक इस संबंध में महिला ने लोनी बॉर्डर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि प्रशांत चौटाला ने शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ बलात्कार किया। अपर पुलिस आयुक्त एसीपी (अंकुर विहार) ज्ञान प्रकाश राय ने कहा, पुलिस ने लोनी बॉर्डर थाने के पास स्थित लोनी बस डिपो से आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बलात्कार के आरोपी चौटाला ने कबूल किया है कि महिला उसे जानती थी और वे मोबाइल पर और आमने-सामने बात करते थे।

## हाथ में संविधान, जेब में गाली की डिक्शनरी लेकर घूमते हैं: मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी गई अभद्र टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक तरफ हाथ में संविधान, दूसरी तरफ जेब में गाली की डिक्शनरी लेकर घूमते हैं। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की यह गाली-गलौज की रणनीति न केवल अनुचित है, बल्कि इससे वे खुद अपना नुकसान करेंगे। नकवी ने इसे 'गालीबाजों की कुंडली' करार देते हुए कहा कि ऐसी हरकतों से कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि यह उनकी अपनी हार का कारण बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास और स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और विपक्ष की इस तरह की नकारात्मक राजनीति से विपक्ष केवल अपनी स्थिति को कमजोर करेगा। उन्होंने कांग्रेस और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि वे जानबूझकर प्रधानमंत्री के खिलाफ गंदी, सड़कछाप और घटिया भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा नेता के अनुसार, ऐसी भाषा से न केवल विपक्ष की छवि खराब होती है, बल्कि यह जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता को भी कम करता है।राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे एक हाथ में संविधान लेकर घूमते हैं, लेकिन जेब में गाली की डिक्शनरी रखते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि विपक्ष की यह रणनीति पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसी है। उनकी नजर में, यह अभद्र व्यवहार विपक्ष को चुनावों में नुकसान पहुंचाएगा, और वे "हिट विकेट" या "रन आउट" होकर राजनीतिक रूप से हाशिए पर चले जाएंगे।



# भारत में इस्लाम नहीं रहेगा, ऐसा हिंदू सोच नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत अखंड है और इसकी एकता उसके पूर्वजों, संस्कृति और मातृभूमि पर आधारित है। भागवत ने दिल्ली में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतिम दिन संघ से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि भारत अखंड है; यह जीवन का एक सत्य है। हमारे पूर्वज, संस्कृति और मातृभूमि हमें एक सूत्र में पिरोते हैं। अखंड भारत केवल राजनीति नहीं, बल्कि जनचेतना की एकता है। जब यह भावना जागृत होगी, तो सभी शांति और समृद्धि से रहेंगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह मानना गलत है कि संघ किसी का विरोधी है। भागवत ने कहा है कि हमारे पूर्वज और संस्कृति एक ही हैं। पूजा पद्धतियाँ भिन्न हो सकती हैं, लेकिन हमारी पहचान एक है। धर्म बदलने से समुदाय नहीं बदलता। सभी पक्षों में आपसी विश्वास का निर्माण होना चाहिए। मुसलमानों को इस डर से उबरना होगा कि दूसरों के साथ हाथ मिलाने से उनका इस्लाम मिट जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मथुरा और काशी के बारे में हिंदू समाज की भावनाएँ स्वाभाविक हैं। उन्होंने कहा कि जब सब एक हैं तो हिंदू-मुस्लिम एकता की बात क्यों हो रही है?



- आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान

### अरशद मदनी को पसंद आया भागवत ज्ञान, जमकर की आरएसएस की तारीफ

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आम बैठक के दौरान उसकी प्रशंसा की। हाल ही में आरएसएस की शताब्दी पर एक समिति के प्रस्ताव का हवाला देते हुए, मदनी ने कहा कि हमने इसे सकारात्मक बताते हुए इसका स्वागत किया... अगर बात हिंदू-मुस्लिम एकता की है, तो हम आरएसएस के खिलाफ नहीं हैं। मदनी ने खुलासा किया कि उन्होंने लगभग आठ साल पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की थी और उन्हें भी यही संदेश दिया था। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि ऐसा मौका बाद में नहीं आया, लेकिन अगर फिर आया तो हम मिलेंगे।

## बादल फटने | उत्तराखंड में आफत का 'ट्रिपल अटैक', चमोली-टिहरी-रुद्रप्रयाग में भारी नुकसान

# 8 लोग लापता, पुल बहे, गांवों के घरों में भरा पानी...

- टिहरी के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में भी बादल फटने से भारी नुकसान

**एजेंसी। उत्तराखंड**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में बादल फटने की घटना हुई, जिसमें कई परिवार मलबे में दब गए और कई घायल हो गए। देवल के मोपाटा इलाके में, तारा सिंह और उनकी पत्नी नामक दो लोग लापता हो गए, जबकि विक्रम सिंह और उनकी पत्नी घायल हो गए। इस घटना में उनका गौशाला भी ढह गया, जिससे लगभग 15 से 20 जानवर दब गए। कई जगहों पर बादल फटने का असर गंभीर रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में, छह लोग लापता हो गए। अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों के संगम पर जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केदारनाथ घाटी के लावारा गाँव में, मोटर मार्ग पर बना एक पुल तेज़ धाराओं में बह गया। चेनगाड़ में भी स्थिति गंभीर हो गई है। नदी का पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया है, जिससे प्रशासन को प्रभावित घरों को खाली कराना पड़ा है। रुद्रप्रयाग में हनुमान मंदिर जलमग्न हो गया है। उत्तराखंड के अनेक हिस्सों में हो रही मूसलाधार बारिश के बीच चमोली जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर एक परिवार के दो सदस्य लापता हो गए, जबकि टिहरी के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में बादल फटने से भारी नुकसान की सूचना है अधिकारियों ने बताया कि चमोली, रुद्रप्रयाग और टिहरी जिलों में कई स्थानों पर देर रात से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि चमोली जिले की थराली तहसील के देवाल विकास खंड के मोपाटा गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में कुछ मकान आ गए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि मोपाटा में एक मकान और गोशाला के भूस्खलन की चपेट में आने से उसमें रह रहा एक दंपति मलबे में दब गया। उन्होंने बताया कि घटना में एक अन्य दंपति को भी मलबे से बाहर निकाला गया और उन्हें चोटें आयी हैं।



### मार्ग बहाली में जुटी टीमें, अलर्ट जारी

प्रशासन के अनुसार, मार्ग खोलने हेतु संबंधित टीमें मौके पर कार्यरत हैं। यात्रियों से सड़क की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा पर निकलने तथा पुलिस और प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी नवीनतम सूचनाओं पर ध्यान देने का अनुरोध किया गया है। दूसरी ओर, टिहरी जिले में बृहस्पतिवार देर रात भारी बारिश और बादल फटने से बूढ़ा केदार क्षेत्र के गेंवाली गांव में भारी तबाही की सूचना है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घनसाली के बूढ़ा केदार क्षेत्र के गेंवाली गांव में एक शौचालय और घर का आंगन आपदा की भेंट चढ़ गया।

# पीएम मोदी ने मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर किया नमन, 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मेजर ध्यानचंद की उत्कृष्टता को याद करते हुए, पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, "राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं। इस विशेष अवसर पर, हम मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पिछले दशक में, भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। युवा प्रतिभाओं को पोषित करने वाले जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर विश्व स्तरीय सुविधाओं के निर्माण तक, हम अपने देश में एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र देख रहे हैं। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मेजर ध्यानचंद के अटूट लगन को याद करते हुए लिखा, "हॉकी में भारत की प्रतिभा का पूरी दुनिया में परचम लहराने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को उनकी जयंती पर नमन और सभी को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। गुलामी के दौर में सीमित संसाधनों के बीच मेजर ध्यानचंद जी ने जिस अटूट लगन और मेहनत से हॉकी की दुनिया में अपना लोहा मनवाया, वह अद्वितीय है।



# असम में आयोजित सब-जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड की जीत

**नवीन मेल संवाददात**

**रांची ।** असम में चल रहे सब-जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में निर्णायक गोल झारखंड के लिए स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब, कांके की खिलाड़ी नैंसी मुंडा ने किया। टीम में क्लब की एक और खिलाड़ी राखी कुमारी भी शामिल हैं। दोनों खिलाड़ी बहुत ही गरीब परिवार से आती हैं और उलातू पंचायत के चरदी गांव की रहने वाली हैं। कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने सब-जूनियर नेशनल टीम में अपनी जगह बनाई है। दोनों वर्तमान में रेनफोर्स कॉन्वेंट स्कूल, होचर में कक्षा 8 में पढ़ाई कर रही हैं।



टीम की सफलता पर स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब के संस्थापक एवं कोच अनवरुल हक (बबलू), समाजसेवी जगदीश सिंह, ब्रजेश गुप्ता, डॉक्टर शाहनवाज कुरैशी, रामेंद्र कुमार, नितेश राणा, कराटे टीचर शकील अंसारी, समेंदर लाल, और सदमा पंचायत समिति सदस्य रेशमी तिर्की ने खुशी व्यक्त की और खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



## डायमंड लीग फाइनल
## नीरज चोपड़ा को जूलियन वेबर ने पछाड़ा

# 91.51 मीटर थ्रो के साथ जीता खिताब

**2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था**

**ज्यूरिख (आईएएनएस)**

ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.51 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। नीरज चोपड़ा से डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद थी।

लेकिन, अपने आखिरी प्रयास में 85.01 मीटर भाला फेंककर वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा के छह में से शुरुआती पांच प्रयासों में दो थ्रो वैध रहे जबकि तीन फाउल रहे। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने 85.01 भाला फेंक केशोर्न वॉलकॉट को पछाड़ दूसरा स्थान हासिल किया। वॉलकॉट तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा का यह प्रदर्शन उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर से कम है। विजेता जूलियन वेबर ने पहले ही प्रयास में 91.37 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद 91.51 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने अपना स्थान पक्का कर लिया।

ये वेबर का नया रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने जून में पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था, जबकि 2023 और 2024 में भी वे फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब हासिल करने से चूक गए थे। डायमंड लीग 2024 में खिताब जीतने से सिर्फ 1 सेंटीमीटर से पीछे रह गए थे। उन्हें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मात मिली थी, जिन्होंने 87.87 मीटर का थ्रो किया था। जैवलिन के विश्व चैंपियन रह चुके नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था। जैवलिन में देश के लिए पदक जीतने वाले वह पहले एथलीट रहे थे। पेरिस ओलंपिक में भी उनसे स्वर्ण की उम्मीद थी। लेकिन, वह चूक गए थे। इसके बाद डायमंड लीग में उनसे शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद जताई जा रही थी। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना कोच बदलने वाले नीरज के खेल में तकनीकी कमी नजर आई और वह ज्यूरिख में भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके।



## लियोनेल मेसी ने दिया संकेत

# अगले विश्व कप के बाद ले सकते हैं संन्यास

**ब्यूनस आयर्स (आईएएनएस)**

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का संकेत दिया है। मेसी अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के बाद फुटबॉल को अलविदा कह सकते हैं। 38 साल के मेसी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "वेनेजुएला के खिलाफ मैच मेरे लिए बेहद खास है। यह मेरा आखिरी क्वालीफाइंग मैच है। अर्जेंटीना 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में वेनेजुएला की मेजबानी करेगा और फिर 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ क्वालीफाइंग मैच पूरा करेगा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने कहा कि उनका परिवार वेनेजुएला के खिलाफ मैच देखने के लिए मौजूद रहेगा। उन्होंने माना कि यह घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का उनका आखिरी मौका हो सकता है।

# फिटनेस और खेल से युवाओं में अनुशासन व आत्मविश्वास बढ़ा

## 'हर गली, हर मैदान-खेले सारा हिन्दुस्तान' में विविध खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर झारखंड जिम्नास्टिक संघ के तत्वावधान में पूरे राज्यभर में खेल और फिटनेस से जुड़े विविध कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा फिट इंडिया मिशन के आह्वान पर, भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ (GFI) के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस वर्ष का विशेष अभियान था – "हर गली, हर मैदान – खेले सारा हिन्दुस्तान"। राज्यभर में आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




फिटनेस ड्रिल, जिम्नास्टिक प्रदर्शन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से युवाओं को खेल के जरिए अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम भावना अपनाने का संदेश दिया गया। संघ की उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि मेजर ध्यानचंद जी के जीवन से यह प्रेरणा मिलती है कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान का जीवन मूल्य है। हर खिलाड़ी को इन आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम केवल खेल तक सीमित नहीं रहते, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। ये आयोजन प्रतियोगिता और फिटनेस दोनों को बढ़ावा देते हैं तथा समाज को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और आने वाले समय में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करेंगे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला ओलम्पिक संघ का तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

## प्रथम दिन दून पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता

**रांची ।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार पुरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस को जनभागीदारी के साथ उल्लाश पूर्वक मनाने का आह्वान किया गया है. इसी क्रम में झारखण्ड ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलम्पिक संघ तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम का प्रारम्भ आज दून पब्लिक स्कूल में आयोजित बालिकाओं की एक दिवसीय कबड्ड़ी प्रतियोगिता के साथ हो गया. हॉकी के जादूगर के रूप में प्रसिद्द मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले इस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता से पूर्व उपस्थित खिलाडियों तथा स्कूल के छात्रों के समक्ष जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी ने उनकी संछिप्त जीवनी पर प्रकाश डाला. कबड्डी स्पर्धा के दौरान रोमांचक मुकाबले में दून योद्धा और झारखंड ग्रीन की टीमें आमने-सामने हुईं। खिलाड़ियों के दमखम और फुर्ती ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तालियों और नारों से गूंजते माहौल में अंततः दून योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17-12 से झारखंड ग्रीन को पराजित कर विजय प्राप्त की। मौके पर दून पब्लिक स्कूल के उप निदेशक सुनील कुमार, जिला ओलम्पिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेज़ा इस्तियाक़, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, स्कूल के उप प्राचार्य प्रिय रंजन कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर दिव्यांश सिंह, कोऑर्डिनेटर जया चक्रवर्ती आदि उपस्थित थी. स्पर्धा का तकनिकी सञ्चालन मृदुल बोस द्वारा किया गया जबकि स्कोरर की भूमिका में देबाशीष डे तथा अतनु सरकार थे। समापन में विजेता तथा उप विजेता टीम को उपस्थित अतिथियों द्वारा मैडल तथा ट्रॉफी प्रदान किया गया. इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन कल क्रेडो वर्ल्ड स्कूल में आयोजित होगा।







# अमेरिकी दबावों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अमेरिकी टैरिफ के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून अवधि) में 7.8 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 6.5 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के तहत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को दी गई। एनएसओ के द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, अप्रैल-जून अवधि में देश की रियल जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपए रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 44.42 लाख करोड़ रुपए थी। समीक्षा अवधि में नॉमिनल जीडीपी करंट प्राइस में 86.05 लाख करोड़ रुपए रही है, जो कि वित्त वर्ष 25 की समान अवधि के आंकड़े 79.08 लाख करोड़ रुपए से 8.8 प्रतिशत ज्यादा है। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सर्विसेज सेक्टर की मजबूत वृद्धि दर से रियल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) ग्रोथ 7.6 प्रतिशत पर रही है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कृषि और उससे जुड़े हुए क्षेत्रों की रियल जीवीए ग्रोथ 3.7 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। द्वितीय क्षेत्र की विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रही है। इसमें मैन्युफैक्चरिंग की विकास दर 7.7 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन की विकास दर 7.6 प्रतिशत रही है। तृतीय क्षेत्र, जिसमें सर्विसेज को शामिल किया जाता है, की विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 9.3 प्रतिशत रही है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में नॉमिनल टर्म में 9.7 प्रतिशत बढ़ा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 4 प्रतिशत था।




# सेंसेक्स 270 अंक गिरा निवेशकों को झटका



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में थे। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 270.92 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,809.65 और निफ्टी 74.05 अंक या 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,426.85 पर था। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 320.10 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,727.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 67.35 अंक या 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,227.00 पर था। बाजार के ज्यादातर इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, रियल्टी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट थी। दूसरी तरफ एफएमसीजी, मीडिया, डिफेंस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए।

# 2025 में भारत का निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि इस वर्ष भारत का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहेगा, जो घरेलू उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूती को दर्शाता है। साथ ही सरकार नए अवसरों को खोलने के लिए दुनिया भर के साझेदार देशों से संपर्क कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 'भारत बिल्डकॉन 2026' कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) होने से भारत का नेटवर्क बढ़ रहा है। भारत ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया, यूएई, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टीन, आइसलैंड और यूके के साथ एफटीए किया है और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ इस पर चर्चा चल रही है। इन एग्रीमेंट्स से भारतीय कंपनियों के लिए निर्माण, स्टील और उससे जुड़े सेक्टर में मौके खुल रहे हैं। गोयल ने आगे कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ व्यापार संबंधों का विस्तार करने के इच्छुक हैं।

केंद्रीय मंत्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए हैं। गोयल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।



# भारत और अफ्रिका एक-दूसरे की क्षमताओं पर करें विश्वास : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा को कृषि-प्रधान राज्य बताते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि कृषि को लोगों के लिए एक स्थायी और लाभदायक व्यवसाय बनाना है। नई दिल्ली में 20वें सीआईआई इंडिया-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव में 'खेत से भविष्य तक: भारत का अनुभव साझा करना - हरियाणा की कहानी' विषय पर आयोजित एक सत्र में सैनी ने कहा कि राज्य सरकार खेती से लेकर बाजार में उपज बेचने तक, हर कदम पर किसानों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# अहमदाबाद : अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन ने लॉन्च किया वर्क-स्टडी डिप्लोमा प्रोग्राम

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** अदाणी ग्रुप की कौशल विकास इकाई अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन ने शुक्रवार को वर्क-स्टडी डिप्लोमा प्रोग्राम "कर्म शिक्षा" शुरू किया। इस प्रोग्राम को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के तहत चलाया जाएगा। कर्म शिक्षा को कक्षा 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण छात्रों (सभी स्ट्रीम) के साथ-साथ पूरे भारत के आईटीआई स्नातकों को उद्योग-एकीकृत और नौकरी के लिए तैयार शिक्षा प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।



# राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस 2025: अर्थव्यवस्था में 'एमएसएमई' का अहम योगदान है देश में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आर्थिक सशक्तीकरण में लघु उद्योगों के योगदान को ध्यान में रखते हुए देश में हर वर्ष 30 अगस्त को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस मनाया जाता है। यह एक वार्षिक अवसर है, जिसे 30 अगस्त, 2001 से मनाया जा रहा है। भारत की पहचान एक कृषि प्रधान देश के रूप में होती है और देश की अर्थव्यवस्था में लघु स्तरीय उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस 2025 का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योगों को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना, आर्थिक-कौशल विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देना है।

# जानलेवा हमले के खिलाफ एक्शन में प्रेस क्लब, डीडीसी के माध्यम से डीसी को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** बालूमाथ के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले के बाद प्रेस क्लब लातेहार एक्शन में आ गया है। पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में गंभीर चिंता व्यक्त की। इस मामले को लेकर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार उपायुक्त के नाम डीडीसी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रेस क्लब ने हमले की निंदा करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। वहीं लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने घटना की निंदा की। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिलाया। श्री अहमद ने कहा कि पत्रकार देश के विकास की डोर हैं, ऐसी घटना को जिला प्रशासन कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। वही उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस मामले को लेकर उपायुक्त से बात हुई है दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में लातेहार प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास तिवारी, संरक्षक संजीव गिरी, संजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीष सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनोज मेहता, अंकेक्षक नीरज सिन्हा मीडिया प्रभारी निहित कुमार, संजीत पाण्डेय, रामकुमार, रूपेश अग्रवाल, राहुल पाण्डेय, राहुल कुमार, विवेक सिन्हा, आशीष वैद्य, कमलेश कुमार, संतोष कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अमन सिन्हा, विभुतिनाथ, मो0 शमीम, कौशर अली और रमेश पाण्डेय शामिल थे।

# महुआडांड़ में एसडीएम पर कार्रवाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन बंद का मिला-जुला असर

**महुआडांड़।** प्रखंड में शुक्रवार को हिंदू महासभा के आह्वान पर एसडीएम बिपिन कुमार दुबे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन बंद का प्रखंड में मिला-जुला असर देखा गया। सुबह से ही हिंदू समुदाय से जुड़े सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रखे, जबकि अन्य समुदायों की दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहीं। बस स्टैंड से छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन सामान्य रूप से जारी रहा, जिससे आमजन को परिवहन की कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई। बंद को देखते हुए एसडीएम बिपिन कुमार दुबे के निर्देश पर प्रखंड के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। साथ ही, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक सतर्कता के कारण बंद के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।'द के दौरान हिंदू महासभा की एक दुर्गा बाड़ी परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मनोज जायसवाल ने की। बैठक में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समुदाय के लोग उपस्थित थे। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि शनिवार को भी अनिश्चितकालीन बंद जारी रहेगा और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। मामले को लेकर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य हरिकृष्ण सिंह भी महुआडांड़ पहुंचे और दुर्गा बाड़ी में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसडीओ विशेष समुदाय के लोगों को संरक्षण दे रहे हैं, जो प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने एसडीओ को कांग्रेस एजेंट के रूप में कार्य नहीं करने की नसीहत दी साथ ही कहा कि हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल और उनके प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक के दौरान अभद्र व्यवहार किया, जो निंदनीय है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच के बाद एसडीओ पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस क्रम में मायापुर पंचायत के मुखिया सुभाष सिंह ने भी हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल से मुलाकात कर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

## खेलकूद हमारे जीवन की अभिन्न अंगः कंचन

**लातेहार।** मेरा युवा भारत, लातेहार के तत्वावधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर लेधपा ग्राम के खेल मैदान में में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेधपा के प्राचार्य एड्ना युनुस, ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, शिक्षक प्रभु दयाल सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के विभिन्न युवा मंडल के सदस्यों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेधपा के छात्र एवं छात्रा दोनों के लिए दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है, सभी को प्रतिदिन कुछ समय खेल के मैदान में गुजारना चाहिए. फुटबॉल प्रतियोगिता में नीलाबर पीताम्बर युवा क्लब लेधपा की टीम विजयी हुई। सेमरटांड की टीम ने द्वित्तीय स्थान प्राप्त किया. 100 मीटर दौड़ (महिला) में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः सोनम कुमारी, कुश्मिला कुमारी एवं आरती कुमरी ने प्राप्त किया।

### अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ की सख्ती

# फरार अपराधियों की गिरफ्तारी का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ सह आईपीएस अधिकारी मो. एस. याकूब की अध्यक्षता में अपराध को लेकर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने तथा पुलिस-प्रशासनिक कार्यों को चुस्त-दुरुस्त बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में न्यायालय द्वारा जारी वारंटों का स-समय पर अनुपालन, महिला उत्पीड़न और पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित कार्रवाई, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, तथा अनुसंधान और केस डायरी को समय पर पूरा करने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। एसडीपीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और चार्जशीट समय पर न्यायालय में दाखिल करें। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान को बारीकी और गंभीरता से करने की आवश्यकता है। ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सकें और अपराधियों को सख्त सजा दिलाई जा सके। बैठक में पेंडिंग केस के सिलसिले में अनुसंधान में तेजी लाने पर बल दिया गया। इसके अलावा एसडीपीओ ने वाहन जांच अभियान को लगातार जारी रखने और जांच के दौरान आम लोगों से शिष्ट एवं समुचित व्यवहार करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए पुलिस कर्मियों को संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने, अपराध नियंत्रण और जनता के बीच विश्वास कायम करने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने साफ कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराधियों पर कार्रवाई करना ही नहीं बल्कि जनता के साथ सहयोगात्मक रिश्ता कायम करना भी है।

# धूमधाम से किया गया गणेश जी महाराज का विसर्जन



**चंदवा।** थाना टोली स्थित लक्ष्मी निवास पतंजलि केंद्र परिसर में धूमधाम से गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार की सुबह हवन आरती की गई। दोपहर बाद श्री गणेश जी महाराज को विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया। दोपहर बाद महाआरती के पश्चात गाजे बाजे के साथ देवनद तट पर गणपति बप्पा मोरया समेत कई जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने प्रतिमा विसर्जित की। मौके पर हरिनंदन दुबे,राजेशचंद्र पाण्डेय,शशिकांत मिश्र,मनोज दुबे,प्रमोद दुबे,बबलू दुबे,गौतम दुबे,पंकज दुबे,अनिकेत मिश्रा,वीरा दुबे,ओमकार दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

# बस स्टेंड के गड्ढों में भरा गया डस्ट अब उड़ती धूल से लोग बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टेण्ड मे मुख्य मार्ग की गड्ढे मे भरे गए डस्ट की उड़ते धूल से चौक चौराहे की दुकानदार बेहाल हैं। मिडिया के समक्ष जानकारी देते हुए राकेश प्रसाद, मुकेश कुमार, अमन कुमार बिक्की, मनीष कुमार, निकसन, रीगन कुमार, मनोज प्रसाद,ईश्वरी प्रसाद, ललन कुमार, सत्येंद्र साव, राजेश साव, योगेंद्र पासवान सहित कई ग्रामीणों ने बताया की बारियातू बस स्टेण्ड के मुख्य मार्ग पर गड्ढे बन गया था। गड्ढा भरने के लिए डस्ट डाला गया। प्रतिदिन सैंकड़ो वाहन आते जाते रहता है। डाले गए डस्ट की उड़ते धूल से चौक चौराहे मे आने जाने वाले सहित आसपास के दुकानदार बेहाल रहते हैं। धूल इतना अधिक उड़ता है की फल दुकान, कपड़ा दुकान, चोमिंग दुकान, छोटे बड़े सभी होटल मे धूल की परत बैठ जाता है जिससे रहना मुश्किल हो गया है। प्रखंड के सभी नौ पंचायत के 56 गांव के लोग अपने अपने कार्य के लिए बारियातू प्रखंड मुख्यालय आते जाते रहते हैं। चौक चौराहे के होटल मे नास्ता खाना व अन्य सामग्री खरीदना भी दुर्लभ हो गया है। जिससे चौक के लोगों को भारी आर्थिक क्षति भी हो रही है। सुदूरवर्ती गांव के दूर दूर से आए यात्री बस बैठने के लिए यात्रियों को भी धूल फंकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा की इसपर यदि प्रखंड प्रशासन पहल नहीं करती है तो लोग परेशान रहेंगे। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से धूल से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

## सीसीएल राजहरा क्षेत्र के चार पहिया वाहन चालकों ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

**चंदवा।** जनता मजदूर संघ के बैनर तले सीसीएल राजहरा क्षेत्र के अधीन कार्य करने वाले छोटे वाहन चालकों ने शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी किया। विरोध जताते हुए संघ के लोगों ने कहा कि हमारी मांगों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसी क्रम में आंदोलनरत एक चालक को बिना कारण वाहन मालिक ने हटा दिया। संघ ने प्रबंधन से मांग की है कि चालक को पुनः काम पर रखा जाय। मांगे पुरी नहीं होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। जनता मजदूर संघ के ज़ोनल सचिव प्रताप यादव के निर्देश से यह आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में मिथुन कुमार,राहुल कुमार,विकाश कुमार,मो गुफरान,भगवती कुमार, अजय कुमार,मुकेश कुमार,संतोष कुमार,सिद्धार्थ कुमार,आनंद चौहान,नीतीश,विवेक, विष्णु,श्राजुल,धर्मवीर,पप्पू, सहदेव,बाबूलाल,वीरेंद्र,रामनाथ समेत कई लोग शामिल है।

# समाजसेवी भगवती सिंह का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के चनकार कस्तूरी गांव निवासी सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि समाजसेवी भगवती सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की शाम चार बजे कररबार नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इसकी जानकारी उनके पुत्र पारा शिक्षक सुदामा सिंह ने दी। शोक व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि भगवती सिंह हमेशा सामाजिक सरोकार से जुड़े रहे और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे हाथ बढ़ाते थे। उनके अंदर सामाजिक समरसता कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने अपने जीवन में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक जताने वालों में कर्नल संजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटु सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, नरेश पासवान, बद्रीनारायण सिंह, मनोज सिंह, विनय सिंह, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सत्यदेव सिंह, रामजी सिंह, बैजनाथ सिंह, बिरू सिंह, कृष्णा सिंह, दिनेश सिंह, सूर्यदेव सिंह, सुमन कुमार, सुशील कुमार ,अभय कुमार सिंह उर्फ टूना सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय खेल दिवस पारंपरिक खेलकूद दिवस के रूप में मनाया गया



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पारंपरिक खेलकूद दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी जिला पर्यावरण संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल धीरेंद्र शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव नरेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। यह विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं संघर्षशीलता का विकास करता है। लातेहार जिला स्टेडियम परिसर में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों में बोरा दौड़, मेंढक दौड़, स्पून एंड मार्बल रेस, कबड्डी, सुई धागा इत्यादि प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। अलग-अलग कक्षाओं के अनुसार वर्गसह प्रतियोगिताएँ कराई गईं। मेंढक दौड़ शिशु वर्ग में रूपेश सिंह आयुष प्रजापति एवं प्रिंस गुप्ता प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे, कबड्डी बाल वर्ग प्रतियोगिता में वर्षा रानी प्रथम आराध्या द्वितीय एवं सोनाक्षी तृतीय स्थान पर रहे, बोरा दौड़ प्रतियोगिता में किशोर वर्ग से अर्पणा कुमारी पल्लवी कुमारी एवं कोमल कुमारी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही सुई धागा किशोर वर्ग प्रतियोगिता में नीति गुप्ता प्रथम स्थान पर निधि कुमारी द्वितीय स्थान पर एवं रागिनी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिशु वाटिका से अरुण के भैया बहनों ने जलेबी दौड़, उदय में बिस्किट दौड़, तथा प्रभात में चम्मच और कांचा दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया,जिसमें सिद्धि कुमारी अमित राज सिंह और गरिमा भारती प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं विद्यालय के आचार्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया खेल प्रतिभा का दम

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय एवं वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार, शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100,200,400 मीटर दौड़,लंबी कूद गणित दौड़, कुर्सी दौड़,चम्मच दौड़,कबड्डी जैसे रोचक खेलों का भी समावेश किया गया।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने बताया कि प्रतिवर्ष 29 अगस्त को महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जीवन और खेल के प्रति उनके रुझान पर अपना विचार व्यक्त किया और बच्चों में खेल के प्रति विशेष भावना जागृत किया।विद्यार्थियों के जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन और संगठन शक्ति का विकास होता है। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

## दुर्गा मंडल हरैया कामता कमिटी गठित,अध्यक्ष बने मृत्युंजय सिंह

**चंदवा।** दुर्गा मंडल हरैया की बैठक गुरुवार की शाम पूजा स्थल पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संतोष जायसवाल ने की। सर्वसम्मति से दुर्गा मंडल हरैया-कामता कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार,उपाध्यक्ष डॉ मनीष कुमार, सुबोध कुमार जायसवाल, राजेश साहू, जमुना जायसवाल, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, सचिव अजय जायसवाल, उपसचिव रमेश जायसवाल व राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष बिहारी सिंह व अमरेश कुमार चौधरी, संरक्षक सत्यवान सिंह, संतोष सिंह, लाल सदानंद नाथ शाहदेव, लाल प्रदीप नाथ शाहदेव, प्रमोद जायसवाल,राजकिशोर कुमार,भोला खान,छोटू रजक समेत अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

# मोहम्मदगंज व रामबांध पैक्स से किसानों में हुई उर्वरक की बिक्री

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय राजस्व भवन में स्थापित पैक्स से शुक्रवार को मोहम्मदगंज और कादलकुर्मी पंचायत के किसानों में सहकारिता विभाग से आवंटित उर्वरक इफको यूरिया की बिक्री हुई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस पैक्स के अध्यक्ष ध्रुवशंकर सिंह ने इस मौके पर मौजूद किसानों को निर्धारित मात्रा व मापदंड के अनुसार उर्वरक की बिक्री की। उन्होंने मोहम्मदगंज और कादलकुर्मी के किसानों के बीच 70-70 बैग उर्वरक की बिक्री कर दी है। उन्होंने बताया कि भजनियां पैक्स से शनिवार को उर्वरक की बिक्री होगी। जबकि रामबांध पैक्स से भी उर्वरक की बिक्री कर दी गई। वहीं, कोल्हुआ-सोनबरसा पैक्स के लिए अभी इसका उठाव नहीं किया जा सका है। वहां भी जल्द ही उर्वरक का उठाव कर किसानों में इसकी बिक्री किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि सीमित मात्रा में उर्वरक आवंटित करने से किसानों की जरूरत पूरी नहीं हो सकी है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह और समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने सरकार से किसानों की जरूरत को देखते हुए और अधिक मात्रा में सभी पैक्स को उर्वरक आवंटित करने की मांग की है। बताया जाता है कि इस प्रखंड के चारों पैक्स को 140-140 बैग ही उर्वरक आवंटित किए गए हैं। इससे किसानों की जरूरत पूरी नहीं हो सकी है।

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित

- हैदरनगर के राजकीय +2 विद्यालय में कबड्डी और लॉन्ग जंप प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** माई भारत, पलामू इकाई ने मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हुए हैदरनगर प्रखंड के राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य दशरथ राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र और छात्राओं के लिए कबड्डी और लॉन्ग जंप प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य दशरथ राम ने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने से विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है, इसलिए विद्यार्थियों को रोजाना कुछ समय खेल के लिए निकालना चाहिए।

कबड्डी प्रतियोगिता में दसवीं खंड-अ (छात्र) और दसवीं खंड- ब (छात्रा) की टीम विजेता रही। लॉन्ग जंप में छात्र वर्ग में अजीत कुमार ने प्रथम, श्रेष्ठ सिंह ने द्वितीय और अक्षय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा वर्ग में दिव्या कुमारी, कोमल कुमारी और रीता कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

विजेता प्रतिभागियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# उप विकास आयुक्त ने जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन, दिए कई दिशा निर्देश



**लातेहार।** लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, आवास, रोजगार से संबंधी जुड़े आवेदन आये। उप विकास आयुक्त ने जन शिकायत निवारण में उपस्थित लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## पेज एक के शेष

### खिलाड़ियों की सीधी...

कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खेल महोत्सव में फुटबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, तैराकी और अन्य खेलों के सैकड़ों खिलाड़ी सम्मिलित हुए। राज्यभर से आए खिलाड़ियों और कोचों ने इस विशेष दिन पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। आज महोत्सव में शामिल एक खिलाड़ी ने कहा, आज हमें जो सम्मान मिला है, उससे प्रेरणा मिली है कि मेहनत कर हम भी राज्य और देश का नाम रोशन करें। उम्मीद है कि भविष्य में सुविधाओं और प्रशिक्षण के अवसरों में और बढ़ोतरी होगी। वहीं, खेल विभाग ने संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में और भी योजनाएं लागू की जाएंगी। इससे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, आधारभूत ढांचा और रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### दुमका की मयूराक्षी...

परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच, हरिपुर गांव के कुछ लोगों ने नदी किनारे कपड़े और मोबाइल देखे और अनहोनी की आशंका में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की। शुक्रवार की सुबह कृष्ण सिंह का शव बरामद किया गया, जबकि तीनों छात्रों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। नदी में डूबे छात्रों के परिजनों के साथ बड़ी संख्या में लोग नदी के किनारे मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण मयूराक्षी नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है और लगभग 20 फीट तक पानी होने से सर्च ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि गोताखोरों की और टीम बुलाई गई है और जल्द ही छात्रों की तलाश के लिए उन्हें नदी में उतारा जाएगा। जिस जगह यह घटना हुई है, उसे लोग 'मिनी गोवा' कहते हैं। बताया जाता है कि इस स्थान पर वर्ष 2016 में भी स्नान करने गए छह छात्र डूब गए थे। झारखंड में इस वर्ष मानसून के दौरान नदियों, तालाबों, डैमों और जलाशयों में डूबने से 40 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इनमें से ज्यादातर छात्र-युवा थे।

### झारखंड के पूर्व...

सीबीआई की जांच में सामने आया था कि मार्च 2006 से मई 2008 के बीच एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का के नाम पर विभिन्न इलाकों में जमीन खरीदी गई। इसमें हिनू में 22 कट्ठा, ओरमांझी में 12 एकड़, नेवरी में 4 एकड़ और चुटिया के सिरम टोली मौजा में 9 डिसमिल भूमि शामिल है। ज्ञात हो कि छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट, 1908 ब्रिटिश शासन के दौरान लागू हुआ था। इसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय की जमीन की सुरक्षा करना है। इस कानून के तहत आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को बेचना, गिरवी रखना या स्थानांतरित करना प्रतिबंधित है।

### साझेदारी का नया...

पीएम मोदी ने कहा, मजबूत लोकतंत्र, बेहतर विश्व व्यवस्था गढ़ने के लिए स्वाभाविक साझेदार हैं। प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि दोनों देशों ने आज अपनी साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है और आने वाले दशक के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है। इस साझा दृष्टिकोण में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी सहयोग, स्वास्थ्य सेवाएं, गतिशीलता, जन-से-जन संपर्क और राज्यों व जापानी प्रीफेक्चर्स के बीच साझेदारी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा, भारत ने अगले दस वर्षों में जापान से 10 ट्रिलियन येन निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह कदम दोनों देशों की प्रतिबद्धता और विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने बताया कि सतत विकास की दिशा में भारत और जापान एक सस्टेनेबल फ्यूल्स इनिशिएटिव और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप की शुरुआत करने जा रहे हैं। इसके अलावा, दोनों देशों ने इकोनॉमिक सिक्योरिटी कोऑपरेशन इनिशिएटिव लांच करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत महत्वपूर्ण और रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी का क्षेत्र दोनों देशों की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। इस दिशा में डिजिटल पार्टनरशिप 2.0 और एआई कोऑपरेशन इनिशिएटिव पर काम शुरू होगा। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर्स और रेयर अर्थ मिनरल्स भी साझा एजेंडे में सबसे ऊपर रखे गए हैं।

**विश्व शांति की राह सुदृढ़ करेगी भारत-जापान साझेदारी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन पहलों से भारत-जापान संबंध न केवल आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से मजबूत होंगे, बल्कि वैश्विक मंच पर भी नई दिशा प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी विश्व शांति, स्थिरता और विकास की राह को और सुदृढ़ करेगी।

### पीएम मोदी का एक्शन प्लान

# सेमीकंडक्टर-एआई सहयोग से भारत जापान बनाएंगे मजबूत तकनीकी भविष्य

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर टोक्यो पहुंचे, जो लगभग सात वर्षों में उनकी पहली जापान यात्रा है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करना और क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शिखर वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापान के तोक्यो पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री भारत-जापान साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शाम को व्यापक चर्चा करेंगे।'' अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी जापान यात्रा दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक अवसर प्रदान करेगी। मोदी 29-30 अगस्त को जापान यात्रा के दौरान जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ वार्षिक शिखर वार्ता करेंगे।

प्रधानमंत्री ने जापान यात्रा पर कहा, ''हम अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के अगले चरण को आकार देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दोनों देशों के बीच साझेदारी ने पिछले 11 वर्षों में लगातार और महत्वपूर्ण प्रगति की है।'' उन्होंने कहा, ''हम अपने सहयोग को नयी उड़ान देने, आर्थिक व निवेश संबंधों के दायरे एवं महत्वाकांक्षाओं का विस्तार करने, कृत्रिम मेधा (एआई) व सेमीकंडक्टर सहित नयी



और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, जापान में भारतीय दूत सिबी जॉर्ज ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच चर्चा समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर से आगे बढ़ेगी। दोनों नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चल रहे व्यापार युद्ध के बीच मौजूदा भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। जॉर्ज ने कहा, "इसलिए, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण नेता, भारत और जापान, मिलेंगे, खासकर इस भू-राजनीतिक स्थिति में, तो वे भू-राजनीतिक मुद्दों के संपूर्ण आयाम पर चर्चा करेंगे।

### सात वर्षों बाद जापान यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर टोक्यो पहुंचे। यह लगभग सात वर्षों में उनकी पहली जापान यात्रा है।

1. **भारत-जापान शिखर वार्ता :** पीएम मोदी जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी पर चर्चा होगी।
2. **विशेष रणनीतिक साझेदारी पर फोकस :** मोदी ने कहा, दोनों देशों के बीच "विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी" के अगले चरण को आकार देने पर ध्यान दिया जाएगा।
3. **एआई और सेमीकंडक्टर सहयोग :** दोनों नेता कृत्रिम मेधा , सेमीकंडक्टर और उभरती प्रौद्योगिकियों में साझेदारी को नई उड़ान देंगे।
4. **आर्थिक और निवेश संबंधों पर जोर :** नई दिल्ली और टोक्यो व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग के नए रास्ते तलाशेंगे।
5. **एमओयू पर हस्ताक्षर से आगे चर्चा :** भारतीय दूत सिबी जॉर्ज ने कहा, बातचीत समझौता ज्ञापनों (से आगे बढ़कर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर केंद्रित होगी।
6. **भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध और मौजूदा तनावों के बीच भारत-जापान क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विमर्श करेंगे।

### मोदी चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

अपनी जापान यात्रा के बाद, मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन की यात्रा करेंगे। शिखर सम्मेलन से इतर, उनके चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत एससीओ का एक सक्रिय और रचनात्मक सदस्य है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, हमने नवाचार, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में नए विचार प्रस्तुत किए हैं और सहयोग की पहल की है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग, राष्ट्रपति पुतिन और अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। उन्होंने चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्रीय सहयोग को गहरा करने के लिए एससीओ सदस्यों के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि जापान और चीन की मेरी यात्राएँ हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएंगी।

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्रिस वुड ने कहा-

# ट्रंप के टैरिफ से चीन के करीब जा रहा भारत, यह अमेरिका के भी हित में नहीं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका भारत का दूसरा बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और इस टैरिफ़ के पहले ट्रेड भारत के पक्ष में रहा है। अमेरिका के साथ ट्रेड में भारत सरप्लस की स्थिति में है। लेकिन नरेन्द्र मोदी के अति प्रिय रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामान पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25% जुर्माना भी शामिल है। जेफरीज के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्रिस वुड का कहना है कि इससे इंडियन अर्थव्यवस्था को लगभग 55-60 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। वुड जेफरीज में इक्विटी स्ट्रेटेजी के ग्लोबल हेड हैं। उन्होंने अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट "ग्रीड एंड फीयर" में यह दावा किया है। । उनका कहना है कि सबसे ज्यादा असर टेक्सटाइल, जूते, गहने व जेम्स एंड जूलरी जैसे क्षेत्रों पर पड़ेगा। ये ऐसे सेक्टर हैं जिनमें बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलता है। वुड का मानना है कि ट्रंप ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि वह भारत व पाकिस्तानी के बीच मई में हुए चार दिनों के सैन्य संघर्ष को सुलझाने में भूमिका नहीं



निभा पाए। भारत पर यह भारी टैक्स ऐसे समय में लगाया गया है जब दोनों देश एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब थे।उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी भारतीय सरकार कृषि को आयात के लिए नहीं खोलेगी।

इसकी वजह यह है कि भारत में किसान परिवार आबादी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। लगभग 25 करोड़ किसान और उनसे जुड़े मजदूर खेती से अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, और भारत के लोगों के लिए भी अन्न पैदा करते हैं।यही नहीं यह सेक्टर भारत की लगभग 40% आबादी को रोजगार देता है।ऐसे में यदि भारत सरकार ने किसानों के हित विरोधी कुछ भी कड़ा कदम उठाया तो वे सब ठप्प करने वाला आंदोलन कर सकते हैं। मोदी सरकार ने एक बार कृषि को बाजार के हवाले वाली नीति बनाई तो किसान विरोध में एक साल तक दिल्ली में धरने पर बैठे रहे। कहा जाता है कि उसमें लगभग 700 किसान मरे थे। साल भर अड़े रहने के बाद पीएम को अंत में माफी मांग कर उस कानून को वापस लेना पड़ा था। ट्रंप ने अब तक भारत के सर्विस सेक्टर पर ध्यान नहीं दिया है। और जहां तक आर्थिक स्थिति का सवाल है तो इस सेक्टर से भारत को सालाना 150 अरब डॉलर की कमाई होती है। इसमें आईटी सेवाओं का बड़ा योगदान है।इसके अलावा अमेरिका की कई कंपनियों ने भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनाए हैं, जिनसे 60 अरब डॉलर की कमाई होती है। वुड ने कहा कि जब ट्रंप बिजनेस की बात करते हैं, तो वह लगभग पूरी तरह से गुड्स के बिजनेस पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस टैरिफ विवाद से भारत चीन के करीब भी जा सकता है। वुड ने कहा कि भारत को चीन के सस्ते सामान की जरूरत है। इसलिए यह अमेरिका के हित में नहीं है क्योंकि इससे भारत चीन के करीब जा रहा है।



### आरबीआई के गवर्नर पद से इस्तीफा देकर चले गए थे पटेल

# ट्रंप के टैरिफ टेरर के चलते उर्जित बनाए गए आईएमएफ में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर!

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केन्या में पैदा हुए ,पहले ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से इकोनॉमिक्स में बीएससी फिर अमेरिका में हार्वर्ड, येल जैसे विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा पाकर वहीं बड़े संस्थानों में अर्थशास्त्री बने , आगे बढ़े उर्जित पटेल को मोदी सरकार ने आर.बी.आई का गवर्नर बनाया था। लेकिन कुछ नीतिगत मतभेद के कारण सरकार के दबाव में नहीं आकर आर.बी.आई के गवर्नर पद से इस्तीफा देकर चले गये , अब उसी, हार्वर्ड में पढ़े गुजराती पटेल मूल के अर्थशास्त्री उर्जित पटेल को मोदी सरकार ने भारत की तरफ से इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाया है। संभवतया ट्रंप के टैरिफ टेरर के चलते बदले हालात में संभवतया अमेरिकी सरकार में व वहाँ के अर्थशास्त्रियों में उनके अच्छी पहुँच होने के चलते। वैसे तो उर्जित पटेल ने इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में अपने कैरियर के शुरूआत में नौकरी की थी। अभी उनको तीन साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि पटेल ने 5 सितंबर, 2016 को भारत के रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर का पद संभाला था। उन्होंने रघुराम राजन के पद छोड़ने के बाद जगह ली थी। कहा जाता है कि इन्होंने भी बैंकों को कई हज़ार करोड़ रूपये लोन दिये को राइट ऑफ करने और आर.बी.आई से और रक़म बैंकों को देने जैसे संवेदनशील मुद्दे का विरोध किया । जब इनकी नहीं सुनी गई तो दिसंबर, 2018 में व्यक्तिगत कारण का संकेत देते हुए से आर.बी.आई के गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। मालूम हो कि उर्जित पटेल को जनवरी 2022 में उन्हें एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक का वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया था। पटेल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ भी काम कर चुके हैं। गुजराती मूल के उर्जित पटेल का जन्म 28 अक्टूबर 1963 को केन्या में हुआ था। स्कूली शिक्षा भी केन्या में ही हुई। उनका पैतृक गांव गुजरात के खेड़ा जिले में है। पटेल ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से इकोनॉमिक्स में बीएससी करने के बाद ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से एम फिल व येल यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। 1990 से 1992 के दौरान उन्होंने आईएमएफ में अर्थशास्त्री के रूप में अमेरिका, म्यांमार, भारत व बहामास के डेस्क के लिए काम किया था। उनकी अमेरिकी अर्थशास्त्री लाबी में अच्छी पैठ है।इनको भी अमेरिका के टाप 100 अर्थशास्त्रियों में से एक माना जाता है।

## इजरायली हमले में हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहवी की मौत : रिपोर्ट

**सना।** यमन में ईरान समर्थित हूती समूह के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहवी की इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई। यमनी मीडिया आउटलेट्स अल-जुम्हूरिया और अदन अल-घद ने दावा किया है कि अहमद अल-रहवी शुक्रवार को सना में एक अपार्टमेंट पर हुए इजरायली हमले में मारे गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भी बताया गया है कि अहमद अल-रहवी के कई सहयोगी भी इस हमले में मारे गए। हालांकि, इजरायल ने इन खबरों की अभी तक पुष्टि नहीं की है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को पुष्टि की है कि उनकी वायु सेना ने सना, यमन के पास एक हूती सैन्य लक्ष्य पर सटीक हमला किया। इससे पहले दिन में दो ड्रोन को रोका गया था। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के कार्यालय के अनुसार, यह मिशन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर और अन्य शीर्ष कमांडरों के साथ रेड लाइन संचार प्रणाली के माध्यम से समन्वय में स्वीकृत किया गया था।

# विकलांग हुए कैडेट्स को भी रक्षा मंत्रालय देगा ईसीएचएस की मेडिकल सुविधाएं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता वाले कैडेट्स के दर्दनाक हालात के बारे में द इंडियन एक्सप्रेस ने विस्तृत खबर छापी थी। जिसको सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया था और केंद्र सरकार व सशस्त्र बलों को नोटिस देकर जवाब देने के लिए कहा था। । इसके बाद अब रक्षा मंत्रालय ने आदेश दिया है कि सेना के ऐसे ऑफिसर कैडेट्स जिन्हें मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता की वजह से बाहर कर दिया जाता है, उन्हें भी अब एक्स सर्विसमेन कान्ट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम(ईसीएचएस) के तहत मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी। अभी तक उन्हें यह सुविधा नहीं मिलती थी क्योंकि उनके पास एक्स सर्विसमैन का दर्जा नहीं था। रक्षा मंत्रालय के इस आदेश के बाद ऐसे सभी ऑफिसर कैडेट्स सेना के अस्पतालों, ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक और इसके पैनल में शामिल अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा सकेंगे। इस बारे में 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने विस्तृत खबर प्रकाशित



**सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद मंत्रालय ने लिया निर्णय**

**मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता का मामला**

की थी और ऐसे ऑफिसर कैडेट्स की परेशानी को सामने रखा था जिन्हें देश के शीर्ष मिलिट्री ट्रेनिंग संस्थाओं से मेडिकल ग्राउंड के आधार पर बाहर कर दिया गया था। ऐसे सभी कैडेट्स विकलांगता से जूझ रहे हैं और उन्हें पूरी सुविधाएं भी नहीं मिलतीं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में नोटिस देकर जब केन्द्र केंद्र सरकार व सशस्त्र बलों से निर्धारित समय में इस पर जवाब देने के लिए कहा , इसके बाद रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एक्स सर्विसमेन वेलफेयर विभाग ने आदेश में कहा है कि मेडिकल वजह से जिन ऑफिसर कैडेट्स को ट्रेनिंग से बाहर कर दिया जाता है उन्हें अब ईसीएचएस के तहत मेडिकल सुविधाएं दी जाएंगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि ईसीएचएस की सुविधा उनके लिए पूरी तरह मुफ्त होगी। मतलब यह कि सेना के पूर्व जवानों यानी एक्स सर्विसमैन को इस सेवा के लिए जो 1.20 लाख रुपये की फीस देनी पड़ती थी, वह इन ऑफिसर कैडेट्स को नहीं देना होगा। यह आदेश तीनों सेनाओं के प्रमुखों व चीफ ऑफ डिफ़ेंस स्टाफ को भेजा गया है।अभी सभी एक्स सर्विसमैन को ईसीएचएस योजना के तहत फायदे मिलते हैं लेकिन ऐसे कैडेट्स जो ट्रेनिंग के दौरान विकलांग हुए थे, उन्हें एक्स सर्विसमैन का दर्जा नहीं मिला था, इसलिए उन्हें ईसीएचएस योजना का फायदा नहीं मिलता था।ऑफिसर कैडेट्स लंबे समय से केंद्र सरकार से विकलांगता पेंशन और एक्स सर्विसमैन का दर्जा देने की मांग कर रहे थे क्योंकि इसके बिना उन्हें ईसीएचएस से होने वाले फायदा नहीं मिल सकता था।

## अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी राजदूत तलब हमलों पर आपत्ति जताई

**काबुल ।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा नंगरहार और खोस्त प्रांतों में किए गए कथित हवाई हमलों को लेकर काबुल स्थित पाकिस्तान के राजदूत को तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान अधिकारियों ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है, जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। गुरुवार को भेजे गए विरोध पत्र में अफगान विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान की कार्रवाई को अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन और ड्यूरंड रेखा के पास नागरिक इलाकों में बमबारी को "अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का खुला उल्लंघन और उकसाने वाला कदम" करार दिया।

### भारत-कनाडा में भी हो गई दोस्ती

# कार्नी ने छोड़ी ट्रूडो की राह, रिश्तों में नई शुरुआत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने कनाडा के लिए एक नए राजदूत की नियुक्ति की। यह नियुक्ति राजनयिक तनाव के बीच ओटावा में तैनात अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ राजनयिकों को वापस बुलाने के लगभग नौ महीने बाद की गई है। विदेश मंत्रालय ने दिनेश के पटनायक को कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया है। स्पेन में भारतीय एंबेसेडर दिनेश के. पटनायक को ओटावा भेजा गया है। दोनों देशों के संबंधों में बीते दिनों असहजता के बाद इसे संबंधों में बेहतरी की एक नई शुरुआत माना जा



रहा है। इससे पहले बीते साल अक्टूबर महीने में उच्चायुक्त संजय वर्मा समेत पांच राजनयिकों को भारत वापस बुलाया था। वहीं भारत ने कनाडा के भी छह डिप्लोमैट को निष्कासित किया था।

### कार्नी के आने के बाद सुधरे रिश्ते

दोनों देशों के बीच बर्फ पिघलने का काम इस साल 25 मई से शुरू हुआ, जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद से फोन पर बात की थी। उस दौरान आनंद ने कहा था कि मार्क कार्नी की सरकार भारत के साथ साझेदारी कायम करने को लेकर इच्छुक है।

विवाद साल 2023 में अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद शुरू हुआ, जिसे लेकर दोनों देशों के बीच एक साल तक डिप्लोमैटिक तनातनी और असहजता दिखी।

# "चलऽ धान रोपे" से होगी असली सुर-ताल की वापसी

*शाहदेव पहले भी लोहरदगा, फुलमनिया, नाच बैजू नाच, मेरे नैना तेरे नैना और कोख जैसी चर्चित फिल्में बना चुके हैं*

आज के यूट्यूब युग में जहां कोई भी नौसिखिया खुद को म्यूज़िक डायरेक्टर बताकर सुर-ताल से अनजान गायकों के साथ केवल अश्लीलता परोसकर चैनल चला रहा है, वहीं भोजपुरी और नागपुरी संगीत की असली पहचान खतरे में पड़ती जा रही है। कमजोर दर्शकों की वजह से कई बार ऐसे चैनल चल भी जाते हैं, पर इसका सीधा नुकसान हमारी सांस्कृतिक धरोहर और संगीत की गरिमा को होता है। भोजपुरी और नागपुरी संगीत वास्तव में हमारी परंपरा, संस्कृति और परिवेश की झलक पेश करता है और इसे बचाना उन कलाकारों की जिम्मेदारी है जो संगीत को समझते और जीते हैं।

इसी सोच के साथ फिल्म निर्माता लाल विजय शाहदेव ने एक नई पहल की है। मुंबई में सक्रिय शाहदेव पहले भी "लोहरदगा" (हिंदी), "फुलमनिया" (हिंदी-नागपुरी), तथा भोजपुरी




फिल्में "नाच बैजू नाच", "मेरे नैना तेरे नैना" और "कोख" जैसी चर्चित फिल्में बना चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कई सामाजिक मुद्दों पर टीवी सीरियल्स का भी निर्माण किया है जिन्हें दर्शकों ने सराहा है। उनकी शॉर्ट फिल्म "द साइलेंट स्टैच्यू" आज भी कान्स फिल्म फेस्टिवल में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में शामिल है और अपनी गहरी छाप के लिए जानी जाती है। अब भोजपुरी और नागपुरी संगीत के गिरते स्तर को लेकर चिंतित शाहदेव ने अपने यूट्यूब चैनल "आकृति सिनेमास" पर एक नई मुहिम शुरू की है। इस पहल के तहत वे नियमित रूप से उच्चस्तरीय म्यूज़िक एलबम्स लेकर आएंगे। इसकी शुरुआत 30 अगस्त (शनिवार) सुबह 6:30 बजे झारखंड की संस्कृति और भोजपुरी-नागपुरी संगीत के संगम गीत "चलऽ धान रोपे" के साथ होगी।

निर्माता लाल विजय शाहदेव का कहना है कि भोजपुरी और नागपुरी संगीत को बचाना हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि इसमें हमारी मिट्टी की खुशबू और संस्कृति की पहचान है। मैं इस मुहिम पर गर्व महसूस करता हूं और चाहता हूं कि दर्शक असली संगीत का आनंद जरूर लें।

